


# शुभ लाभ

खबरें जो सोच बदल दे

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-7 | अंक-290

### बेटे-बेटियों, भाई-भतीजों, साले-बहनोई, बहू-दामाद का है लोकतंत्र

## वंशवाद के कारण सड़ गई भारतीय राजनीति

**भारतीय लोकतंत्र** का मौजूदा विपक्ष सम्पूर्ण रूप से परिवारवाद और वंशवाद का विपक्ष है। वंशवादी राजनीति का विरोध करने वाला सत्ता पक्ष (प्रमुख रूप से भाजपा) भी अब वंशवाद के सामने आत्मसमर्पण की मुद्रा में आ गई है। वंशवाद की राजनीति पर भाजपा का प्रहार धारदार नहीं रह गया है। बिहार विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में भारतीय राजनीति का वंशवाद एक बार फिर प्रासंगिक सवाल बन कर उभरा है। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एक पूर्व मुख्यमंत्री के

**सांसद, विधायक एमएलसी और राज्यपाल तक हैं वंशवाद के उत्पाद**

बेटे से है। सत्ताधारी दल का उभरता युवा नेता एक पूर्व केंद्रीय मंत्री का बेटा है, जबकि मौजूदा उपमुख्यमंत्री भी एक पूर्व मंत्री के बेटे हैं। यही सिलसिला पूरे देश में चलता रहता है। भारतीय लोकतंत्र का जमीनी यथार्थ यही है कि विधायकों, सांसदों, मंत्रियों और पार्टी प्रमुखों के बेटे-बेटियां, सभी पार्टी में शामिल हो रहे हैं, फिर लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषदों का टिकट पा रहे हैं। भारतीय राजनीति को परिवारवाद ने प्रदूषित करते रख दिया है।




केंद्र की सत्ता में भारतीय जनता पार्टी अपने तीसरे कार्यकाल में है। राज्यों में भाजपा के लगातार बढ़ते प्रभाव के साथ अब 2,078 विधायक भाजपा के हैं। इन 2,078 भाजपा विधायकों में 18.62 प्रतिशत विधायक वंशवाद की उपज हैं। कांग्रेस का हिस्सा तो दोगुना है। लोकसभा में कांग्रेस सांसदों की संख्या घटकर 99 रह गई है। देश के केवल तीन राज्यों में कांग्रेस की सत्ता है, जहां इसके 857 विधायक हैं। इनमें से 33.25 प्रतिशत लोग वंशवाद की पैदाइश हैं। वंशवाद की यह प्रवृत्ति संसद में तीन गांधी परिवार के शीर्ष से शुरू होती है। क्षेत्रीय दलों की बात करें तो यह प्रवृत्ति और भी प्रबल है, जो राज्य स्तर पर पार्टियों के प्रवेश की बाधाओं और राजनीति व संरक्षण के मामले में समान अवसर के अभाव का प्रमाण है। एनडीए में, उसके सहयोगी आंध्र प्रदेश के ▶10 पर

### आसियान सम्मेलन में मोदी-ट्रंप भेंट की संभावना टली

## मलेशिया समिट में नहीं जा रहे पीएम मोदी

**कुआलालम्पुर (मलेशिया), 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 47वें आसियान शिखर सम्मेलन के लिए कुआलालम्पुर नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअल माध्यम से समिट में शामिल होंगे। मोदी के मलेशिया न जाने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संभावित मुलाकात की संभावना भी खत्म हो गई है। आसियान समिट 26 से 28 अक्टूबर 2025 तक मलेशिया की राजधानी कुआलालम्पुर में हो रहा है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा, हमने इस महीने के अंत में कुआलालम्पुर में होने वाले 47वें आसियान शिखर सम्मेलन के आयोजन पर चर्चा की। इस समय भारत में व्यस्तता के कारण प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली इसमें शामिल होंगे। मलेशियाई पीएम ने कहा, मैं उनके फैसले का सम्मान करता हूं और उन्हें और भारत के सभी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देता हूं।

अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों पर भी बात की। अनवर ने कहा, कल रात मुझे भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक सहयोगी का फोन आया, जिसमें मलेशिया-भारत द्विपक्षीय संबंधों को और



**विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर जाएंगे मलेशिया**

अधिक रणनीतिक और व्यापक स्तर तक मजबूत करने के प्रयासों पर चर्चा की गई। फिर प्रधानमंत्री मोदी से भी बात हुई। भारत व्यापार और निवेश के क्षेत्र में मलेशिया का एक महत्वपूर्ण साझेदार है, साथ ही प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्रों में भी करीबी सहयोगी बना हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा, मेरे प्रिय मित्र मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल रूप से शामिल होने और आसियान-भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक हूं।

गौरतलब है कि 47वें आसियान सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मलेशिया जाएंगे। ट्रंप मलेशिया के अलावा दक्षिण कोरिया, जापान की भी यात्रा करेंगे। दक्षिण कोरिया में ट्रंप की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात होगी। ट्रंप ने बुधवार को ही मलेशिया जाने की पुष्टि की और साथ ही बताया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ होने वाली बैठक को फिलहाल रद्द कर दिया है।

आसियान-भारत के संबंध 1992 में क्षेत्रीय साझेदारी के साथ शुरू हुए। दिसंबर 1995 में यह पूर्ण संवाद साझेदारी में बदले और 2002 में शिखर सम्मेलन स्तर की साझेदारी में परिवर्तित हो गए। 2012 में इन संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया। आसियान के 10 सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, ▶10 पर

### भारत की रक्षा तैयारियों में बड़ी छलांग की तैयारी

## 79 हजार करोड़ का रक्षा सौदा मंजूर

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

देश की सुरक्षा क्षमताओं को और अधिक मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने करीब 79 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। इस निर्णय से थलसेना, नौसेना और वायुसेना की युद्धक क्षमता में जबरदस्त इजाफा होगा। यह मंजूरी आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में भी एक अहम कदम मानी जा रही है। इसमें थलसेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम, नौसेना के लिए लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स और वायुसेना के लिए उन्नत लंबी दूरी की टारगेट प्रणाली शामिल है।

नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लॉक में आज हुई अहम बैठक में तीनों सेनाओं की कई परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इस मंजूरी में भारतीय थलसेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम एमके-2, ग्राउंड बेस्ड मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सिस्टम और हाई मोबिलिटी व्हीकल्स की खरीद शामिल है। वहीं नौसेना और वायुसेना के लिए भी कई उन्नत हथियार प्रणालियों को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं के लागू होने से भारत की रक्षा तैयारियों में बड़ी छलांग लगने वाली है।

थलसेना के लिए स्वीकृत नाग मिसाइल



**सेना की तीनों शाखाएं हो रहीं शस्त्र-सुसज्जित**

सिस्टम एमके-2 दुश्मन के टैंकों, बंकरों और अन्य किलेबंद ठिकानों को नष्ट करने में सक्षम है। यह मिसाइल सिस्टम ट्रैक्ड वर्जन में होगा, जिसे कठिन इलाकों में भी आसानी से तैनात किया जा सकेगा। ग्राउंड बेस्ड मोबाइल सिस्टम सेना को दुश्मन की रेडियो तरंगों और इलेक्ट्रॉनिक उत्सर्जनों की 24 घंटे निगरानी की क्षमता देगा, जिससे खुफिया जानकारी जुटाने की गति और सटीकता बढ़ेगी। वहीं हाई मोबिलिटी व्हीकल्स से रसद आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा, जिससे सैनिकों तक भारी सामान और उपकरण कठिन भौगोलिक इलाकों में भी पहुंचाए जा सकेंगे।

भारतीय नौसेना के लिए डीएसी ने लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स, 30 मिमी नेवल सरफेस गन, एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल इंफ्रारेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और स्मार्ट गोला-बारूद की खरीद को मंजूरी दी है। इन आधुनिक प्रणालियों से नौसेना की उभयचर युद्धक क्षमता और समुद्री निगरानी शक्ति में जबरदस्त सुधार होगा। लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स से नौसेना को थलसेना और वायुसेना के साथ मिलकर उभयचर अभियानों को अंजाम देने में मदद मिलेगी। वहीं, एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो को डीआरडीओ की नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला ने विकसित किया है। ये पारंपरिक, परमाणु और छोटे पनडुब्बियों को निशाना बना सकता है। इसके अलावा 30 मिमी नेवल सरफेस गन से नौसेना और कोस्ट गार्ड को समुद्री डकैती और कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों में मजबूती मिलेगी। ▶10 पर

### इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने किया ऐलान

## 2027 में अंतरिक्ष जाएगा पहला मानव मिशन

**बेंगलुरु, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**



भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसरो के प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है। नारायणन ने कहा कि गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है। उन्होंने बताया, गगनयान मिशन बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ रहा है। इस मिशन के लिए रॉकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, ऑर्बिटल मॉड्यूल तैयार करना था और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव-संबंधी तकनीकें भी बनानी पड़ीं। इसरो प्रमुख ने कहा कि अब तीन बिना मानव वाले (अनक्रूड) मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले अनक्रूड मिशन में व्योममित्र नाम की मानवाकृति रोबोट को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, हम 2027 की शुरुआत में मानव मिशन भेजने का लक्ष्य रख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 24 अगस्त 2025 को इसरो ने गगनयान कार्यक्रम के तहत पहला इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप ▶10 पर

### बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ी

## तेजस्वी बने इंडी गठबंधन का सीएम चेहरा

**पटना, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

महागठबंधन के सभी घटक दलों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सीट बंटवारा अब तक नहीं हुआ है। लेकिन संयुक्त प्रेस वार्ता में सभी दलों ने एकजुट होने का संदेश दिया। साथ ही तेजस्वी यादव को सीएम फेस भी घोषित कर दिया गया। कांग्रेस ने फौरन वीआईपी के मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा, सरकार बनने पर अन्य वर्गों से भी उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे।

भाकपा माले के वरिष्ठ नेता दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा, 2020



**अभी तक फाइनल नहीं हुआ सीटों का बंटवारा**

के विधानसभा चुनाव में कुछ चंद सीटों के कारण हमलोग सरकार नहीं बना पाए। आज फिर से वह समय आया है। नीतीश सरकार ने छात्रों के साथ अन्याय किया। उनपर लाठियां बरसाई। महिलाओं को रोजगार योजना के नाम पर 10 हजार देकर छल किया। पूरे देश में लोगों की आशंका है कि क्या बिहार में महाराष्ट्र चुनाव वाला किस्सा दोहराया जाएगा। लेकिन, हम लोगों को आश्वस्त करते हैं कि बिहार बिल्कुल तैयार है। महागठबंधन के सातों दल पूरी एकता के साथ बदलाव के एजेंडे को पूरा करेंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि इंडी गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में एनडीए को अच्छी टक्कर दी। पिछले चुनाव में महागठबंधन मामूली वोटों के अंतर से पीछे रह गए। एनडीए संवैधानिक संस्थाओं को दुरुपयोग कर खेला करना चाहता है। ▶10 पर

### भारत-ओमान के सेना प्रमुखों की बैठक सम्पन्न

## भारत-ओमान के सैन्य रिश्ते और मजबूत हुए

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**




भारतीय सेना और ओमान की रॉयल आर्मी के बीच रक्षा सहयोग और मजबूत हुआ है। नई दिल्ली में 22 से 23 अक्टूबर 2025 तक दोनों देशों के बीच तीसरी आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ टॉक्स (एएएसटी) आयोजित हुई। भारतीय सेना के जन सूचना निदेशालय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, भारतीय सेना ने रॉयल आर्मी ऑफ ओमान के साथ रक्षा सहयोग को और मजबूत किया है। दोनों सेनाओं के बीच तीसरी आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ टॉक्स नई दिल्ली में 22-23 अक्टूबर को आयोजित हुई। इस बैठक के दौरान दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की। इसमें शामिल थे। इसमें संयुक्त सैन्य अभ्यासों का विस्तार, विशेष क्षेत्रों में विशेषज्ञों के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण सहयोग को बढ़ाना और क्षमता विकास और सैन्य शिक्षा में नई साझेदारी के अवसर तलाशना शामिल हैं। यह सभी पहले डिफेंस कोऑपरेशन प्लान 2026 के तहत आगे बढ़ाई जाएंगी। एडीजी पीआई ने कहा कि यह बैठक सैन्य कूटनीतिट और भारत-ओमान रक्षा सहयोग को नई दिशा देने वाला कदम है। यह सहयोग पिछले वर्ष सितंबर 2024 में आयोजित भारत-ओमान ▶10 पर

## बिहार के चार अपराधी दिल्ली मुठभेड़ में ढेर




**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

दिल्ली और बिहार पुलिस की साझा टीम ने बिहार के चार मोस्ट वांटेड गैंगस्टर को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा और बिहार पुलिस के संयुक्त अभियान में रोहिणी इलाके में हुई मुठभेड़ में चारों अपराधी मारे गए। दिल्ली पुलिस ने बताया कि रात 2.20 बजे चार अपराधियों पुलिस टीम के बीच फायरिंग हुई, जिसमें चारों मारे गए। रोहिणी के बेगमपुर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मारे गए अपराधियों का नाम क्रमशः रंजन पाठक (25), बिमलेश महतो (25), मनीष पाठक (33) और अमन ठाकुर (21) है। रंजन पाठक, बिमलेश महतो और मनीष पाठक बिहार में सीतामढ़ी जिले के रहने वाले थे। ▶10 पर

### बिहार में भी बदबू फैला रहा राजनीतिक वंशवाद

## लज्जा छोड़, मज्जा ले रहे वंशवादी उत्पाद!

**पटना, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

बिहार में भी राजनीतिक-वंशवाद फल-फूल रहा है और बदबू फैला रहा है। वंशवादी नेताओं की जमात सारा शर्म त्याग कर केवल लोभ-लाभ-लिप्सा का भोग कर रही है। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में वंशवादी नेताओं का ही दबदबा रहा। इनमें वंशवादी नेताओं की संख्या 70 यानि 28.81 प्रतिशत थी, जो कुल संख्या का एक-चौथाई से भी ज्यादा है। अब नए विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद वह विधानसभा निवर्तमान हो गई।

इसमें लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी के 71 में से 30 विधायक वंशवादी उत्पाद हैं। अर्थात, आरजेडी के कुल 42.25 प्रतिशत विधायक वंशवादी प्रोडक्ट हैं। जदयू के 44 विधायक हैं, जिसमे से 16 वंशवादी प्रोडक्ट हैं। यानि




जदयू के 36.36 प्रतिशत विधायक वंशवादी उपज हैं। भाजपा के 80 में से 17 विधायक यानि 21.25 प्रतिशत विधायक वंशवाद के उत्पाद हैं। निवर्तमान विधानसभा में कांग्रेस के 17 विधायकों में से चार वंशवाद की पैदाइश वाले विधायक हैं।बिहार के 23 मुख्यमंत्रियों में से कम से कम सात की विरासत निवर्तमान विधानसभा में उनके परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों द्वारा आगे बढ़ाई गई है। इनमें लालू प्रसाद-राबड़ी देवी के बेटे, तेजस्वी यादव (नेता प्रतिपक्ष, पूर्व उपमुख्यमंत्री) और तेज प्रताप यादव (पूर्व मंत्री) और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी शामिल हैं। इस सूची में भाजपा के दो मंत्री नीतीश मिश्रा और अमरेंद्र प्रताप सिंह भी शामिल हैं, जो क्रमशः पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों जगन्नाथ मिश्रा और हरिहर सिंह के पुत्र हैं।

निवर्तमान विधानसभा के वंशवाद की सूची में जदयू-भाजपा राज्य सरकार के सात अन्य मंत्री हैं। इनमें विजय कुमार चौधरी (जदयू), नितिन नवीन (भाजपा), महेश्वर हजारी (जदयू), शीला कुमारी (जदयू), सुमित कुमार सिंह (जदयू), सुनील कुमार (जदयू) और जयंत राज (जदयू) शामिल हैं। इन नेताओं में करीब 57 विधायक दूसरी पीढ़ी के हैं और तीन विधायक तीसरी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। तीसरी पीढ़ी के वंशवादी नेता भी विधानसभा में हैं।

▶10 पर

## एआईएमआईएम सदस्य ने गौरक्षक को गोली मारी



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

हैदराबाद में 28 साल के गौरक्षक प्रशांत उर्फ सोनू को एआईएमआईएम के कार्यकर्ता इब्राहिम ने गोली मार दी। प्रशांत को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके लीवर में गोली लगी है, स्थिति चिंताजनक बताई गई है। भाजपा नेता माधवी लता ने दलित युवक प्रशांत को गोली मारने वाले एआईएमआईएम कार्यकर्ता को फौरन गिरफ्तार करने की मांग की है। वाल्मीकि समुदाय के प्रशांत पिछले 5 से 6 सालों से गौरक्षा के कार्य से जुड़े हैं। गायों की तस्करी की जानकारी देने के नाम पर प्रशांत को बुला कर इब्राहिम ने उसे ▶10 पर




# बैक्टीरिया और वायरस भी बदल रहे हैं अपना स्वरूप

**वाशिंगटन, 23 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

कई बैक्टीरिया ऐसे हो चुके हैं जो एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति रेजिस्टेंट यानी प्रतिरोधी बन गए हैं। इसका अर्थ है कि वे उन दवाओं से नहीं मरते, जिनसे पहले आसानी से खत्म हो जाते थे। यह स्थिति बेहद खतरनाक है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह समस्या अक्सर तब बढ़ती है जब लोग बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाएं लेते हैं या दवा का कोर्स अधूरा छोड़ देते हैं। इससे बैक्टीरिया धीरे-धीरे उन दवाओं के खिलाफ प्रतिरोध विकसित कर लेते हैं। परिणामस्वरूप, वही एंटीबायोटिक जो कभी असरदार थीं, अब बेअसर हो जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की हालिया रिपोर्ट इस स्थिति की गंभीरता को उजागर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में हर 6 में से 1 बैक्टीरियल संक्रमण अब एंटीबायोटिक के प्रति रेजिस्टेंट हो चुका है। 2018 से 2023 के बीच एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस 40प्रतिशत से अधिक एंटीबायोटिक संयोजनों में बढ़ा है और यह हर साल औसतन 5 से 15प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। यह रिपोर्ट डब्ल्यूएचओ के ग्लोबल एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस एंड यूज सर्विलांस सिस्टम द्वारा 100 से अधिक देशों से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित है। रिपोर्ट में 22 प्रकार की एंटीबायोटिक दवाओं की प्रभावशीलता का विश्लेषण किया गया, जो यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन, गट इंफेक्शन, ब्लड स्ट्रीम इंफेक्शन और गोनोरिया जैसी बीमारियों के इलाज में उपयोग की जाती हैं। इनमें आठ प्रमुख बैक्टीरियल रोगजनक शामिल हैं — एसीनेटोबैक्टर, एसचेरिचिया कोली, क्लेब्सिएला न्यूमोनिया, नाइसैरिया गोनोरिया, सालमोनेला, शिगेला, स्टैफिलोकोकस ऑरियस और स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया। इन सभी पर बढ़ता एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस अब वैश्विक स्वास्थ्य संकट बन चुका है।

रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया और पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में लगभग हर तीन में से एक संक्रमण एंटीबायोटिक रेजिस्टेंट पाया गया है, जबकि अफ्रीकी क्षेत्र में यह आंकड़ा हर पांच में से एक है। कमजोर स्वास्थ्य प्रणालियों वाले देशों में यह खतरा सबसे अधिक है क्योंकि वहां समय पर निदान और उपचार की सुविधाएं सीमित हैं। ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया जैसे ई.कोली और के.पनेमोनिय अब ब्लड स्ट्रीम संक्रमणों में सबसे खतरनाक साबित हो रहे हैं। ये संक्रमण सेप्सिस, ऑर्गन फेलियर और यहां तक कि मौत का कारण भी बन सकते हैं। वर्तमान में 40प्रतिशत से अधिक ई.कोली और 55 प्रतिशत से ज्यादा के. पनेमोनिय तीसरी पीढ़ी की सेफालोस्पोरिन दवाओं के प्रति रेजिस्टेंट हो चुके हैं, जबकि अफ्रीकी देशों में यह दर 70प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत व्यापार और निवेश में मलेशिया का अहम साझेदार-इब्राहिम, प्रधानमंत्री मोदी को फोन संवाद में दीं दीपावली की शुभकामनाएं




**कुआलालंपुर (मलेशिया)।** मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि भारत व्यापार और निवेश में मलेशिया का अहम साझेदार है। मलेशिया संबंधों को मजबूत करने, शांतिपूर्ण और समृद्ध क्षेत्र की दिशा में सहयोग को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मलेशिया का भारत के साथ प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग भी है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने यह बात एक्स पोस्ट पर कही। उन्होंने लिखा, कल रात मुझे अपने समकक्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फोन आया। हमने मलेशिया-भारत द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक रणनीतिक और व्यापक स्तर पर मजबूत करने के प्रयासों पर चर्चा की। भारत, व्यापार और निवेश के क्षेत्र में मलेशिया का एक महत्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है। साथ ही प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग भी है। अनवर इब्राहिम ने लिखा, हमने इस महीने के अंत में कुआलालंपुर में 47वें आसियान शिखर सम्मेलन के आयोजन पर भी चर्चा की। उन्होंने (नरेन्द्र मोदी) बताया कि चूंकि उस समय भारत में दीपावली समारोह चल रहा होगा, इसलिए वे ऑनलाइन भाग लेंगे। मैं इस निर्णय का सम्मान करता हूं और उन्हें व भारत के सभी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देता हूं। मलेशिया, भारत से संबंधों को मजबूत करने और एक अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध क्षेत्र की दिशा में आसियान-भारत सहयोग को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### पाकिस्तान के बलोचिस्तान में निर्माण कंपनी के नौ अधिकारियों का अपहरण



**क्वेटा (बलोचिस्तान)।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलोचिस्तान में एक निर्माण कंपनी के नौ अधिकारियों का अपहरण कर लिया गया। इस घटना से इस्लामाबाद तक हड़कंप मचा हुआ है। सेना ने सारे इलाके को घेरकर अगवा किए अधिकारियों की तलाश शुरू की है। फिलहाल इन अधिकारियों का कोई पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह वारदात बुधवार को मस्तुंग जिले में हुई है। हथियारबंद लोग निर्माण कंपनी के नौ अधिकारियों को जबरन अपने साथ ले गए। इस घटना के बाद कुछ हथियारबंद लोगों ने कलात के मंगचर इलाके में क्वेटा-कराची मुख्य राजमार्ग को अवरुद्ध कर वाहनों की तलाशी ली। सूत्रों के अनुसार, नाकाबंदी एक घंटे से अधिक समय तक जारी रही। इस दौरान गोलीबारी और विस्फोट की आवाज भी सुनी गई। बताया गया है कि अपहरण की घटना के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया है। मस्तुंग पुलिस के अनुसार, अपहृत व्यक्ति पंजाब और सिंध प्रांत के हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह लोग एक सरकारी परियोजना स्थल पर काम कर रहे थे।

### जिसने भी अफगानों को छेड़ा, उसने अपनी ही जड़ें खोदीं, तालिबान के आर्मी चीफ ने पाक को चेताते हुए इतिहास याद दिलाया

**काबुल।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान कभी भाई-भाई की तरह थे लेकिन पाकिस्तान इस देश के लोगों को बम



बरसा रहा है। वहां रहने वाले मासूम बच्चों और बुजुर्गों पर हमले कर रहा है। इसके बदले जब अफगानिस्तान की सेना ने उसे औकात दिखाते हुए उसे हथियार और टैंक तक छीन लिए, तो अब वह धमकी दे रहा है। ऐसे में तालिबान के आर्मी चीफ फसीहुद्दीन फितहत ने कहा कि जिसने भी अफगानों को छेड़ा, उसकी जड़ें खुद गईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान के आर्मी चीफ फसीहुद्दीन फितरत ने इस्लामाबाद को चेताते हुए अफगानिस्तान का इतिहास याद दिलाया है। तालिबान सेना के चीफ ऑफ ने कहा कि पुराना इतिहास उठाकर देख लें, जो कोई भी हमारे देश पर आक्रमण करने की कोशिश करता है, वो आखिरकार अपनी ही जड़ों को खोदता है।' तालिबान आर्मी चीफ की ये टिप्पणी दोहा में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौते के एक दिन बाद आई है। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा था कि सीजफायर इसी शर्त पर मान्य है कि अफगानिस्तान अपनी सीमा पार करने वाले सशस्त्र बलों को रोके। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के समझौते के बाद पाकिस्तानी सेना और तालिबान के बीच कई दिनों तक चली हिंसक झड़प रुक गई है। हालांकि दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है।

# यूक्रेन ने रूस के गैस प्लांट पर किया ड्रोन से हमला, सप्लाई बंद

**कीव, 23 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

यूक्रेन ने दक्षिणी रूस में एक प्रमुख गैस प्रसंस्करण संयंत्र पर यूक्रेन ने ड्रोन से हमला कर दिया। इसके कारण कजाकिस्तान से गैस की आपूर्ति अस्थायी रूप से रोक दी गई। यूक्रेन की जनरल स्टाफ ने बयान में कहा कि ओरेनबर्ग संयंत्र में आग लगी और एक गैस प्रसंस्करण और शोधन इकाई क्षतिग्रस्त हुई। यूक्रेन ने हाल के महीनों में रूसी ऊर्जा सुविधाओं पर हमले तेज कर दिए हैं, जिन्हें वह मास्को के युद्ध प्रयास को वित्तपोषित करने वाला और सीधे समर्थन देने वाला मानता है।



यूक्रेनी अभियोजक दावा कर रहे हैं कि रूस नागरिक इलाकों को निशाना बनाने के लिए अपने हवाई निर्देशित बमों को बदल रहा है। खार्किव क्षेत्र में रूस ने नए रॉकेट-संचालित बम का इस्तेमाल किया, जो 130 किलोमीटर तक उड़ सकता है। क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमले में कम से कम 11 लोग घायल हुए और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं। रूस ने कोयला खदान पर भी हमला किया, जिसमें 192 खनिक सुरक्षित निकाले गए। यूक्रेनी जनरल स्टाफ ने रूस के समारा क्षेत्र में नोवोकुइबिशेव्स्क तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले का दावा भी किया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने रात भर 45 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रूसी अधिकारियों ने बताया कि ओरेनबर्ग स्थित यह संयंत्र विश्व के सबसे बड़े गैस उत्पादन और प्रसंस्करण संयंत्रों में से एक है। इसकी वार्षिक क्षमता 45 अरब क्यूबिक मीटर है और यह कजाकिस्तान के कराचगनाक क्षेत्र से गैस कंडेन्सेट को संसाधित करता है। इसे वहां की सरकारी कंपनी गैजप्रोम चलाती है। क्षेत्रीय गवर्नर येवगेनी सोलंतसेव के अनुसार, ड्रोन हमलों से संयंत्र की एक कार्यशाला में आग लग गई और संयंत्र का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कजाक ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि गैजप्रोम की सूचना के अनुसार, ड्रोन हमले के कारण संयंत्र अस्थायी रूप से कजाकिस्तान की गैस को संसाधित करने में असमर्थ है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन से यह संकेत दिया कि शांति स्थापित करने के लिए उसे रूस से खोई हुई भूमि छोड़नी पड़ सकती है। एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कुछ न कुछ ले ही लेंगे और अमेरिका ही ऐसा देश है जो युद्ध जीतकर छोड़ देता है।

### इस्लामी वर्ल्ड में भारत-कतर की जोरदार धमक, तुर्की-पाकिस्तान की बढ़ी चिंता

**दोहा।** कतर ने भी इस्लामी कूटनीति में अपनी पकड़ और भूमिका को और मज़बूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस खाड़ी देश ने मिर्दिफ अल काशूती को अफगानिस्तान में पूर्ण राजदूत बनाने का फैसला किया है। वह पिछले तीन वर्षों से काबुल स्थित कतर दूतावास में वरिष्ठ राजनयिक के रूप में काम कर रहे थे। कतर ने यह नियुक्ति ऐसे वक्त पर की है जब वह अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, और दोनों देशों की अगली बैठक तुर्किये में होने वाली है। इधर भारत सरकार ने अफगानिस्तान में काबुल स्थित अपने तकनीकी मिशन को तत्काल प्रभाव से दूतावास में अपग्रेड करने का फैसला लिया है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस महीने अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के भारत दौरे के दौरान काबुल में भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की थी। दक्षिण एशिया और इस्लामी जगत में तेजी से बदलते समीकरणों के बीच भारत और कतर ने ऐसे कदम उठाए हैं, जिसने न केवल अफगानिस्तान बल्कि पूरे मुस्लिम वर्ल्ड में नए संकेत दे दिए हैं। भारत सरकार ने मंगलवार को काबुल में अपने मिशन को अपग्रेड कर फिर से 'दूतावास' का दर्जा देने की घोषणा की है। वहीं कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने अफगानिस्तान में मिर्दिफ अली अल काशूती को अफगानिस्तान का नया राजदूत नियुक्त किया है। ये दोनों फैसले ऐसे समय में आए हैं, जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच अगली वार्ता तुर्की में होने वाली है और इस्लामी जियो पॉलिटिक्स में नए शक्ति समीकरण बनते दिख रहे हैं। मुत्तकी 9 से 16 अक्टूबर तक भारत में थे। इस दौरान वह दक्षिण एशिया के सबसे प्रभावशाली इस्लामिक इदारे 'दारुल उलूम देवबंद' का भी दौरा किया था। तालिबान की वैचारिक जड़ें जो प्रतीकात्मक रूप से इस भारतीय इदारे से भी जुड़ी मानी जाती हैं।

# अमेरिका ने पूर्वी प्रशांत महासागर में तीन नार्को आतंकी मार गिराए



**वाशिंगटन, 23 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

अमेरिका ने संदिग्ध ड्रग तस्करों के खिलाफ अपना अभियान और तेज कर दिया। पूर्वी प्रशांत महासागर में लगातार दूसरे दिन बुधवार को एक जहाज पर घातक हमला कर उस पर मौजूद तीन नार्को आतंकियों को मार गिराया। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि इस अभियान में कोई ढील नहीं दी जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बुधवार देरशाम एक्स पोस्ट पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा, अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में किए गए इस हमले के दौरान जहाज पर तीन पुरुष नार्को आतंकवादी सवार थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका में ड्रग पहुंचाने वालों को खोज-खोजकर मारा जाएगा।

हेगसेथ ने बुधवार देररात कहा कि दो दिन में दूसरी बार ट्रंप प्रशासन ने पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में ड्रग्स की तस्करी करने वाले संदिग्ध जहाज पर घातक हमले किए। अब अभियान कैरेबियन सागर से आगे बढ़ गया है। सितंबर में शुरू किए इस अभियान के दौरान अमेरिकी विशेष अभियान बलों ने नौ घटनाओं में 37 ड्रग तस्करों को मार गिराया। एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में पहला हमला कोलंबिया के तट के पास हुआ था। हेगसेथ की एक्स पोस्ट के अनुसार, मंगलवार देररात हुए हमले में नाव पर सवार दो लोग मारे गए। दूसरे हमले में तीन लोग मारे गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में इस अभियान पर पत्रकारों से बात की। उन्होंने संकेत दिया कि भविष्य में हमले समुद्र में लक्ष्यों से आगे भी जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा यह लोग हिंसक हैं। उनके पास ऐसी नावें हैं जो पानी में 45 से 50 मील प्रति घंटे की गति से चलती हैं। ट्रंप ने संकेत दिया कि वह जल्द ही जमीनी ठिकानों पर हमले का आदेश देंगे। यह अभियान दो सितंबर को राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर सेना ने शुरू किया था। वेनेज़ुएला से शुरू यह अभियान कोलंबिया तक पहुंच गया है। वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप लग चुके हैं। ट्रंप की टीम उन्हें कार्टेल नेता कहती है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा है कि अमेरिकी हमलों में कई कोलंबियाई मारे गए हैं। उल्लेखनीय है कि दुनिया में कोकीन की अधिकांश आपूर्ति दक्षिण अमेरिका के तीन देशों से की जाती है।

### ऑस्ट्रेलिया में गर्मी तोड़ रही पुराने सारे रिकॉर्ड, 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवाएं चलने का अनुमान



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में इन दिनों गर्मी का कहर दिख रहा है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया हीटवेव और विनाशकारी हवाओं की चपेट में है। इसलिए लाखों लोगों को भीषण गर्मी की स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी गई। न्यू साउथ वेल्स के घनी आबादी वाले पूर्वी तट पर अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक और राजधानी सिडनी में 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। बीओएम ने ग्रेटर सिडनी और आसपास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी और 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की विनाशकारी हवाओं के पूर्वानुमान से अत्यधिक आग के खतरे की चेतावनी जारी की। वहीं स्वास्थ्य मंत्री रयान पार्क ने लोगों को बाहर जाने से बचने और बुजुर्गों, दोस्तों, परिवार, छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं का ध्यान रखने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा, हम सभी से गर्मी से बचाव के लिए कदम उठाने का आग्रह कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, क्वींसलैंड और न्यू साउथ वेल्स दोनों राज्यों में मंगलवार को अक्टूबर का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। क्वींसलैंड का अधिकतम तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस और न्यू साउथ वेल्स में 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें, विक्टोरिया और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में लू का असर देखने को नहीं मिला। हालांकि, बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने अनुमान लगाया है कि दोनों राज्यों में विनाशकारी हवाएं चल सकती हैं।

# जर्मनी में शिक्षा प्रणाली फेडरल स्ट्रक्चर पर आधारित

**बर्लिन, 23 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

जर्मनी की शिक्षा प्रणाली दुनिया में सबसे संगठित और विविध प्रणालियों में से एक है। इसकी नींव समान अवसर और व्यावसायिक मार्गदर्शन पर टिकी है। जर्मनी को शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया के सबसे सशक्त देशों में गिना जाता है। यहां का शिक्षा ढांचा बच्चों को किंडरगार्टन से लेकर यूनिवर्सिटी तक मजबूत शैक्षणिक और व्यावसायिक आधार प्रदान करता है। जर्मनी की शिक्षा प्रणाली का सबसे खास पहलू यह है कि यह फेडरल स्ट्रक्चर पर आधारित है। यानी देश के 16 राज्यों में से हर राज्य अपनी शिक्षा नीति बनाने का अधिकार रखता है। इस वजह से जर्मन शिक्षा प्रणाली कहने से बेहतर है कि इसे कई क्षेत्रीय प्रणालियों का संग्रह कहा जाए। प्रत्येक राज्य स्कूल, सिलेबस और परीक्षाओं के नियम अपने तरीके से तय करता है। यह डिसेंट्रलाइज्ड सिस्टम यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा स्थानीय आर्थिक और सामाजिक जरूरतों के अनुरूप हो। स्कूलों में पढ़ाई का मुख्य उद्देश्य छात्रों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान देना है, बल्कि उन्हें उनकी रुचियों और



प्रतिभाओं के आधार पर करियर की स्पष्ट दिशा भी प्रदान करना है। जर्मनी में स्कूली शिक्षा प्लेग्रुप से शुरू होकर प्राइमरी और सेकंडरी स्कूल में तीन मुख्य धाराओं में बांटी गई है: व्यावसायिक प्रशिक्षण, माध्यमिक शिक्षा और यूनिवर्सिटी की तैयारी (अबीटूर)। पब्लिक स्कूलों में पढ़ाई लगभग मुफ्त है। यह मॉडल समाज के हर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का समान अवसर देता है। अनिवार्य स्कूली शिक्षा लगभग 6 साल की उम्र में शुरू होती है। किंडरगार्टन या प्री-स्कूल 3 से 6 साल के बच्चों के लिए होता है, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

प्राथमिक स्कूल में दाखिला बच्चे के निवास स्थान पर आधारित होता है। जर्मनी के पब्लिक स्कूल टैक्स जमा करने वालों के फंड से चलते हैं, इसलिए ये किसी से ट्यूशन फीस नहीं लेते। परीक्षा प्रणाली छात्रों के ओवरऑल परफॉर्मेंस और अंतिम परिणाम पर केंद्रित होती है। सेकंडरी शिक्षा के अंत में होने वाली 'अबीटूर' परीक्षा विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए मुख्य गेटवे का काम करती है। इसके माध्यम से छात्रों की अकादमिक क्षमता और करियर की दिशा तय होती है।

# अमेरिका ने रूस की बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए

**वाशिंगटन, 23 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

अमेरिका ने रूस की सबसे प्रमुख दो बड़ी तेल कंपनी रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिए। यह घोषणा खुद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का फैसला लेना पड़ा। प्रतिबंध लगाने की घोषणा बुडापेस्ट में दोनों नेताओं की मुलाकात की योजना के विफल होने के बाद की गई।

रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन पर मॉस्को के व्यापक आक्रमण के बाद से रूसी ऊर्जा क्षेत्र के विरुद्ध अमेरिका का यह सबसे महत्वपूर्ण कदम है। ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार रूस पर महत्वपूर्ण नए प्रतिबंध लगा रहे हैं। नए प्रतिबंधों की घोषणा ठीक उसी समय की गई जब राष्ट्रपति ओवल ऑफिस में नाटो के



महासचिव मार्क रूट के साथ बैठे। रूट यूरोपीय नेताओं के एक गठबंधन की ओर से ट्रंप से मिलने वाशिंगटन आए थे।

अमेरिकी वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक बयान में कहा, अब समय आ गया है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम तत्काल लागू किया जाए। इस घोषणा में तेल कंपनियों को क्रेमलिन की युद्ध मशीन का दोहरा इंजन बताया गया है। उधर, ट्रंप की रूसी नेता के प्रति नाराजगी बुधवार को साफ दिखी। उन्होंने कहा, जब भी मैं व्लादिमीर से बात करता हूं, अच्छी बातचीत होती है और फिर वे आगे नहीं बढ़ते।

ट्रंप ने बुडापेस्ट शिखर सम्मेलन को रद्द करने के फैसले के बारे में कहा, मुझे नहीं लगा कि हम उस मुकाम पर पहुंच पाएंगे जहां हमें पहुंचना था। इसलिए मैंने इसे रद्द कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का यह बिलकुल सही समय है। महत्वपूर्ण यह है कि ट्रंप के पूर्ववर्ती जो बाइडेन ने अमेरिकी सहयोगियों के दबाव के बावजूद रूसी तेल की कानूनी खरीद की अनुमति देने के लिए इन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने से परहेज किया। ट्रंप प्रशासन के इन कदमों से रूस के तेल राजस्व में भारी गिरावट आ सकती है।

अमेरिका के इस फैसले पर अटलांटिक काउंसिल के फेलो डैनियल टैनबाम ने कहा, ये प्रतिबंध एक बड़ा कदम हैं, लेकिन उन्हें तीसरे देशों पर या तो द्वितीयक प्रतिबंधों का इस्तेमाल करना होगा, या सख्त चेतावनी देनी होगी। वह कहते हैं कि द्वितीयक प्रतिबंध उन देशों पर लागू होंगे जो रूस के साथ वित्तीय व्यापार करते हैं। उल्लेखनीय है कि पांच दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ट्रंप से मिलने हाउस आए थे। परदे के पीछे यह मुलाकात कुछ खास अच्छी नहीं रही। ट्रंप ने जेलेंस्की पर रूस को जमीन देने का दबाव डाला ताकि पुतिन की शर्तों पर युद्धविराम लागू हो सके। अगस्त में अलास्का में ट्रंप और पुतिन की मुलाकात के बाद ऐसे प्रयास भी किए गए।

# वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बंद हुए बाबा केदार व मां यमुनोत्री धाम के कपाट

**देहरादून, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

हिमालय पर्वत की श्रृंखलाओं में बसे देवभूमि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद अंतर्गत, मां यमुनोत्री मंदिर और जनपद रुद्रप्रयाग में भगवान शिव के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए गुरुवार को बन्द हो गए।

हिन्दू पंचांग गणना के अनुरूप भैया दूज, कार्तिक शुक्ल सप्तमी, अनुराधा नक्षत्र के पावन अवसर पर, वैदिक मंत्रोच्चारण और सेना के वाद्य यंत्रों की भक्तिपूर्ण मधुर धुनों के बीच इन दोनों पवित्र धामों के कपाट बंदी की प्रक्रिया संपन्न हुई।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस अवसर पर यमुनोत्री धाम से सम्बद्ध पंडा पुरोहितों, के अलावा, कुल 132 भक्त कपाट बन्द होने की प्रक्रिया के साक्षी रहे। यहां इस यात्रा वर्ष में कुल 6 लाख, 44 हजार 637 श्रद्धालुओं ने माता यमुना जी के दर्शन किए हैं। जबकि भगवान श्री केदार नाथ मंदिर में आज कुल 11,415 पंजीकृत श्रद्धालु कपाट क्रिया के दौरान उपस्थित रहे। अभी तक सम्पूर्ण यात्रा काल में यहां कुल 17 लाख 68 हजार 795 पंजीकृत भक्त कपाट खुलने के बाद से दर्शन कर चुके हैं। अब इन दोनों के दर्शन उनके



शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली और ओंकारेश्वर मंदिरों में हो सकेंगे। यहां भी उनके दर्शनों की मान्यता ग्रीष्मकालीन दर्शनों की भांति ही है।

यमुनोत्री धाम के कपाट आज विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य शीतकाल के लिए बन्द कर हो गये। कपाट बंदी प्रक्रिया अपराह्न 12 बजकर 30 मिनट पर सम्पूर्ण हुई। कपाट बंद होने की परंपरा के अनुसार, खरसाली गाँव से समेश्वर देवता (शनिदेव) की डोली मां यमुना को लेने धाम पहुंची। कपाट बंद होने के बाद शनिदेव की अगुवाई में मां यमुना की भोग मूर्ति और उत्सव डोली, ढोल नगाड़ों और शंखनाद के बीच शीतकालीन प्रवास खरसाली गद्दीस्थल मंदिर के लिए रवाना की गयी।

इससे पहले सुबह ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा श्री केदार नाथ धाम के कपाट भी प्रातः 08:30 बजे विधिवत रूप से बंद हो गए। इस अवसर पर आम पंजीकृत 11,415 श्रद्धालुओं के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस प्रक्रिया के साक्षी रहे। कपाट बंद होने से पूर्व मंदिर को पुष्पों से भव्य रूप में सजाया गया। सेना के बैंड की भक्ति धुनों और 'जय बाबा केदार' के जयघोष के साथ मंदिर परिसर श्रद्धाभाव से गूंज उठा।

कपाट बंद करने की प्रक्रिया के अंतर्गत, ब्रह्म मुहुर्त में मुख्य पुजारी बागेश लिंग एवं आचार्यगणों द्वारा यज्ञ, हवन एवं समाधि पूजन किया गया। तत्-पश्चात भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को स्थानीय पुष्पों-कुमजा, बुकला, राख, ब्रह्म कमल, सूखे पुष्प-पत्रों से ढककर समाधि रूप दिया गया। इसके बाद गर्भगृह के द्वार 'जय बाबा केदार' के उदघोष के साथ शीतकाल को बंद किए गए। कपाट बंद होने के पश्चात, मुख्यमंत्री श्री धामी की उपस्थिति में मंदिर के पूर्वी व दक्षिणी द्वार विधिवत बंद किए गए। इसके उपरांत, भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर की परिक्रमा कर, प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान कराया गया। सेना के बैंड, डोली वाहकों, पुजारियों और श्रद्धालुओं के जयघोषों से संपूर्ण धाम गुंजायमान हो उठा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर देश-विदेश से आए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी विजन के अनुरूप केदारपुरी का भव्य और दिव्य पुनर्निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में चारधाम यात्रा के अंतर्गत, रिकॉर्ड 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने धामों के दर्शन किए हैं। उन्होंने कहा कि कपाट बंद होने के पश्चात शीतकालीन यात्रा को भी राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु चार धामों के शीतकालीन गद्दी स्थलों में भी पूजा अर्चना कर सकें। उन्होंने सभी श्रद्धालुओ से शीतकाल में भी चारों धामों के गद्दी स्थलों में आकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किय। शीतकाल में भी श्रद्धालुओं के यात्रा करने से स्थानीय व्यापारियों, होमस्टे एवं होटल चालकों आदि की आजीविका निरंतर गतिमान रहेगी।

श्री धामी ने यात्रा से जुड़े सभी विभागों, सुरक्षा बलों, मंदिर समिति, स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया तथा इस वर्ष की यात्रा को सफल, सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष केदारनाथ यात्रा का संचालन अत्यंत सुचारु एवं सफलतापूर्वक हुआ। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कुल 17,68,795 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए, जो पिछले वर्ष 2024 के 16,52,076 तीर्थयात्रियों की तुलना में लगभग सवा लाख अधिक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान प्राकृतिक आपदा को छोड़कर संपूर्ण यात्रा अवधि में व्यवस्थाएं सुचारु रहीं। शीतकालीन अवधि में भी श्री केदारनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी और शीतकालीन पूजाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा।

कपाट बंद होने के पश्चात बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली आज प्रस्थान कर प्रथम पड़ाव रामपुर में रात्रि विश्राम के लिए पहुंच गई।

अब कल शुक्रवार सुबह को डोली श्री विश्वनाथ मंदिर, गुप्तकाशी पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम के पश्चात शनिवार, 25 अक्टूबर को शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ के लिए प्रस्थान करेगी।

कपाट बंद समारोह के अवसर पर स्थानीय विधायक आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष, रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, कृषि विपणन बोर्ड अध्यक्ष अनिल डब्बू, बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, जिलाधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे, एवं अन्य लोग भी मौजूद थे।

### सीएम उमर अब्दुल्ला का दावा

## राज्यसभा की सभी 4 सीटें जीतेगी नेकां

**जम्मू, 23 अक्टूबर (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दावा किया है कि 24 अक्टूबर को होने वाले राज्यसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) सभी चार सीटों पर विजयी होगी। उन्होंने विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा से भी निराधार बयानबाजी बंद करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर विधानसभा सत्र से पहले विधायक दल की बैठक होती है और आज नेशनल कांफ्रेंस और अन्य निर्दलीय विधायकों ने रणनीति बनाने के लिए बैठक की। यह सत्र अन्य सत्रों से अलग है क्योंकि राज्यसभा के लिए चुनाव हो रहे हैं और सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है।

सीएम उमर ने कहा, मैं बैठक में शामिल होने के लिए तारिगामी और अन्य निर्दलीय विधायकों का आभारी हूं। नेशनल कांफ्रेंस के विधायकों और अन्य निर्दलीय विधायकों में जो उत्साह दिख रहा है, उसे देखते हुए मुझे उम्मीद है कि नेशनल कांफ्रेंस राज्यसभा की चारों सीटें जीत लेगी। इसके अलावा, बैठक में कांग्रेस के शामिल न होने के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इसलिए बैठक में शामिल नहीं हुए क्योंकि उनकी अपनी बैठक थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से कहती रही है कि वे भाजपा को विजयी नहीं होने देंगे। कांग्रेस की अपनी व्यवस्था है। उनकी पार्टी और हमारी पार्टी में फर्क है। उन्हें पार्टी आलाकमान के फैसले का इंतजार करना पड़ता है, जबकि हम यहां फैसला लेते हैं। राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस की भागीदारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान भाजपा के पक्ष में नहीं हो सकता। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि स्थानीय स्तर पर कांग्रेस उपचुनाव लड़ने के लिए तैयार थी, लेकिन आलाकमान ने नेशनल कांफ्रेंस के लिए सीट छोड़ने का फैसला किया, इसलिए उम्मीदवार की घोषणा की गई। पीडीपी के समर्थन के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे नेता शमी ओबेराय ने आज पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती से मुलाकात की और पार्टी की ओर से राज्यसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस के उम्मीदवार का समर्थन करने का अनुरोध किया। इससे पहले फारूक अब्दुल्ला ने भी उनसे बात की थी। हालांकि पार्टी ने अभी तक कोई फैसला सार्वजनिक नहीं किया है, लेकिन उन्होंने हमें वादा किया है कि आंतरिक चर्चा के बाद कोई फैसला लिया जाएगा। विपक्षी नेता के बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि भाजपा के साथ सरकार बनाने का प्रस्ताव किसने दिया। उन्होंने कहा कि हमने ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं दिया है।

## नौसेना ने अपने दम-खम से पाकिस्तानी युद्धपोतों को उसके तटीय क्षेत्रों से आगे नहीं बढने दिया : राजनाथ

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नौसेना की तैयारियों, पेशेवर क्षमता और ताकत की सराहना करते हुए गुरूवार को कहा कि भारतीय नौसेना के दम-खम के कारण पाकिस्तानी नौसेना के युद्धपोत उसके तटीय क्षेत्रों से आगे नहीं बढ पाये।

श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और क्षमता का प्रतीक बताते हुए जोर देकर कहा कि यह दुनिया के लिए संदेश है कि भारत किसी भी तरह की चुनौती का जवाब देने के लिए हमेशा तैयार है। रक्षा मंत्री ने यहां नौसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान दुनिया ने नौसेना की संचालन तत्परता, पेशेवर क्षमता और ताकत देखी। उन्होंने पाकिस्तान के युद्धपोतों को बंदरगाह या उसके तट के पास ही रहने के लिए मजबूर करने वाली प्रतिरोधक स्थिति बनाने के लिए नौसेना की सराहना की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि हिन्द महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारतीय नौसेना की उपस्थिति 'मित्र देशों के लिए राहत' और 'क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश करने वालों के लिए बेचैनी' का सबब है।

श्री सिंह ने कहा, आईओआर समकालीन भू-राजनीति का केंद्र बन गया है। यह अब निष्क्रिय नहीं रहा, यह प्रतिस्पर्धा और सहयोग का क्षेत्र बन गया है।

भारतीय नौसेना ने अपनी बहुआयामी क्षमताओं से इस क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभाई है। पिछले छह महीनों में भारतीय युद्धप-ोतों , पनडुब्बियों और नौसेना के विमानों को अभूतपूर्व पैमाने पर तैनात किया गया है। इसके अलावा, हमारी नौसेना ने लगभग 335 व्यापारी जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान किया है, जो लगभग 12 लाख टन माल और 5.6 अरब डॉलर के व्यापार मूल्य के बराबर है। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत अब वैश्विक समुद्री अर्थव्यवस्था में एक विश्वसनीय और सक्षम भागीदार बन गया है।

### नगरोटा विधानसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला

## जीतने की जद्दोजहद में केंद्रीय मंत्री की भतीजी

**जम्मू, 23 अक्टूबर (ब्यूरो)।**

जम्मू संभाग की जिस नगरोटा विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उप चुनाव होना है वहां पर पूर्व दिवंगत विधायक देवेंद्र राणा की बेटी और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की भतीजी देवयानी राणा की इज्जत दांव पर है। देवयानी राणा इस विधानसभा क्षेत्र में अपने दिवंगत विधायक पिता की थाती संभालने के प्रयास में हैं।

नगरोटा विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव 11 नवंबर को होना है। इस सीट पर 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने पक्ष में करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। नगर-ोटा विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को कुल 13 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें से जांच के दौरान दो निर्दलीय उम्मीदवारों नजाकत अली खटाना और हरबंस लाल भगत के नामांकन पत्र खारिज हो गए। जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार देवयानी सिंह राणा का एक डुप्लिकेट नामांकन पत्र भी खारिज कर दिया गया, जबकि उनका मूल नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया।

अब, अगर शुक्रवार शाम तक कोई भी उम्मीदवार अपना नामांकन वापस नहीं लेता है, तो कुल 10 उम्मीदवार इस हाई प्रोफाइल सीट पर चुनाव लड़ेंगे। नगरोटा से भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र सिंह राणा ने 2024 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी, लेकिन 31 अक्टूबर 2024 को उनके निधन के बाद यह सीट खाली हो गई। भाजपा ने दिवंगत विधायक राणा की 30 वर्षीय बेटी देवयानी सिंह राणा को उम्मीदवार बनाया है, जो पहली बार चुनावी मैदान में उतरी हैं। देवयानी ने कई बार कहा है कि नगरोटा के लोगों के साथ खड़े होना उनके पिता की अंतिम इच्छा थी, जिसके कारण वह सक्रिय राजनीति में उतरीं हैं।

अपने पिता की विरासत, पार्टी के समर्थन और भावनात्मक दृष्टिकोण के कारण इस सीट पर देवयानी राणा की स्थिति मजबूत दिख रही है, लेकिन नेशनल कांफ्रेंस की शमीमा बेगम से कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। शमीमा बेगम नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले क्षेत्र डंसाल से जिला विकास पार्षद (डीडीसी) हैं। इसके अलावा नेशनल पैंथर्स पार्टी (इंडिया) के उम्मीदवार हर्ष देव सिंह से चुनौती पेश कर रहे हैं, जो पूर्व मंत्री हैं और भाजपा और उसकी नीतियों के आलोचक हैं।

आम आदमी पार्टी (आपा) ने भी इस सीट से अपने उम्मीदवार जोगिंदर सिंह को मैदान में उतारा है, लेकिन पार्टी की इस क्षेत्र में ज्यादा उपस्थिति नहीं दिख रही है। साथ ही आप के प्रदेश संयोजक मेहराज मलिक पार्टी उम्मीदवार के लिए प्रचार नहीं कर पाएंगे, क्योंकि वह अभी भी सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत जेल में हैं, इसलिए आप की तरफ से इस सीट पर कोई प्रभाव डालने की संभावना कम हो गई है।

नगरोटा सीट पर सबसे ज्यादा चर्चा निर्दलीय उम्मीदवार अनिल शर्मा की है, जो भाजपा नेता थे और देवयानी राणा को टिकट देने के पार्टी के फैसले को स्वीकार नहीं किया और निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

भले ही वह यह सीट न जीत पाएं, लेकिन जो भी वोट उन्हें मिलेंगे, वे भाजपा से कटेंगे। इसलिए वह भाजपा की वोट में सेंध लगा सकते हैं।

## प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक एकनाथ वसंत चिटनिस का निधन

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

प्रख्यात भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक एकनाथ वसंत चिटनिस का बुधवार को पुणे स्थित उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में मशहूर चिटनिस ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (आईएन-सीओएसपीएआर) की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, जो बाद में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के रूप में विकसित हुई। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर श्री चिटनिस को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें, 'हमारे अंतरिक्ष अभियान के प्रतीक पुरुषों में से एक' बताया है। श्री रमेश ने 10 फरवरी, 1962 की उस ऐतिहासिक मुलाकात को याद किया, जब श्री चिटनिस, इसरो के जनक विक्रम साराभाई के साथ अहमदाबाद स्थित भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला में तत्कालीन प्रधानमंत्री



जवाहरलाल नेहरू से मिलने गए थे और उस क्षण ने भारत के अंतरिक्ष सपनों को आकार देने में एक ऐतिहासिक भूमिका निभाई। श्री चिटनिस की विरासत समृद्ध और बहुआयामी है। उन्होंने भारत के पहले रॉकेट के प्रक्षेपण स्थल के रूप में केरल के थुम्बा को चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह निर्णय देश की अंतरिक्ष यात्रा को गति देने में निर्णायक साबित हुआ। श्री चिटनिस ने सन् 1981 से 1985 तक अहमदाबाद स्थित इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी) के निदेशक के रूप में सुदूर संवेदन, उपग्रह संचार और ऐतिहासिक भारतीय अंतरिक्ष यात्रा (आईएनएसएटी) कार्यक्रम में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को आगे बढ़ाया।

## रक्षा खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए नई रक्षा खरीद नियमावली जारी

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने और कार्य प्रणाली में एकरूपता लाने के लिए नयी रक्षा खरीद नियमावली 2025 गुरूवार को जारी कर दी। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि नई नियमावली प्रक्रियाओं को सरल बनाने के साथ-साथ कार्यप्रणाली में एकरूपता लाएगी और सशस्त्र बलों को संचालन संबंधी तैयारियों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में मदद करेगी। यह नियमावली आगामी एक नवम्बर से लागू होगी और इससे तीनों सेनाओं तथा रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा की जाने वाली लगभग एक लाख करोड़ रुपये की राजस्व खरीद को सुगम बनाएगी।

रक्षा मंत्री ने नियमावली में संशोधन के लिए रक्षा मंत्रालय और एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे रक्षा



विनिर्माण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एमएसएमई और स्टार्ट-अप को और अधिक अवसर मिलेंगे जिससे खरीद में निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) डॉ. मयंक शर्मा ने इस अवसर पर रक्षा उत्पाद प्रबंधन (डीपीएम) 2025 का संक्षिप्त विवरण दिया और कहा कि इस नियमावली को तीनों सेनाओं तथा अन्य हितधारकों के साथ गहन परामर्श के बाद तैयार किया गया है।

वक्तव्य में कहा गया है कि इससे निर्णय लेने में तेजी और व्यापार में आसानी को बढ़ावा देने के लिए कुछ प्रमुख प्रावधानों में बदलाव किया गया है। सामग्री और सेवाओं की देरी से डिलीवरी पर लगाए जाने वाले परिसमाप्त क्षतिपूर्ति (एलडी) में ढील दी गई है और केवल अत्यधिक देरी के मामलों में ही अधिकतम 10 प्रतिशत क्षतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है। स्वदेशीकरण के मामले में इस प्रावधान में और ढील दी गई है, जहां अन्य मामलों में लागू 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह के बजाय केवल 0.1 प्रतिशत एलडी प्रति सप्ताह लगाया जाएगा।

इसके अतिरिक्त स्वदेशीकरण के अंतर्गत सार्वजनिक अथवा निजी कंपनियों द्वारा विकसित वस्तुओं के लिए पांच वर्ष और उससे अधिक समय तक के सुनिश्चित ऑर्डर के प्रावधान हैं। संशोधित प्रावधानों के अनुसार, 50 लाख रुपये तक की राशि और असाधारण मामलों में इससे अधिक मूल्य के लिए सीमित निविदा पूछताछ का सहारा लिया जा सकता है।

संशोधित नियमावली में अन्य स्रोतों से खरीद करने से पहले पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' लेने की शर्त को समाप्त कर दिया गया है। संशोधित नियमावली जहाजों की मरम्मत और रीफिटिंग तथा विमानन उपकरणों की मरम्मत/ओवरहालिंग के मामले में कार्य में 15 प्रतिशत वृद्धि के लिए अग्रिम प्रावधान करने में सक्षम बनाती है।

इस अवसर पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, नौसेना प्रमुख, सेना प्रमुख, रक्षा सचिव, रक्षा विभाग (आर एंड डी) के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष, सचिव (रक्षा उत्पादन), सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण), वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं), वायु सेना उप प्रमुख, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के विशेष कार्य अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शहरी नक्सलवाद एक बड़ी चुनौती : फडणवीस

**नागपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शहरी नक्सलवाद को सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताते हुए चेतावनी दी कि इस तरह के आंदोलन युवा पीढ़ी को अराजक विचारधाराओं की ओर मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। श्री फडणवीस ने दिवाली के अवसर पर नागपुर में पत्रकारों से एक अनौपचारिक बातचीत में कहा कि महाराष्ट्र और पड़ोसी छत्तीसगढ़ में सशस्त्र नक्सलवाद की समस्या पर बहुत हद तक नियंत्रण पा लिया गया है। लेकिन शहरी नक्सलवाद का उभार एक नया और अधिक खतरा पैदा कर रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने शहरी नक्सलियों का एक चेहरा नहीं होने की बात करते हुए उसे खतरनाक विचार फैलाने वाला आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि शहरी नक्सलियों का कोई एक चेहरा नहीं होता। वे विभिन्न रूपों में काम करते हुए खतरनाक विचार फैलाते हैं और युवाओं को गुमराह करने का काम करते हैं। श्री फडणवीस का मानना है कि शहरी नक्सली आज की पीढ़ी को अराजकता की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने पारंपरिक बंदूक-आधारित नक्सलवाद के विपरीत शहरी नक्सलवाद को उसके छिपे हुए और वैचारिक स्वरूप के कारण पहचानना अधिक मुश्किल बताया। श्री फडणवीस ने इन समूहों पर संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया। हालांकि उन्होंने सरकार की इनसे निपटने की क्षमता पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, संविधान अंततः इन अराजक प्रवृत्तियों को परास्त करेगा।

श्री फडणवीस ने महाराष्ट्र में जाति-आधारित राजनीति में वृद्धि पर एक सवाल के जवाब में बताया कि यह मुख्य रूप से चुनावों के दौरान राजनीतिक नेताओं द्वारा संचालित होता है। उन्होंने कहा कि जहां हर किसी के सामाजिक और जाति-संबंधी मुद्दे होते हैं, वहीं राजनीतिक नेताओं के कारण इनकी तीव्रता बढ़ जाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार सभी को न्याय दिलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने चुनाव खत्म होते ही जाति-आधारित राजनीति के स्वतः कम होने का विश्वास जताया।




# इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म हक का नया गीत कुबूल रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म 'हक' का फैंस इंतजार कर रहे हैं। उनके लिए मेकर्स ने बुधवार को इसका नया गाना 'कुबूल' रिलीज कर दिया। इसे 'पहले भी मैं' फेम विशाल मिश्रा ने इसका संगीत तैयार किया है। इस गाने को अरमान खान ने गाया है और इसके बोल कौशल किशोर ने लिखे हैं। यह प्यार की एक भावपूर्ण अभिव्यक्ति है जिसमें यामी और इमरान खामोशी और नजरों के जरिए प्यार का इजहार करते दिख रहे हैं। इस गाने को जंगली म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के बारे में बात करते हुए अभिनेता इमरान हाशमी ने एक बयान में कहा, जब संगीत किसी फिल्म की आत्मा बन जाता है, तो उसमें एक अलग ही जादू होता है। 'कुबूल' बिल्कुल वैसा ही करता है। विशाल ने एक ऐसी धुन गढ़ी है जो भावनाओं से भरपूर है और यह हमारी फिल्म की कहानी के मर्म को खूबसूरती से बयां करती है।

अभिनेत्री यामी गौतम ने कहा, 'कुबूल' वह दुर्लभ गीत है जो शांत जगहों में नजरों, अनकहे शब्दों और दर्द भरी खामोशियों के रूप में बसता है। यह मेरे किरदार की गहरी भावनाओं, उसकी कमजोरी, उसकी ताकत और उसकी चाहत को दर्शाता है। इसे प्रस्तुत करना सिर्फ प्यार का इजहार करने के बारे में नहीं था बल्कि अपने भीतर के एक खामोश तूफान को पर्दे पर उतारने जैसा था। संगीतकार विशाल मिश्रा ने कहा, 'हक' का संगीत भावनाओं और भारतीय धुनों व रागों की शक्ति पर आधारित है। 'कुबूल' भारतीयता और आधुनिक अभिव्यक्ति में पिरोई गई प्रेम की अभिव्यक्ति है। मैं चाहता था कि यह गीत बिना कुछ बोले किरदारों की भावनाओं को दर्शाए।फिल्म 'हक' को सुपर्ण एस वर्मा ने डायरेक्ट किया है। इसमें शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी मशहूर जर्नलिस्ट जिग्ना वोरा की बुक 'बानो: भारत की बेटी' पर आधारित है। इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स, इंसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

# कॉमेडी का डबल डोज किस किस को प्यार करूं-2 अब इस दिन होगी रिलीज




अभिनेता कपिल शर्मा एक बार फिर फिल्म कॉमेडी 'किस किस को करूं' के सीक्वल के साथ हंसी का डबल डोज लेकर आ रहे हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दी। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट के साथ मोशन पोस्टर जारी किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, तैयार हो जाइए दोगुनी मस्ती और चार गुनी हंसी के लिए। फिल्म 'किस किस को प्यार करूं-2' हंसी का डबल डोज लेकर 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। रिलीज डेट की जानकारी सुन फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वह मोशन पोस्टर देख ये अंदाजा लगा रहे हैं कि कपिल शर्मा फिर से नई अभिनेत्रियों के साथ उलझन भरी जिंदगी और साथ ही कॉमेडी का तड़का लेकर आएंगे। फैंस अब फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हंसी से भरपूर कॉमेडी फिल्म का निर्देशन और लेखन अनुकल्प गोस्वामी ने किया है। फिल्म में कपिल शर्मा के साथ हीरा वारिना, पारुल गुलाटी, आयशा खान और त्रिशा चौधरी नजर आएंगी। साथ ही, कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए मनजोत सिद्दू भी अहम किरदार में दिखेंगे। फिल्म का निर्माण रतन जैन, गणेश जैन, अब्बास-मस्तान और वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट मिलकर कर रहे हैं। कॉमेडी फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' साल 2015 में रिलीज हुई थी।

इस फिल्म के साथ कपिल ने फिल्मों में डेब्यू किया था। फिल्म का निर्देशन अब्बास-मस्तान और लेखन अनुकल्प गोस्वामी ने किया था। फिल्म की कहानी एक ऐसे आदमी की थी, जिसकी तीन पत्नियां होती हैं और तीनों सहेलियां होती हैं, लेकिन कपिल शर्मा को चौथी शख्स एली अवराम से प्यार हो जाता है। फिल्म में अरबाज ने भी छोटा-सा रोल अदा किया था।फिल्म में कपिल के अलावा, एक्ट्रेस एली अवराम, मंजरी फडनिस, सिमरन कौर मुंडी, साई लोकुर और वरुण शर्मा भी थे। इसी के साथ ही कपिल अपकमिंग फिल्म में नीतू और रिद्धिमा साहनी के साथ नजर आएंगे।

# एकता कपूर के शो तुलसी में नजर आएंगे बिल गेट्स

स्मृति ईरानी का पॉपुलर टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' फैंस के बीच एक बार फिर फेमस हो गया है। सीरियल टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग पॉइन्ट) की टॉप फाइव की रेस में शामिल हो गया है। अब शो में एक इंटरनेशनल मेहमान की एंट्री होने वाली है, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर पहले ही बज बन चुका है। शो में गुरुवार को अरबपति बिल गेट्स तुलसी विरानी का किरदार निभा रहीं स्मृति ईरानी से खास बातचीत करने के लिए आ रहे हैं। स्टार प्लस ने सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का नया प्रोमो शेयर किया है, जिसमें तुलसी लैपटॉप पर बिजनेसमैन बिल गेट्स का स्वागत कर रही हैं और बिल गेट्स भी तुलसी विरानी से हिंदी में बात कर रहे हैं। नए प्रोमो के मुताबिक गुरुवार की रात के एपिसोड में बिल गेट्स का कैमियो रखा गया है। वे कुछ देर के लिए शो से जुड़ेंगे और बच्चे के स्वास्थ्य के मुद्दे पर बात करेंगे। प्रोमो को शेयर कर जानकारी दी गई कि एपिसोड में आज नया सेहत का, संवेदना का और बदलाव का रिश्ता जुड़ने वाला है, जिसमें हर मां और हर बच्चा सुरक्षित रहे, इस गंभीर मुद्दे पर बात होगी।



बिल गेट्स की 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाती है। इसी उद्देश्य को पूरा करते हुए बिल गेट्स और तुलसी विरानी चर्चा करने वाले हैं। ऐसा पहली बार हुआ है जब एकता कपूर के शो में किसी इंटरनेशनल पर्सनैलिटी को देखा गया।

प्रोमो सामने आने के बाद एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, पहली बार भारतीय टेलीविजन पर बिल गेट्स का शो देखने को मिल रहा है, बहुत बढ़िया तुलसी जीआप तो अनुपमा से भी आगे निकल गईं। एक अन्य यूजर ने लिखा, जय श्री कृष्णा बोलते हुए बिल गेट्स कितने प्यारे लग रहे हैं। बता दें कि शो हर रात 10 बजकर 30 मिनट पर स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

शो में अभी तक कई गंभीर समाजिक मुद्दों को उजागर किया गया है। शो की कहानी तुलसी के मोटापे से शुरू हुई थी, जिसके बाद घरेलू हिंसा, एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर और उम्र संबंधी समस्याओं को कहानी के रूप में दिखाया गया। इन्हीं वजहों से सीरियल आज 'अनुपमा' को टक्कर दे रहा है, जो हमेशा टीआरपी चार्ट में टॉप वन पर विराजमान रहता है।

### अच्छे पार्टनर की तलाश में शहर से पंजाब के पिंड पहुंचीं शहनाज गिल

# फिल्म एक कुड़ी का ट्रेलर हुआ

अपने चुलबुले अंदाज से सबका दिल जीतने वालीं अदाकारा शहनाज गिल अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एक कुड़ी' लेकर आ गई हैं। एक्ट्रेस की नई फिल्म का शानदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है और रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया पर ट्रेलर छा गया है। इतना ही नहीं, हिना खान ने खुद फिल्म के ट्रेलर की भर-भरकर तारीफ की है। शहनाज गिल की पंजाबी फिल्म 'एक कुड़ी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में एक्ट्रेस एक अच्छे जीवनसाथी की तलाश में शहर से पंजाब के पिंड में पहुंच जाती हैं और पता लगाती हैं कि जिससे उनकी शादी होने वाली है, असल में वो लड़का कैसा है। ट्रेलर में शहनाज को एक अच्छे जीवनसाथी की तलाश है और वे उसके लिए अपने पूरे परिवार का साथ पाती हैं, जो लड़के को उसके गांव जाकर परखता है। फिल्म में फैमिली कॉमेडी से लेकर एक लड़की की शादी से पहले महसूस




किए जाने वाले अनुभव और डर को दिखाया गया है। फैंस भी ट्रेलर को देखकर अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, वाह, सचमुच बहुत बढ़िया ट्रेलर, शहनाज़ कमाल की और बहुत खूबसूरत लग रही हैं, फिल्म का इंतज़ार रहेगा। एक अन्य यूजर ने लिखा, गजब, क्या ट्रेलर है सब कुछ एकदम सही, कहानी और गाने बहुत पसंद आ रहे हैं।

बता दें कि फिल्म के गाने ट्रेलर रिलीज से पहले ही रिलीज कर दिए गए हैं। फिल्म में एक गाना शहनाज ने पंजाबी सिंगर यो-यो हनी सिंह के साथ भी फिल्माया है, जिसे फैंस का बंपर रिस्पांस मिला है। फिल्म 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। हिना खान ने फिल्म का ट्रेलर शेयर कर फैंस से इसे देखने की अपील की है। उन्होंने शहनाज की फिल्म और एक्टिंग दोनों की तारीफ की है।

फिल्म की कास्ट की बात करें तो फिल्म में पंजाब इंडस्ट्री के कई दिग्गज कलाकारों को देखा गया है। फिल्म में शहनाज के अलावा निर्मल ऋषि, सुखी चहल, गुरिंदर मकना, जस, उदयबीर संधू, गुरदयाल पारस, जस ढिल्लों, विशु उप्पल और गुरप्रीत सिंह कई स्टार्स मौजूद हैं। फिल्म को प्रोड्यूस कौशल जोशी, शहनाज गिल और अमरजीत सिंह सरोन ने किया है और फिल्म को अमरजीत सिंह सरोन ने लिखा और डायरेक्ट किया है।






# द राज़ा साब का पहला लुक – प्रभास ने बर्थडे पर मचाया तूफान

इस दिवाली, जब बाकी स्टार्स लाइट्स और पार्टीज़ एंजॉय कर रहे थे, प्रभास और उनकी टीम ने ग्रीस के खूबसूरत आइलैंड्स पर अपनी ही फायरवर्क्स क्रिएट की एक ग्रैंड सॉन्ग सीक्वेंस शूट करते हुए, जिसमें दो शानदार सॉन्ग्स, ऐज़्योर वॉटर्स और सन-ड्रेंच्ड बैकड्रॉप्स के साथ, पूरा विज़ुअल फेस्ट तैयार हो गया। और अब, रिबेल स्टार प्रभास के बर्थडे के परफेक्ट टाइमिंग पर, मेकर्स ने ड्रॉप किया पहला पोस्टर ऑफ़ द राज़ा साब, जो फैंस को पूरी तरह से फ्रेनज़ी में डाल रहा है!

पोस्टर में प्रभास, रिबेल साब के रूप में, कार के ऊपर खड़े हैं, हाथ फैलाए हुए, रंग-बिरंगे फ्लोरल जैकेट में, डार्क शेड्स और वही आइकोनिक रेबेल ग्रिन के साथ। पीछे का मंदिर और खुशहाल भीड़ पूरे फेस्टिवल का फील दे रहे हैं। फिल्म हॉरर, रोमांस और कॉमेडी का पर्फेक्ट कॉम्बो है। ट्रेलर ने भी पहले ही सोशल मीडिया को सेट कर दिया था, संजय दत्त के मिस्टेरियस एक्सॉर्सिस्ट-सायकोलॉजिस्ट-हिप्नोटिस्ट रोल के साथ, और बॉमन ईरानी और ज़रीना वहाब के साथ फुल-ऑन एंटरटेनमेंट का प्रॉमिस! अब बस फाइनल शेड्यूल बचा है, और शुरुआती झलकियों से लगता है कि प्रभास का हॉरर-फैंटेसी आउटिंग एक मेगा सेलेब्रेशन बनेगा, पूरी तरह रेबेल स्टाइल में।

मारुति द्वारा निर्देशित और लिखित, द राजासाब का निर्माण पीपल मीडिया फ़ैक्टरी और आईवी एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। प्रभास, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार, संजय दत्त और बोमन ईरानी जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म में 9 जनवरी 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज़ होने की उम्मीद है।

# नीच भंग राजयोग में कर्क, कन्या सहित अन्य राशियों को होगा अप्रत्याशित धन लाभ

आज यानी 24 अक्टूबर को बेहद की दुर्लभ नीच भंग राजयोग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिष का अनुसार यह योग तब बनता है जब कोई ग्रह अपनी नीच राशि में होकर भी किसी शुभ ग्रह के प्रभाव में आता है। इस योग से नीच ग्रह की अशुभता खत्म हो जाती है और व्यक्ति को जीवन में अपार सफलता, धन और मान-सम्मान मिलता है। नीच भंग राजयोग के प्रभाव से मेष और वृष राशि वाले जातकों के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जबकि सिंह और कन्या राशि वालों को कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, तुला, वृश्चिक और धनु राशि वालों को आर्थिक लाभ मिलने के प्रबल आसार दिख रहे हैं।

**मेष राशि** –मेष राशि के जातकों के राशि स्वामी मंगल सप्तम प्रमुख केंद्र भाव में स्थित हैं और लग्न तुला में कन्या राशि का प्रभाव व्यक्तित्व को मजबूत बनाएगा। द्वादश भाव में मीन राशि का मार्गी शनि उत्तम राजयोग का निर्माण कर रहा है। इसके प्रभाव से आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी हो सकती है। अचानक आर्थिक लाभ की संभावना भी बन रही है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी पकड़ मजबूत होगी। परोपकार के कार्यों में आगे बढ़ेंगे और आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भी रुचि बढ़ेगी। रात के समय किसी शुभ कार्य में खर्च होने के योग बन रहे हैं।

**वृषभ राशि** – आपकी राशि के स्वामी शुक्र आज चतुर्थ सुख भाव में मार्गी चंद्रमा के साथ स्थित हैं, जो घरेलू आनंद और मानसिक शांति प्रदान करेंगे। चंद्रमा षष्ठ भाव में राजकीय सम्मान का योग बना रहा है। इससे आपको सामाजिक और सरकारी स्तर पर लाभ मिल सकता है। द्वितीय धन भाव में मिथुन राशि के बृहस्पति का संचार आज धार्मिक विचारों को बल देगा और गुरुजनों एवं ब्राह्मणों के प्रति सम्मान की भावना बढ़ाएगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी और आपको प्रशंसा मिलेगी। शाम को किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन राशि** –आपकी राशि के स्वामी बुध पंचम त्रिकोण भाव में तुला राशि में विराजमान हैं और अष्टम भाव पर शुभ दृष्टि डाल रहे हैं। यह संयोग आपको कठिन परिस्थितियों में लाभ दिला सकता है। हालांकि



चंद्रमा आज वृश्चिक राशि में नीच स्थिति में है, जिससे भाइयों के साथ विवाद बढ़ सकता है। पारिवारिक मामलों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। शत्रु पक्ष सक्रिय रहेगा और आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेगा। हालांकि आज अपनी बुद्धिमत्ता और कुशलता से चुनौतियों से पार पा लेंगे।

**कर्क राशि** –कर्क राशि के जातकों के लिए आज सर्वत्र विजय और सफलता का योग बन रहा है। कुंडली के पंचम भाव में स्थित चंद्रमा आपकी मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद या सम्मान मिलने की संभावना है। किसी प्रभावशाली या सत्ता से जुड़े व्यक्ति की कृपा से बड़ा लाभ मिल सकता है। चार-पांच महीने पहले खोई हुई कोई मूल्यवान चीज आज अचानक मिल सकती है। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। सायंकाल से रात्रि तक आप किसी राजनीतिक या सामाजिक आयोजन में व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है।

**सिंह राशि** – आज का दिन आपके लिए उपलब्धियों से भरा रहने वाला है। आप अपने प्रतिस्पर्धियों के लिए चुनौती बने रहेंगे और वे आपके सामने टिक नहीं पाएंगे। करियर और व्यापार में अप्रत्याशित लाभ मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। संतान से शुभ समाचार मिलेगा जिससे मन प्रसन्न होगा। मीन राशि का कोई पारिवारिक व्यक्ति आपकी नीतियों को भेदने की कोशिश कर सकता है, इसलिए अपने निजी रहस्यों को साझा करने से बचें। कार्यक्षेत्र में सतर्क रहें और फाइनेंशियल डिसीज़न सोच-समझकर लें।

**कन्या राशि** –ग्रहों की अनुकूल स्थिति से लंबे समय से चली आ रही रुकावटें आज दूर होंगी। आपके कार्यों में तेजी आएगी और मानसिक शांति प्राप्त होगी। किसी महत्वपूर्ण योजना की सफलता से उत्साह बढ़ेगा। रचनात्मक कार्यों के लिए समय अनुकूल है। साहित्य, कला, संगीत और मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होगा। भाग्य आपका साथ दे रहा है और पुराने अटके कार्य भी पूर्ण होंगे। दोपहर बाद शुभ समाचार मिलने की संभावना है। सायंकाल का समय मित्रों और परिवार के बीच हंसी-खुशी के साथ बीतेगा।

**तुला राशि** –तुला राशि वाले जातक आज अपने हुनर से मुश्किल कामों को भी आसानी से पूरा कर लेंगे। हालांकि परिवार के लोग आपके फैसलों को हमेशा नहीं समझ पाते, फिर भी आपकी हिम्मत और दूरदर्शिता सफलता दिलाएगी। राशि के स्वामी शुक्र की अनुकूल दृष्टि कार्यक्षेत्र में उन्नति दिलाएगी। किसी नई योजना को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। हालांकि जल्दबाजी या भावनाओं में आकर कोई निर्णय लेने से बचें। यात्रा योग बन रहा है लेकिन सुरक्षा सर्वोपरि रखें।

**वृश्चिक राशि** –आज घरेलू और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में हलचल बनी रहेगी। दिन की शुरुआत थोड़ी परेशानी के साथ होती दिख रही है। धैर्य और प्रयास से परिस्थितियां संभालने की कोशिश करें। आपके कुछ विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश आज के दिन कर सकते हैं। आप अपनी कार्यकुशलता से परिस्थितियों पर नियंत्रण पा लेंगे। पारिवारिक विवादों से बचें और समझदारी से निर्णय लें। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है। सायंकाल के बाद समय अनुकूल होगा और प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात का अवसर मिल सकता है।

**धनु राशि** –परीक्षा की तैयारी कर रहे धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन निर्णायक साबित हो सकता है। आप जिस मेहनत से अपनी रणनीति को लागू कर रहे थे, उसके सकारात्मक परिणाम मिलते दिखेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इस दौरान अटके हुए पैसे की प्राप्ति संभव है। कामकाज में नए अवसर भी आपको मिलेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मनोबल बढ़ाएगा। हालांकि रात्रि के समय माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है। इसलिए उनकी देखभाल करें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी।

**मकर राशि** –आज के दिन मकर राशि वालों का मन प्रसन्न रहेगा। आप नई ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ेंगे। किसी बड़े लाभ की संभावना बनती हुई दिख रही है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और कार्यक्षेत्र में तेजी देखने को मिलेगी। इसके साथ ही आपक वरिष्ठ अधिकारियों से प्रशंसा भी मिलेगी। आज का दिन निवेश के लिए अनुकूल है। पारिवारिक जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। मकान, वाहन या संपत्ति संबंधी किसी कार्य में सफलता मिलने की संभावना है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा और मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ राशि** –कुंभ राशि के जातकों को आज के दिन मानसिक दबाव झेलना पड़ सकता है। विरोधी आपकी प्रगति में बाधा डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन धैर्य से आपको काम लेना होगा। प्राथमिकता के आधार पर आक कार्यों को विभाजित करें। वरिष्ठ अधिकारियों से अपनी ग़लतफ़हमियों को दूर करने का आज सही समय है। राशि स्वामी शनि द्वितीय भाव में मीन राशि में स्थित है, जो खर्च बढ़ाने के संकेत दे रहा है। ऐसे में आर्थिक मामलों में सतर्क रहें।

**मीन राशि** –मीन राशि के जातक आज घरेलू और व्यावसायिक जीवन के बीच उलझते दिख रहे हैं। व्यवसाय के विस्तार और नए प्रोजेक्ट पर काम करने का उत्तम समय है। बाहर से सहयोग मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। संतान के विवाह या करियर संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने के संकेत दिख रहे हैं। बुजुर्गों का आशीर्वाद आपके लिए भाग्यवर्धक सिद्ध होगा। परिवार में खुशी और तालमेल बना रहेगा।

# शुक्रवार को इन चार उपयों से लक्ष्मीजी की बरसेगी कृपा



हिंदू धर्म में सप्ताह का हर दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित माना गया है। इनमें से शुक्रवार का दिन धन की देवी मां लक्ष्मी को समर्पित होता है। इस दिन माता की विधि-विधान से पूजा करने से बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही, शास्त्रों में शुक्रवार के कुछ उपाय भी बताए गए हैं, जिनमें से अगर एक भी आप श्रद्धापूर्वक आजमा लें तो इससे जीवन के कष्टों से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही, माता लक्ष्मी की कृपा से धन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है।

**देवी लक्ष्मी को प्रसन्न करने का उपाय**

शुक्रवार के दिन चींटी, गाय, पेड़, कुत्ता, पक्षी, मछली आदि जीवों के लिए भोजन व पानी का प्रबंध करना चाहिए। इस पुण्य के कार्य को हर शुक्रवार के दिन करने से बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है साथ ही, जातक को देवी लक्ष्मी का विशेष आशीर्वाद मिल सकता है। साथ ही, इस दिन कमजोर और जरूरतमंद लोगों की भी सहायता करनी चाहिए। शुक्रवार को विशेष रूप से खीर का दान करना लाभदायक माना जाता है। साथ ही, देवी को भी खीर का भोग जरूर लगाएं। इससे माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और सभी परिवार के सदस्यों पर उनकी कृपा बनी रहती है। जिससे जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

**शुक्रवार को घर लाएं यह एक चीज**

अगर धन संबंधी समस्याओं से परेशान हैं, तो शुक्रवार के दिन एक खास चीज अपने घर जरूर ले आएं। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, दक्षिणावर्ती शंख समुद्र मंथन के दौरान निकला था। जिसे शुक्रवार के दिन अपने घर में लाकर रखने से सकारात्मकता आती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। दाएं हाथ से पकड़े जाने वाले इस शंख को बहुत दुर्लभ माना जाता है। ऐसे में अगर आप इसे शुक्रवार को धर ले आएं तो इससे धन लाभ के योग बनने शुरू हो सकते हैं और घर की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

**जीवन में तरक्की और धन लाभ का उपाय**

हर किसी के जीवन में समस्याएं आती हैं। लेकिन जब समस्याएं अत्यधिक बढ़ जाए तो इसके लिए शास्त्रों में कुछ उपाय बताए गए हैं। जिससे जातक के जीवन में वापस सुख-समृद्धि लौट सकती है। इसके लिए शुक्रवार को शाम के समय माता लक्ष्मी के सामने दीया जरूर जलाएं और एक दीपक तुलसी के पास भी रखें। इसके बाद, श्रद्धापूर्वक 'ओम श्रीं महालक्ष्म्यै नमः ' मंत्र का 108 बार जाप करें। इस उपाय को शुक्रवार के दिन करने से जातक को जीवन में तरक्की प्राप्त हो सकती है। साथ ही, पैसों से जुड़ी समस्याएं भी दूर होने लगती हैं।

**जीवन से दरिद्रता दूर करने का उपाय**

शुक्रवार के दिन रात को सोने से पहले एक तांबे के बर्तन में थोड़ा सा लाल चंदन रख दें। इसके बाद, अगले दिन सुबह के वक्त चंदन को निकालकर तुलसी के पौधे में अर्पित करें। साथ ही, स्नानादि करके माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा करें और मन में सुख-समृद्धि बनाए रखने की कामना करें। शुक्रवार को गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र पहनकर इस उपाय को करने से जीवन से दरिद्रता दूर हो सकती है। साथ ही, करियर और नौकरी में तरक्की प्राप्त हो सकती है।

# खरना से पहले कर लें छठ की जरूरी चीजों की खरीदारी, देखें पूरी सामग्री




छठ पूजा का त्योहार हर साल दिवाली के बाद षष्ठी तिथि के दिन से शुरू हो जाता है। यह त्योहार पूरे चार दिनों का होता है, जो नहाय खाय से शुरू होता है और उगते हुए सूर्य को जल देने के साथ इसका समापन होता है। इस बार छठ पर्व 25 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। ऐसे में पूजा और व्रत को विधि-विधान से पूरा करने के लिए जरूरी चीजों को होना आवश्यक होता है। पहले से ही सामग्री लिस्ट तैयार करके खरीदारी करने से व्रत और पूजा के दौरान किसी चीज की कमी नहीं पड़ेगी।

**छठ पूजा की सामग्री लिस्ट**

5 पत्ते लगे हुए गन्ने, 2 बांस की बड़ी टोकरियां, 1 लोटा, थाली और चम्मच, पानी वाला नारियल, 1 गिलास, दूध और जल के लिए, केला, पान और सुपारी, सुथनी, शरीफा, शकरकंदी, हल्दी, अदरक का हरा पौधा, नाशपाती, मूली, डाभ नींबू, सिंघाड़ा, चावल, गुड़, मिठाई, ठेकुआ, चावल का आटा, गेहूं, शहद, सिंदूर, दीपक, कलावा, धूप, फूल-माला, कुमकुम,नई साड़ी

**छठी मईया को जरूर चढ़ाएं ये चीजें**

ऐसी मान्यता है कि छठी मईया को कुछ चीजें चढ़ाने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, छठी मैया को चावल, चना, सिंदूर, मिठाई, सात प्रकार के फल, गुड़, घी का ठेकुआ और श्रृंगार का सामान जरूर चढ़ाना चाहिए। ऐसा करने छठी मैया प्रसन्न होती हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही, पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य का वरदान प्राप्त हो सकता है।

**छठ पूजा की शुरुआत 25 अक्टूबर से**

इस साल नहाय खाय के 25 अक्टूबर, शनिवार को रहेगा और इसी दिन से छठ पर्व का आरंभ हो जाएगा। पहले दिन महिलाएं नदी में स्नान करती हैं और सात्विक भोजन करती हैं। माना जाता है कि इससे व्रत करने की शक्ति प्राप्त होती है। नहाय खाय के अगले दिन खरना होता है जो इस बार 26 अक्टूबर, रविवार को रहेगा। खरना के दिन शाम के समय महिलाएं रोटी और गुड़ की खीर बनाती हैं। प्रसाद का भोग लगाने के बाद उसे खुद ग्रहण करती हैं और पूरे परिवार में बांटती हैं। खरना के दिन से ही 36 घंटे का कठिन व्रत शुरू हो जाता है।

खरना के अगले दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इस दिन व्रती महिलाएं अपने पूरे परिवार के साथ घाट पर जाती हैं और नदी, जल में खड़े होकर सूर्य को जल चढ़ाती हैं। साथ ही, घाट पर बैठकर महिलाएं छठी मैया के गीत गाती हैं और विधि-विधान से पूजा करती हैं। यह तिथि इस बार 27 अक्टूबर, सोमवार के दिन रहेगी। इसके अगले दिन यानी छठ पर्व के अंतिम दिन पर सुबह-सुबह महिलाएं अपने परिवार के साथ घाट पर जाती हैं और उगते हुए सूर्य को जल चढ़ाती हैं। इसी के साथ छठ के कठिन व्रत का समापन हो जाता है। फिर, महिलाएं सभी के प्रसाद बांटती हैं।

# बुध गोचर वृश्चिक राशि में, अब वृषभ, वृश्चिक समेत अन्य राशियों की मिलेंगा लाभ

24 अक्टूबर, शुक्रवार को बुध का गोचर वृश्चिक राशि में होने जा रहा है। बुध ग्रह को बुद्धि, संचार, तर्क, शांति, सुख-समृद्धि और व्यापार का कारक माना जाता है। कुंडली में बुध ग्रह मजबूत होने से जातक को व्यापार में खूब तरक्की प्राप्त होती है और जीवन में सुख-शांति व समृद्धि बनी रहती है। वृश्चिक राशि में बुध का गोचर होने से आपके बौद्धिक क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे और कमाई भी बढ़ती जाएगी। बुध का गोचर वृश्चिक राशि में 24 अक्टूबर से 23 नवंबर तक रहेगा। इससे वृषभ, वृश्चिक सहित 5 राशियों को भरपूर लाभ मिलेगा और धन लाभ होने से जेब भी भरती जाएगी।

**वृषभ** –बुध गोचर वृषभ राशि वालों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। मेहनत से आपको व्यवसाय के क्षेत्र में उन्नति प्राप्त होगी और सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ते जाएंगे। रिश्तों में सुख-शांति और खुशहाली बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप बड़ी सफलता हासिल करेंगे। साझेदारी में किए कार्यों में भी आपको लाभ प्राप्त होगी और नौकरी करने वालों को नए अवसर मिलेंगे। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा और जीवनसाथी के साथ रिश्ते मधुर होंगे। लव लाइफ के मामले में आपका रिश्ता आगे बढ़ने की संभावना भी बनी हुई है।

**सिंह** –व्यावसायिक क्षेत्र में आपके द्वारा किए गए प्रयास और मेहनत सफल होगी। इससे



प्रगति भी हासिल होगी और मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में नए संपर्कों से लाभ कमाएंगे और बड़ी सफलता मिलने की भी संभावना है। आपकी कमाई में वृद्धि होगी और अपने वरिष्ठों से सम्मान व सराहना भी प्राप्त होने की संभावना है। नौकरी करने वालों के मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी और नई जिम्मेदारियां मिलेंगी। निजी जीवन में भी खुशहाली आएगी और जीवनसाथी के साथ आपसी संबंध अच्छे बने रहेंगे। माता, जीवनसाथी और दोस्तों का पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही, परिवार के साथ खुशनुमा पल व्यतीत करेंगे और प्रियजनों के साथ रिश्ता मजबूत होगा।

**तुला** – रोजगार के क्षेत्र में बुध का गोचर आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। नाम की ख्याति होगी और आपको कार्यक्षेत्र में उन्नति प्राप्त होगी। कार्यालय का वातावरण सकारात्मक बना रहेगा और आपको सफलता मिलने की पूरी संभावना है। व्यापार के क्षेत्र में आपकी लगन और दृढ़ संकल्प के साथ आप आगे बढ़ते जाएंगे। आपको प्रतिद्वंद्वी चुनौती देने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन अपनी समझदारी और चतुराई से आप हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। निजी रिश्ते भी मधुर बने रहेंगे और दोस्तों व परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे।

**वृश्चिक** – बुध का गोचर हर मामले में वृश्चिक राशि वालों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा और स्वास्थ्य भी उत्तम रहेगा। व्यापार में लाभ मिलने के योग बनेंगे और साझेदारी में किए गए कार्यों से भी मुनाफा मिलेगा। स्व भाव में बुध का गोचर होने से आपके जीवन में सुखद परिवर्तन आएंगे, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। व्यवहार में भी बदलाव आएंगे, जिससे जीवनसाथी के साथ रिश्ता और भी ज्यादा मजबूत व मधुर होगा। रोजगार के क्षेत्र में अपनी समझदारी और बुद्धिमानी से आपको सफलता प्राप्त होगी। साहसिक निर्णयों से लाभ कमाएंगे और विरोधियों की योजनाएं भी फेल हो जाएंगी। आपके कार्य की वरिष्ठ लोग भी प्रशंसा करेंगे।

**कुंभ** – कारोबार के क्षेत्र में आपको नए अवसर प्राप्त होंगे, जो लाभ दिलाने वाले साबित होंगे। बुध का गोचर आपके करियर भाव में होगा। जिससे रोजगार के क्षेत्र में लाभ मिलने के साथ-साथ आपके नाम की भी ख्याति होगी। कार्यक्षेत्र में आपके द्वारा किए गए प्रयास सफल होंगे और धन लाभ के भी शुभ योग बनेंगे। साथ ही, आपको भविष्य में भी भरपूर लाभ मिलेगा। व्यक्तिगत संबंधों में खुशहाली बनी रहेगी और रिश्ते मजबूत होंगे। जीवनसाथी के साथ भी आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे और दोनों के रिश्ते मधुर होंगे।

संपादकीय

# मलबे की तहों पर

**डंपिंग** पर वैज्ञानिक नीति बनाने की आवश्यकता और अदालत के आदेश को कार्यान्वित करने की मंशा से हिमाचल ने कुछ महकमों की उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। मलबा अपने चरित्र में विस्फोटक हो गया और नवनिर्माण का यह वाई प्रोडेक्ट शैतान हो गया। दरअसल आपदा और निर्माण से पहले अगर मलबे की शक्ल देख ली जाए, तो टनों के हिसाब से हमने अपनी बर्बादी का सामान एकत्रित किया है। प्राकृतिक और बरसाती आपदा का हर कारण, मलबे की तहों पर खड़ा है। ऐसा भी नहीं कि मलबा इस्तेमाल नहीं हो सकता या इसके सदुपयोग से नई सतह पर आविष्कार नहीं हो सकता, लेकिन पिछले तीन दशकों या यूं कहें कि जब से धरती को खोदने की मशीनें सक्रिय हुई हैं, हमने इसे अपनी ही परेशानी का सबब बना लिया। मलबा पावर प्रोजेक्ट व बड़े बांधों की तश्तरी में आकर पानी में उफान पैदा कर रहा है। मानवीय गतिविधियों के अतिक्रमण से प्राकृतिक जल निकास को बाधित कर रहा है। गलत शहरी और ग्रामीण विकास से चिन्हित मलबे ने कई कब्रगाह बना लिए हैं, तो जलापूर्ति और सीवरेज की गलत स्थापना ने आसपास मलबे की नींव खोद दी है। ऐसा भी नहीं है कि सारा मलबा विकास ही पैदा कर रहा है। वनों के साम्राज्य को बढ़ाते हुए भौगोलिक दृष्टि से पैदा होती घास, झाडियों और वनस्पति को रौंद कर उगाए गए चीड़ प्रजाति के पेड़ों ने जमीन को भस्मासुर बना दिया। लगातार गिरते पेड़ों को अगर वन महकमा हटाए तथा जंगल में जल निकासी को दिशा दिखाए, तो कम से कम इसकी वजह से शुरू हुआ 'मलबा आखेट' तो कम हो जाएगा। बेशक समिति की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी महकमा अपनी सडक़ों के किनारे मलबे की डंपिंग या हर अवरुद्ध मार्ग को खोलने के प्रयत्न में इसे गहरी खाई या नदी-नालों में सरका देने की छूट से परहेज करना होगा। सडक़ों को खोदते विभिन्न विभाग भी कम दोषी नहीं, लेकिन ग्रामीण व शहरी समाज की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की परिपाटी अगर संबंधित विभाग नहीं बनाएंगे तो सारी बस्तियां एक दिन मलबा बन जाएंगी। टीसीपी एक्ट से भागते तमाम जनप्रतिनिधियों को भी बताना होगा कि जब किसी शहरी विकास योजना या ग्रीन बैल्ट के प्रतिबंध से हटा कर क्षेत्र मुक्त किए जाते हैं तो अंधाधुंध निर्माण अपने साथ मलबे की सौगात में प्राकृतिक व भौगोलिक परिस्थितियां बदल देता है। इसी बरसात की फांस में मंडी, मनाली, मकलोडगंज, सोलन, शिमला, नयना देवी और बाकी शहरों में गिरे मलबे में शहरी विकास योजनाओं का दोष खोज लेना चाहिए। शहरी निकाय खास तौर पर नगर निगमों में निर्माण की अनुमत्तियों के पैमाने साफ नहीं किए, तो हर इमारत एक दिन मलबा बनेगी। बहरहाल उपसमिति को डंपिंग का मूल्यांकन करते हुए आगे वैज्ञानिक समाधान खोजना होगा। यहां हम स्पष्ट कर दें कि नए डंपिंग ग्राउंड या डंपिंग से नए ग्राउंड बनाने की हर अवधारणा का समाधान केवल वन भूमि से ही निकलेगा। प्रदेश को जिस लैंड बैंक, डंपिंग स्थलों, जल निकासी और भविष्य के प्रति अति आवश्यक प्लानिंग की जरूरत है, उसके लिए भूमि की पुकार बदलते हुए, विकास के लिए जमीन की हर जरूरत जंगल से पूरी होगी। मलबे की डंपिंग को अगर योजनाबद्ध किया जाए, तो हर शहर और गांव में न केवल प्राकृतिक विनाश घटेगा, बल्कि इससे खेल मैदान, पार्किंग स्थल, चरागाहों का विस्तार, खड्डों व नालों के तटीकरण के अलावा लैंड बैंक विकसित करने की नई क्षमता विकसित होगी। अब विकास से पहले डंपिंग की राह को सशक्त करने की जरूरत तथा प्राकृतिक जल निकास के अलावा नई इमारतों के जल प्रबंधन को सुनिश्चित करना होगा।

प्राकृतिक और बरसाती आपदा का हर कारण, मलबे की तहों पर खड़ा है। ऐसा भी नहीं कि मलबा इस्तेमाल नहीं हो सकता या इसके सदुपयोग से नई सतह पर आविष्कार नहीं हो सकता, लेकिन पिछले तीन दशकों या यूं कहें कि जब से धरती को खोदने की मशीनें सक्रिय हुई हैं, हमने इसे अपनी ही परेशानी का सबब बना लिया। मलबा पावर प्रोजेक्ट व बड़े बांधों की तश्तरी में आकर पानी में उफान पैदा कर रहा है। मानवीय गतिविधियों के अतिक्रमण से प्राकृतिक जल निकास को बाधित कर रहा है। गलत शहरी और ग्रामीण विकास से चिन्हित मलबे ने कई कब्रगाह बना लिए हैं, तो जलापूर्ति और सीवरेज की गलत स्थापना ने आसपास मलबे की नींव खोद दी है। ऐसा भी नहीं है कि सारा मलबा विकास ही पैदा कर रहा है। वनों के साम्राज्य को बढ़ाते हुए भौगोलिक दृष्टि से पैदा होती घास, झाडि़यों और वनस्पति को रौंद कर उगाए गए चीड़ प्रजाति के पेड़ों ने जमीन को भस्मासुर बना दिया। लगातार गिरते पेड़ों को अगर वन महकमा हटाए तथा जंगल में जल निकासी को दिशा दिखाए, तो कम से कम इसकी वजह से शुरू हुआ 'मलबा आखेट' तो कम हो जाएगा। बेशक समिति की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी महकमा अपनी सडक़ों के किनारे मलबे की डंपिंग या हर अवरुद्ध मार्ग को खोलने के प्रयत्न में इसे गहरी खाई या नदी-नालों में सरका देने की छूट से परहेज करना होगा। सडक़ों को खोदते विभिन्न विभाग भी कम दोषी नहीं, लेकिन ग्रामीण व शहरी समाज की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की परिपाटी अगर संबंधित विभाग नहीं बनाएंगे तो सारी बस्तियां एक दिन मलबा बन जाएंगी।

कुछ अलग

# लाल गलीचे का इंतजार

**राज्यों** में फिर चुनावी दुदुंभि बजने लगी। नेतागण अपने शासनकाल की सफलता का लेखा-जोखा लेकर चले हैं। पिछली बार जब चुनाव जीते थे, उन्होंने वायदों के लाल गलीचे बिछा दिए थे। कहा था, वायदे का पक्का हूं, अपने शासनकाल में एक भी आदमी भूख से मरने नहीं दूंगा। एक भी बेकार को नौकरी के लिए छटपटाने नहीं दूंगा। लोगों के दफ्तरी काम चौबीस घंटे में करवा देने का वायदा तो पुरानी बात है, अब नई बात यह कि सरकारी कारिंदा आपके घर से आपके काम की गुजारिश नहीं, आप से काम का हुक्म लेकर जाएगा, और काम पूरा करने की सूचना सरकारी हस्ताक्षर सहित आपके घर पहुंचा कर दम लेगा। यह वायदा केवल एक सूबे से नहीं मिला था, जहां-जहां जिस सूबे में नए चुनाव की दुदुंभि बजी, वहां-वहां बेचारे लोगों (जो अब चुनाव के करीब जनता जनार्दन कहलाए जा रहे थे) ने पाया कि लगभग हर चुनाव में उतरे सूबे के गद्दीधारकों ने कम-ज्यादा ऐसे ही वचन देकर पिछली चुनावी महाभारत जीती थी। अब फिर जीतना चाहते थे। जब चुनावों का इन सब राज्यों में प्रचार भोंपू बजा तो गद्दी के अहलकारों ने फरमाया कि 'भाई जान, हमारा शासक उम्मीद से अधिक कामयाब रहा है। सरकार बहादुर ने गद्दी पर बैठते हुए जो वायदे किए थे, इनमें से पच्चासी प्रतिशत पूरे कर दिए हैं, जो बाकी पंद्रह प्रतिशत रह गए थे, वे वोट पडऩे में जो बाकी दिन रह गए हैं, उनमें पूरे कर दिए जाएंगे।' इसलिए आप पिछले वायदे पूरे हुए कि नहीं, इसकी चिंता छोडिये। हमारे लेखे-जोखे सब पूरे हुए। यह मान लोगे तभी तो हमें नए सोनपंखी वायवीय वचनों के लाल गलीचे बिछाने का अवसर मिलेगा।

## दीया जलाना निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, पर विरोधी हवाओं की चुनौती को स्वीकारना और दीया जलाए रखना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है

# भव्यता-दिव्यता के बीच बने समता का समाज

**इस** दीपावली पर हमने एक और कीर्तिमान बनाया—दीये जलाने का कीर्तिमान। दीपावली भगवान राम के चौदह साल के वनवास के बाद अयोध्या लौटने का पर्व है। जब राम अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों ने घी के दीये जलाकर खुशियां मनाई थीं। यह अन्याय पर न्याय और अंधेरे पर उजाले की जीत की खुशी थी। आज भी जब हम दिवाली की अमावस्या की रात को दीये जलाते हैं, तो इसी जीत को याद करते हैं और संकल्प करते हैं कि अंधेरे के खिलाफ यह लड़ाई जारी रहेगी। जीवन के हर अंधेरे को मिटाने का संकल्प हम दोहराते हैं। घर की देहरी पर दीया जलाना इसी संकल्प का प्रतीक है। पर यह बात भी याद रखनी होगी —दीया जलाने के संकल्प के साथ ही उसे जलाए रखने का संकल्प भी लेना होता है। जलाए रखना अर्थात तूफानी हवाओं की चुनौती को स्वीकार करना। किसी शायर ने लिखा है—'ख़िज़ां की रुत में गुलाब लहजा बनाकर रखना कमाल ये है/ हवा की ज़द में दीया जलाना, जलाकर रखना कमाल ये है।' दीया जलाना निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, पर विरोधी हवाओं की चुनौती को स्वीकारना और दीया जलाए रखना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। शायर ने इस चुनौती को स्वीकार करने को ही 'कमाल' कहा है। आज हम लाखों दीये जलाकर कमाल करने का दावा कर रहे हैं। साल-दर-साल अधिकाधिक दीये जलाने के कीर्तिमान स्थापित करके 'गिनीज़ बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स' में अपनी 'सफलता' का विवरण दर्ज कराके हम खुश हो सकते हैं, लेकिन याद रखने की बात यह है कि ऐसे कीर्तिमानों से अंधेरे दूर नहीं होते। कमाल तब होता है जब कोई एक अकेला दीपक सारे अंधेरे के अस्तित्व को चुनौती देता है। सवाल सिर्फ अंधेरे का ही नहीं, विरोधी हवाओं का भी है। इस संदर्भ में विश्वकवि रवींद्रनाथ ठाकुर की बड़े अर्थ वाली एक छोटी-सी कविता याद आती है। कविता का भाव कुछ इस प्रकार है—अमावस्या की काली रात जब घिरने लगी तो सूरज कुछ उदास था। जब सूरज से इस उदासी का कारण पूछा गया, तो उसने बताया—'मेरे अस्त होने के बाद छाए अंधेरे को कौन मिटाएगा?' एक छोटे से दीये ने सारी दुनिया को प्रकाशित करने वाले सूरज से कहा, 'आप चिंता मत करें, जब तक मैं हूं, अंधेरे के खिलाफ यह लड़ाई अपनी पूरी ताकत से जारी रखूंगा।' कवि ने लिखा है—यह सुनकर सूरज को चैन आ गया। उसे विश्वास हो गया कि काली रात का यह अंधेरा उजाले को नहीं हरा पाएगा। अंधेरा लाखों दीयों से नहीं, एक दीये की ज़िद से हारता है। ईमानदारी से व्यक्त किया गया एक दीये का विश्वास भले ही सब तरफ उजाला न करे, पर कोई एक किरण भी सवेरा होने का विश्वास जगाने के लिए पर्याप्त होती है। दिवाली हर साल हमें यही अहसास कराने आती है। हम लाखों दीये जलाकर अंधेरे को हराने का मिथ्याभिमान जीने लगे हैं। यह समझना ही नहीं चाहते कि दस कमरों के मकान में रहने वाला व्यक्ति रहता तो एक ही कमरे में है, बाकी कमरों में तो उसका घमंड ही रहता है! राम की कथा हमें यही समझाती है कि अपनी ताकत का घमंड हमें उस रावण की श्रेणी में लाकर खड़ा कर देता है, जो अन्याय और अत्याचार का प्रतीक है। मनुष्यता की लड़ाई रावण से नहीं, रावण की राक्षसी प्रवृत्ति से है। कई-कई रूप हैं इस राक्षसी प्रवृत्ति के—अन्याय, अत्याचार और विवेकहीनता से पलती है यह प्रवृत्ति। जीवन का असली अंधेरा यही प्रवृत्ति है। आदमी को अपनी मानवता बचाए रखने के लिए इसी अंधेरे को हराना होता है। प्रकाश चाहे सारे जग को आलोकित करने वाले सूरज का हो या छोटे से दीये का—संदेश एक ही देता है, मनुष्यता का संदेश। राम इसी मनुष्यता की जीत के प्रतीक हैं। राम ने कथनी से नहीं, करनी से मनुष्यता की यह लड़ाई जीती थी। निषाद को गले लगाने वाले राम ने समता का संदेश दिया। भीलनी के झूठे बेर खाकर, वानर और राक्षस जाति के आदिवासियों को अपनी विजय का माध्यम बनाकर, मर्यादा पुरुषोत्तम ने यह स्पष्ट कर दिया था कि आदर्श समाज-व्यवस्था में ऊंच-नीच के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। अपने घर की दीवारें हमें खुद उठानी हैं, छत स्वयं डालनी है। अपने घर के परिष्कार का बोझ भी घर-परिवार में रहने वालों का होता है। लाखों दीयों से घर को सजाने से कहीं बेहतर है एक दीये से आंगन में उजाले का बीज बोना। लाखों दीये जलें, इसमें कोई बुराई नहीं, पर सरयू के तट पर इतने दीये जलाने के बजाय लाखों वंचितों और दलितों के घरों में रोशनी करना क्या यह ज़्यादा ज़रूरी नहीं है? उन बच्चों की सुध कौन लेगा जो हज़ारों अधजले दीयों के बचे तेल को इकट्ठा करने निकल पड़ते हैं? उनकी इस विवशता को कौन समझेगा? यह भी याद रखना होगा कि भगवान राम ने वनवासियों को अपना सहयोगी बनाया था, पर हम उन्हें अपने निकट तक आने देना ही नहीं चाहते। सामाजिक विषमता का यह एक उदाहरण है, पर यह अकेला उदाहरण नहीं। आर्थिक और सामाजिक विषमता ने मिलकर हमारी उपलब्धियों को कमतर बना दिया है। पिछले तीन-चार दशकों में देश ने कई मोर्चों पर विजय के झंडे फहराए हैं, पर यह विडंबना है कि एक ओर हमारी प्रगति ने नए प्रतिमान बनाए हैं, वहीं दूसरी ओर विषमता की खाइयां और चौड़ी हुई हैं। सन् 2021 की ऑक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया था कि महामारी (मार्च, 2020 से नवंबर, 2020) के दौरान देश के 84 प्रतिशत परिवारों की आमदनी में गिरावट आई थी। वह समय की मार हो सकती है, लेकिन उसके बाद भी, पिछले दो-तीन वर्षों में आर्थिक विषमता कम नहीं हुई। ऑक्सफैम ने निष्कर्ष के रूप में कहा था—'भारत में संपदा की गैरबराबरी उस आर्थिक व्यवस्था का परिणाम है जो गरीब और हाशिये पर के लोगों के खिलाफ, चरम धनिकों के पक्ष में धांधली का शिकार है।' 'भव्य और दिव्य' उपलब्धियों की हमारे नेतागण अक्सर चर्चा करते हैं। इस भव्यता और दिव्यता के नए-नए कीर्तिमान स्थापित होते हैं। यह दुर्भाग्य ही है कि कीर्तिमानों के इस शोर में उनकी आवाज़ें दब-सी जाती हैं, जो भगवान राम की नगरी में दीये गिनने के बजाय उस तेल को समेटने में व्यस्त हो जाते हैं जो जलते दीपकों के बुझ जाने पर बच जाता है। और यह भी कोई कम विडंबना नहीं है कि एक ओर तो गरीबी कम होने के दावे किए जा रहे हैं, और दूसरी ओर गरीब और अमीर के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है। देश में अरबपतियों की बढ़ती संख्या भी लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है! सवाल इन कीर्तिमानों की चकाचौंध में इस सत्य को भुला देने का है कि देश की अस्सी प्रतिशत आबादी आज भी दो समय की रोटी जुटाने के लिए सरकार के पांच किलो मुफ्त अनाज पर निर्भर है। आंकड़े बता रहे हैं कि देश की कुल संपदा का 77 प्रतिशत हिस्सा देश के ऊपरी पायदान पर रहने वाली 10 प्रतिशत जनता के पास है —और हकीकत यह भी है कि यह आर्थिक विषमता बढ़ती जा रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति सामाजिक विषमता की है। जाति, लिंग, धर्म आदि के आधार पर जो विषमताग्रस्त समाज हमने बना रखा है, वह भव्यता और दिव्यता के हमारे सारे दावों को झुठला रहा है।



दीपावली भगवान राम के चौदह साल के वनवास के बाद अयोध्या लौटने का पर्व है। जब राम अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों ने घी के दीये जलाकर खुशियां मनाई थीं। यह अन्याय पर न्याय और अंधेरे पर उजाले की जीत की खुशी थी। आज भी जब हम दिवाली की अमावस्या की रात को दीये जलाते हैं, तो इसी जीत को याद करते हैं और संकल्प करते हैं कि अंधेरे के खिलाफ यह लड़ाई जारी रहेगी। जीवन के हर अंधेरे को मिटाने का संकल्प हम दोहराते हैं। घर की देहरी पर दीया जलाना इसी संकल्प का प्रतीक है। पर यह बात भी याद रखनी होगी —दीया जलाने के संकल्प के साथ ही उसे जलाए रखने का संकल्प भी लेना होता है। जलाए रखना अर्थात तूफानी हवाओं की चुनौती को स्वीकार करना।

देश दुनिया से

# संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की भारतीय मांग

**कल** शुक्रवार को वैश्विक संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ अपनी स्थापना के बाद 81वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। 24 अक्तूबर, 1945 में जब द्वितीय विश्व युद्ध की राख से संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) का जन्म हुआ, तो इसके चार्टर में एक ही सपना बुना गया था, विश्व शांति, सहयोग और समानता का ऐसा ताना-बाना, जो आने वाली पीढियों को युद्ध की भयावहता से बचाए। परंतु आज, जब यह संस्था अपने 81वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है, तो उसके मूल उद्देश्य और मौजूदा स्वरूप के बीच गहरी खाई दिखाई देती है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 सितंबर 2020 को संयुक्त राष्ट्र के 75वें अधिवेशन में जिस दृढ़ता से इस संस्था में व्यापक सुधार की मांग उठाई थी, वह केवल भारत की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की आवाज थी। उनका सवाल था, आखिर भारत जैसे देश को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए और कब तक इंतजार करना होगा? भारत, जो दुनिया की पहली सबसे बड़ी आबादी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है, जिसने शांति, विकास और मानवता के क्षेत्र में अनगिनत योगदान दिए हैं, आज भी सुरक्षा परिषद के निर्णायक वर्ग से बाहर है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र के पांच स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन, वीटो शक्ति के बल पर आज भी पूरी संस्था के निर्णयों को अपनी इच्छा अनुसार नियंत्रित करते हैं। परिणामस्वरूप, चाहे रूस-यूक्रेन का युद्ध हो, गाजा का संकट हो या म्यांमार की स्थिति, संयुक्त राष्ट्र अक्सर असहाय और निष्क्रिय दिखाई देता है। इस वीटो व्यवस्था ने लोकतांत्रिक बहुमत की अवधारणा को कमजोर किया है, क्योंकि एक देश का 'ना' विश्व की सामूहिक इच्छा पर भारी पड़ जाता है। इसलिए विश्व के कई प्रमुख देशों की मांग है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में विकासशील और कम विकसित देशों को अधिक प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। स्थायी सदस्यों को भी एक निश्चित अवधि पूरी होने के बाद बदल दिया जाना चाहिए। भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान ने मिलकर जी-4 समूह बनाकर इस व्यवस्था में बदलाव की मांग की है। भारत का तर्क स्पष्ट है, जब संयुक्त राष्ट्र के निर्णय सभी देशों को प्रभावित करते हैं, तो प्रतिनिधित्व भी सभी को मिलना चाहिए। भारत न केवल एशिया का बल्कि विश्व का प्रामाणिक प्रतिनिधि है, जिसने विकास, जलवायु, न्याय, गरीबी उन्मूलन और शांति स्थापना के लिए ठोस प्रयास किए हैं। शांति अभियानों की बात करें तो भारत का योगदान अनुपम है। 1950 के दशक से अब तक भारत ने 50 से अधिक यूएन मिशनों में 2.9 लाख से अधिक सैनिक भेजे हैं। आज भी भारत के लगभग सात हजार से अधिक सैनिक और पुलिसकर्मी विभिन्न विश्व शांति अभियानों में कार्यरत हैं। भारत ने 82 देशों के आठ सौ से अधिक अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया है। यह योगदान केवल सैन्य नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टि से भी असाधारण है, जो यह साबित करता है कि भारत विश्व शांति में आस्था रखता है, न कि प्रभुत्व में। परंतु दुखद यह है कि ऐसी प्रतिबद्धता के बावजूद भारत को निर्णयकारी मंच से दूर रखा गया है। संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि सुधार की दिशा में ठोस कदम न उठाने पर यह संस्था धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खो देगी। दुनिया बदल चुकी है, अब संघर्ष केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहे, बल्कि व्यापार, जलवायु परिवर्तन, महामारी, साइबर अपराध, आतंकवाद और प्रवासन जैसी नई चुनौतियों ने वैश्विक व्यवस्था को जटिल बना दिया है। इन चुनौतियों के समाधान के लिए 1945 की सोच नहीं, बल्कि 21वीं सदी की समावेशी दृष्टि की आवश्यकता है। इसी तरह आतंकवाद के प्रश्न पर भी संयुक्त राष्ट्र असफल रहा है। 1996 में भारत ने 'अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक संधि' का प्रस्ताव रखा था, परंतु 29 वर्षों बाद भी यह प्रस्ताव अधर में है, क्योंकि सदस्य देश आज तक आतंकवाद की परिभाषा पर सहमत नहीं हो पाए। भारत चाहता है कि जो देश शांति स्थापना, मानवीय सहायता और विकास में वास्तविक योगदान दे रहे हैं, उन्हें निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रतिनिधित्व मिले। भारत जैसे देश, जो जी-20, ब्रिक्स और आईबीएसए जैसे मंचों पर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, वे इस समावेशी वैश्विक नेतृत्व को आकार देने में सक्षम हैं। नरसंहार, युद्ध अपराध या मानवता के विरुद्ध अपराधों के मामलों में वीटो के उपयोग पर भी सीमा लगाई जानी चाहिए, ताकि न्याय की राह किसी एक देश की राजनीतिक इच्छा पर निर्भर न रहे। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र की जवाबदेही और पारदर्शिता के लिए उसके कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा और स्वतंत्र लेखा परीक्षण आवश्यक है। भारत की भूमिका केवल सुधार की मांग तक सीमित नहीं, बल्कि यह नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को भी तैयार है। योग दिवस, जलवायु न्याय, वसुधैव कुटुंबकम् की भावना और मानव कल्याण पर आधारित भारत की विदेश नीति यह दिखाती है कि भारत शक्ति संतुलन नहीं, बल्कि संतुलित शक्ति का प्रतीक बनना चाहता है। संयुक्त राष्ट्र अपनी 81वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, आत्ममंथन का भी है। विश्व अब बहुध्रुवीय हो चुका है। ऐसे में यूएन को भी बहु-आवाजीय बनना होगा। यदि यह संस्था समय के अनुरूप खुद को ढालने में असफल रहती है, तो नई क्षेत्रीय व्यवस्थाएं, जैसे जी-20, ब्रिक्स और अफ्रीकी संघ, धीरे-धीरे इसकी भूमिका को प्रतिस्थापित कर देंगी। अतः अब समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र अपने चार्टर के मूल उद्देश्य, 'हम लोग युद्ध से आने वाली भावी पीढियों को बचाना चाहते हैं', को फिर से व्यवहार में उतारें और यह तभी संभव है जब भारत जैसे देशों को निर्णायक भूमिका देकर इस संस्था को समावेशी, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जाए। यही वह दिशा है, जो 21वीं सदी में संयुक्त राष्ट्र को फिर से मानवता की आशा का प्रतीक बना सकती है।

संयुक्त राष्ट्र संघ अपनी स्थापना के बाद 81वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। 24 अक्तूबर, 1945 में जब द्वितीय विश्व युद्ध की राख से संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) का जन्म हुआ, तो इसके चार्टर में एक ही सपना बुना गया था, विश्व शांति, सहयोग और समानता का ऐसा ताना-बाना, जो आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की भयावहता से बचाए। परंतु आज, जब यह संस्था अपने 81वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है, तो उसके मूल उद्देश्य और मौजूदा स्वरूप के बीच गहरी खाई दिखाई देती है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 सितंबर 2020 को संयुक्त राष्ट्र के 75वें अधिवेशन में जिस दृढ़ता से इस संस्था में व्यापक सुधार की मांग उठाई थी, वह केवल भारत की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की आवाज थी।

आप का नजरिया

# सिर्फ नोबेल के युद्धविराम

**गाजा** में 10 दिन में ही युद्धविराम टूट गया, लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि युद्धविराम नहीं टूटा है। इसी मानसिकता के साथ वह यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर युद्धविराम का दबाव डाल रहे हैं। बल्कि जेलेंस्की ने यूक्रेन के नक्शे वाला जो दस्तावेज राष्ट्रपति ट्रंप के सामने रखा था, उसे ट्रंप ने फाड़ दिया। इतना अहंकार... ! रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर 2 घंटे की जो लंबी बातचीत हुई थी, राष्ट्रपति ट्रंप उसे लेकर फुलफुला रहे थे, लिहाजा उन्होंने जेलेंस्की की सामरिक मदद करने से साफ इंकार कर दिया। विध्वंसक मिसाइल 'टॉमहॉक' हासिल करने की जेलेंस्की की उम्मीदें, एक वार्तालाप के साथ ही, ध्वस्त हो गईं। ट्रंप की भाषा में कहें, तो उन्होंने यूक्रेन को आत्मसमर्पण करने की नसीहत दी है। राष्ट्रपति जेलेंस्की अपने देश के बचे-खुचे लोगों को क्या जवाब देंगे? यूक्रेन के 15-16 फीसदी क्षेत्र पर रूस का कब्जा है, क्या जेलेंस्की उसे जाने देंगे? पुतिन ने एक और झटका ट्रंप को दिया है। उन्होंने न जाने क्या कहा है कि 'व्हाइट हाउस' को घोषणा करनी पड़ी कि हंगरी के बुडापेस्ट में ट्रंप-पुतिन की जो मुलाकात होनी थी, उसे रद्द कर दिया गया है। फिलहाल अगली मुलाकात अनिश्चित है। हालांकि बुडापेस्ट की प्रस्तावित मुलाकात पर फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने आग्रह किया था कि उस बैठक में यूरोप और यूक्रेन के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। यूरोप और नाटो रूस के खिलाफ बड़े युद्ध की तैयारियां भी कर रहे हैं। बहरहाल संवाद और मुलाकात का यह अध्याय फिलहाल बंद हो गया है, लेकिन गाजा पर राष्ट्रपति ट्रंप का विरोधाभास आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि उनके शांति-प्रयास और समझौते तथा थोपे गए युद्धविराम सिर्फ नोबेल शांति पुरस्कार पाने के मद्देनजर ही हैं, लिहाजा वे सार्थक और दीर्घकालीन साबित नहीं हो पा रहे हैं। गाजा में करीब 65,000 लोग हताहत हो चुके हैं। शहर, स्कूल, अस्पताल लगभग खंडहर बने हैं। फिर न जाने क्या उकसाहट और उल्लंघन सामने आए कि इजरायल ने गाजा के एक स्कूल, हमास आतंकियों के ठिकानों, हथियार-डिपो और सुरंगों पर विनाशकारी हवाई हमले किए। एक बार फिर चारों ओर धुआं ही धुआं दिखाई दिया। ऐसी रपटें हैं कि इजरायल सेनाओं ने 24 घंटे में ही 153 टन बारूद का इस्तेमाल कर गाजा को दहला दिया। जहां ऐसा विनाश, विध्वंस और जंगी हालात हों, वहां युद्धविराम की कल्पना करना ही बेवकूफी है। न जाने किन आधारों पर राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि युद्धविराम अभी टूटा नहीं है। यह दावा ही हास्यास्पद है। अमरीकी राष्ट्रपति शेष दुनिया को न जाने किस 'दृष्टि' से देखना चाहते हैं। गाजा में युद्धविराम थोपा हुआ था। शायद इसीलिए वह बंधकों और कैदियों की आपसी रिहाई तक ही सीमित रहा! बाद में हमास ने भी कत्लेआम शुरू कर दिया और अब इजरायल की सेनाओं ने विनाशकारी हमला बोल दिया। कहा जा रहा है कि हमास ने 47 से अधिक उल्लंघन किए थे, लिहाजा इजरायली सेनाओं को लौट कर हमले करने पड़े। अमरीकी राष्ट्रपति ने भी हमास को चेतावनी दी है कि वे युद्धविराम को कबूल करें और शिद्दत से लागू करें, नहीं तो उन्हें मिटा दिया जाएगा। ऐसे स्वर और धमकियां क्या शांति-प्रयासों के हिस्से हो सकते हैं? यकीनन यह युद्ध की भाषा है। गाजा और रूस-यूक्रेन के अलावा, पाकिस्तान, तालिबान, बलूचिस्तान में गहरा तनाव पसरा है। शायद राष्ट्रपति ट्रंप इन इलाकों में संपूर्ण रूप से अप्रासंगिक हैं, लिहाजा हस्तक्षेप नहीं कर पा रहे हैं। पाकिस्तान तो अमरीका का पि_ देश है, जहां आम सब्जियां 100-150 से 400-500 रुपए किलो के भाव बेची जा रही हैं। यहां अवाम में भरपूर गुस्सा और असंतोष है। लावा कभी भी फूट सकता है। इन तीनों ही इलाकों की बुनियादी संस्कृति कबीलाई है, लिहाजा वे एक-दूसरे को कभी भी मार सकते हैं। यहां शांति और स्थिरता की बहुत दरकार है, क्योंकि प्रकृति ने इन इलाकों को बेशकीमती खनिज दिए हैं, लेकिन ये फिर भी गरीब, फटेहाल हैं, क्योंकि उन संसाधनों का उचित तौर पर दोहन नहीं किया जा रहा। बुनियादी लड़ाई खनिजों पर कब्जे को लेकर है। मुक्ति, आजादी तो सतही जुमले हैं। यदि ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अपनी दावेदारी ठोस और सशक्त करना चाहते हैं, तो शांति और युद्धविराम के प्रति ईमानदारी बरतें। वास्तविक अर्थों में युद्धविराम होना चाहिए। एक ओर शांति के लिए काम करने का दिखावा और दूसरी ओर युद्ध की धमकियां एक बड़ा विरोधाभास है।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर 2 घंटे की जो लंबी बातचीत हुई थी, राष्ट्रपति ट्रंप उसे लेकर फुलफुला रहे थे, लिहाजा उन्होंने जेलेंस्की की सामरिक मदद करने से साफ इंकार कर दिया। विध्वंसक मिसाइल 'टॉमहॉक' हासिल करने की जेलेंस्की की उम्मीदें, एक वार्तालाप के साथ ही, ध्वस्त हो गईं। ट्रंप की भाषा में कहें, तो उन्होंने यूक्रेन को आत्मसमर्पण करने की नसीहत दी है। राष्ट्रपति जेलेंस्की अपने देश के बचे-खुचे लोगों को क्या जवाब देंगे? यूक्रेन के 15-16 फीसदी क्षेत्र पर रूस का कब्जा है, क्या जेलेंस्की उसे जाने देंगे? पुतिन ने एक और झटका ट्रंप को दिया है। उन्होंने न जाने क्या कहा है कि 'व्हाइट हाउस' को घोषणा करनी पड़ी कि हंगरी के बुडापेस्ट में ट्रंप-पुतिन की जो मुलाकात होनी थी, उसे रद्द कर दिया गया है। फिलहाल अगली मुलाकात अनिश्चित है। हालांकि बुडापेस्ट की प्रस्तावित मुलाकात पर फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने आग्रह किया था कि उस बैठक में यूरोप और यूक्रेन के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। यूरोप और नाटो रूस के खिलाफ बड़े युद्ध की तैयारियां भी कर रहे हैं।

दृष्टि कोण

# बढ़ते जोखिमों के बीच विकास दर अनुमान में बढ़ोतरी

**भारतीय** रिज़र्व बैंक ने हाल ही में भारत के अपने सकल घरेलू उत्पाद विकास दर अनुमान को 30 आधार अंकों की वृद्धि देते हुए, चालू वित्त वर्ष के लिए 6.8 प्रतिशत बताया है। इसके बाद, अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ने भी भारत को लेकर अपने अनुमान को 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। लिहाजा, 2025 में भारत सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। हालांकि, अमेरिका, यूरोपियन देशों और उभरते बाजारों की वृद्धि भी, विभिन्न कारणों से, तेज़ होने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उच्च टैरिफ और भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं लगातार बने रहने के बावजूद वैश्विक आर्थिक गतिविधियां लचीलापन लिए हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उससे जुड़ी तकनीकों और बुनियादी ढांचा विकास, खासकर डेटा केंद्रों में निवेश से चालित है। इससे घरेलू स्तर पर और यूरोप एवं एशिया में भी, डेटा केंद्रों के निर्माण और अन्य आवश्यक इनपुट की मांग बढ़ी है। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार, 2025 में अमेरिका की अनुमानित 1.9 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा ऐसे निवेशों से आएगा। हालांकि कुछ लोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में निवेश को जोखिम भरा मानते हैं। उभरते बाजारों और एशिया में, विकास दो अलग-अलग चरण में होने की उम्मीद है। वर्ष की पहली छमाही में अमेरिका को निर्यात में तेज़ी आने से लाभ हुआ, जिससे दूसरी छमाही में लागू होने वाली उच्च टैरिफ के असर से बचा जा सका। हो सकता है टैरिफ में और बढ़ोतरी से यह प्रवृत्ति वर्ष के उत्तरार्ध में जारी न रहे। एशिया में सबसे ज़्यादा अमेरिकी टैरिफ का सामना भारत को करना पड़ा रहा है। हालांकि फार्मास्यूटिकल्स और स्मार्टफोन जैसे क्षेत्र को, जो अमेरिका को होने वाले भारत के कुल निर्यात का एक-चौथाई हिस्सा हैं, टैरिफ से छूट दे रखी है, लेकिन व्यापार समझौते के अभाव में वर्ष की दूसरी छमाही में टैरिफ में और वृद्धि होने की उम्मीद है। इस सबके बावजूद, भारत की विकास दर के पूर्वानुमान को बढ़ा दिया गया है। ऐसा क्यों? चालू वित्त वर्ष की शुरुआत मज़बूत रही और पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई, जो उम्मीदों से ज़्यादा रही। इसके पीछे की वजह निजी खपत में बढ़ोतरी, सरकारी पूंजीगत व्यय और सेवा क्षेत्र में हुई वृद्धि रही और इसने पूर्वानुमानों में बढ़ोतरी की। देश के नियंत्रण से बाहर, लेकिन महत्वपूर्ण आर्थिक निहितार्थ वाले कारक काफी हद तक अनुकूल रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतें पिछले वित्त वर्ष में 78.9 डॉलर प्रति बैरल से घटकर इस वित्तीय वर्ष में औसतन 64 डॉलर प्रति बैरल रहने की उम्मीद है। कच्चे तेल की कम कीमतें मुद्रास्फीति और चालू खाता घाटे (सीएडी) को नियंत्रण में रखने में मदद करती हैं, जिससे विकास को बढ़ावा मिलता है। कैलेंडर वर्ष 2024 और 2025 में मानसून की बारिश सामान्य से अधिक और लंबी चली, और देश में अखिल भारतीय वर्षा स्तर के औसत से 8 प्रतिशत अधिक बारिश हुई। हालांकि, वर्षा वितरण विकृत रहा और अत्यधिक वर्षा भुगतने वाले इलाकों की संख्या 2025 में दोगुनी हो गई। जहां पंजाब, राजस्थान, हरियाणा और तेलंगाना में फसल को भारी नुकसान हुआ है वहीं अन्य क्षेत्रों में खेती के अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, चावल और गेहूं का आपातकालीन भंडार, अनाज भंडारण मानकों से ऊपर बना हुआ है। सर्दियों की फसलों, जिन्हें ज्यादातर सिंचाई की जरूरत पड़ती हैं, को बेहतर हुए भूजल और जलाशय स्तर से लाभ मिलने की उम्मीद है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को बाहरी स्वस्थ संकेतकों और मज़बूत बैलेंस शीट का साथ मिला हुआ है।



# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

अपने आहार पर नियंत्रण रखें और चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। व्यापारियों को आज व्यापार में घाटा हो सकता है और अपने व्यापार को बेहतर बनाने के लिए आपको पैसा खर्च करना पड़ सकता है। परिवार की जरुरतों को पूरा करते-करते आप कई बार खुद को वक्त देना भूल जाते हैं। लेकिन आज आप सबसे दूर होकर अपने आप के लिए वक्त निकाल पाएंगे। वैवाहिक जीवन का आनन्द लेने के पर्याप्त मौक़े हैं आज आपके पास। खुद को एकाग्र करने की कोशिश करें इससे सारे काम अच्छी तरह हो पाएंगे।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आपके माता पिता आपकी फिजूलखर्ची को देखकर आज चिंतित हो सकते हैं और इसलिए आपको उनके गुस्से का शिकार भी होना पड़ सकता है। ऐसे दोस्तों के पास जाएँ, जिन्हें आपकी ज़रूरत है। दिन की शुरुआत भले ही थोड़ी थकाऊ रहे लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा आपको अच्छे फल मिलने लगेंगे। दिन के अंत में आपको अपने लिए समय मिल पाएगा और आप किसी करीबी से मुलाकात करके इस समय का सदुपयोग कर सकते हैं। आपके जीवनसाथी की मांगें तनाव का कारण बन सकती हैं।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

स्वास्थ्य के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिज़ाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी आज बिगड़ती सकती है। आपका मज़ाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इज़ाफ़ा करेगा। इस राशि के जातक खाली वक्त में आज किसी समस्या का समाधान निकालने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन आप व आपके जीवनसाथी के बीच का बंधन बहुत मज़बूत है और इसे तोड़ना आसान नहीं है। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में रमेगा जिससे आपको मानसिक शांति का अनुभव होगा।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

बैंक से जुड़े लेन-देन में काफ़ी सावधानी बरतने की ज़रूरत है। रिश्तेदारों से अचानक तोहफ़ा मिल सकता है, लेकिन पूरी संभावना है कि वे इसके बदले में आपसे कुछ चाहते हों। बेवजह का शक रिश्तों को खराब करने का काम करता है। आज आपको रिश्तों की अहमियत का अंदाज हो सकता है क्योंकि आज के दिन का ज्यादातर समय आप अपने परिवार के लोगों के साथ बिताएंगे। अगर आप अपने जीवनसाथी की छोटी-छोटी बातों को नज़रअन्दाज़ करेंगे, तो उन्हें बुरा लग सकता है। इस सप्ताहांत में आप काफ़ी-कुछ करना चाहते हैं, लेकिन अगर आप काम टालते रहेंगे तो ख़ुद पर ही खीझ पैदा होने लगेगी।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

सेहत को लेकर ज़्यादा देखभाल की ज़रूरत है। आपको कमीशन, लाभांश या रॉयल्टी के ज़रिए फ़ायदा होगा। नाती-पोतों से आज काफ़ी ख़ुशी मिल सकती है। सच्चे और पवित्र प्रेम का अनुभव करें। लम्बे वक़्त से लटकी हुई दिक़्क़तों को जल्द ही हल करने की ज़रूरत है और आप जानते हैं कि आपको कहीं-न-कहीं से शुरुआत करनी होगी- इसलिए सकारात्मक सोचें और आज से ही प्रयास शुरू करें। यह समय जीवन में आपको वैवाहिक जीवन का भरपूर आनन्द देगा। अगर आज कुछ ज़्यादा करने को नहीं है तो किसी लाइब्रेरी में समय बिताना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आपको अपना अतिरिक्त समय अपने शौक़ पूरे करने या उन कामों को करने में लगाना चाहिए, जिन्हें करने में आपको सबसे ज़्यादा मज़ा आता है। अगर सफर कर रहे हैं तो अपने कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें अगर आप ऐसा नहीं करते तो सामान के चोरी होने की संभावना है। आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान ख़रीद सकते हैं। जब आपसे राय पूछी जाए तो संकोच न करें- क्योंकि इसके लिए आपकी काफ़ी तारीफ़ होगी। आपके दिन की शुरुआत शानदार रहेगी और इसलिए आज पूरे दिन आप ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

नियमित व्यायाम के माध्यम से वज़न को नियन्त्रित रखें। प्रोपर्टी से जुड़े लेन-देन पूरे होंगे और लाभ पहुँचाएंगे। आपका गर्मजोशी भरा बर्ताव घर का माहौल ख़ुशनुमा कर देगा। अपने प्रिय की ग़ैरमौजूदगी में आप ख़ुद को बिल्कुल खाली महसूस करेंगे। वह काम जो आज आप दूसरों के लिए स्वेच्छा से करेंगे, न सिर्फ़ औरों के लिए मददगार साबित होगा बल्कि आपके दिल में ख़ुद की छवि भी सकारात्मक होगी। जीवनसाथी का स्वास्थ्य कुछ गड़बड़ हो सकता है। ऑफिस के दोस्तों के साथ ज्यादा समय बिताना आपके लिए अच्छा नहीं है ऐसा करके आप अपने घर वालों के गुस्से का शिकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

बीमारी आपकी उदासी की वजह हो सकती है। आपको परिवार में फिर से ख़ुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द-से-जल्द इससे बाहर आने की ज़रूरत है। जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें। लेकिन आज ऐसा दिन है जब आपके पास अपने लिए भरपूर समय होगा। रिश्तेदारों को लेकर जीवनसाथी के साथ नोंकझोंक हो सकती है। आज आपका व्यक्तित्व लोगों को निराश कर सकता है इसलिए आपको अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव करने की जरुरत है।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

रात के समय आप आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है क्योंकि आपके द्वारा दिया गया धन आज आपको वापस मिल सकता है। मेहमानों के साथ का आनंद लेने के लिए बढ़िया दिन है। अपने रिश्तेदारों के साथ कुछ ख़ास करने की योजना बनाएँ। इसके लिए वे आपकी तारीफ़ करेंगे। बिना किसी को बताए आज आप अकेले वक्त बिताने घर से बाहर जा सकते हैं। आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा नहीं रहेगा क्योंकि कई मामलों में आपसी असहमति रह सकती है; और इससे आपके रिश्ते कमजोर होंगे। परिवार के साथ शॉपिंग पर जाना संभव लग रहा है ।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई ख़ुशनुमा पल लेकर आएगा। धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है। कोई ऐसा जिसके साथ आप रहते हैं, आपके लापरवाह और अनिश्चित बर्ताव की वजह से चिढ़ सकता है। सैर-सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा। परिवार के साथ मिलकर किसी ज़रूरी फ़ैसले को अन्तिम रूप दिया जा सकता है। ऐसा करने के लिए यही सही वक़्त भी है। आगे चलकर यह निर्णय काफ़ी लाभदायक साबित होगा।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आपका धन आपके काम तभी आता है जब आप फिजूलखर्ची करने से खुद को रोकते हैं आज ये बात आपको अच्छी तरह से समझ में आ सकती है। परिवार की स्थिति आज वैसी नहीं रहेगी जैसा आप सोचते हैं। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें। अगर आप जल्दबाज़ी में निष्कर्ष निकालेंगे और ग़ैर-ज़रूरी काम करेंगे, तो आज का दिन काफ़ी निराशाजनक हो सकता है। लंबे समय के बाद आप भरपूर नींद का मज़ा ले पाएंगे। इसके बात आप बहुत शान्त और तरोताज़ा महसूस करेंगे।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

अपना मूड बदलने के लिए किसी सामाजिक आयोजन में शिरकत करें। बिना किसी की सलाह लिये बिना आज आपको पैसा कहीं भी इनवेस्ट नहीं करना चाहिए। घरेलू काम-काज निपटाने में बच्चे मदद करेंगे। खाली वक़्त में उन्हें ऐसे काम करने के लिए उत्साहित करें। आपके प्रिय की तबीयत ख़राब हो सकती हैं । आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता प्रभावशाली साबित होगी। अगर आपके जीवनसाथी का मन खिन्न है और चाहते हैं की दिन अच्छा गुज़रे, तो चुप्पी साधे रहें। यात्रा पर किसी हसीन अजनबी से मुलाकात आपको अच्छे अनुभव करा सकती है।

# आज का पंचांग

दिनांक : 24 अक्टूबर 2025 , शुक्रवार
विक्रम संवत : 2082
मास : कार्तिक , शुक्ल पक्ष
तिथि : तृतीया रात्रि 01:20 तक
नक्षत्र : अनुराधा अहोरात्र
योग : सौभाग्य रात्रि 05:54 तक
करण : तैतिल दोपहर 12:04 तक
चन्द्रराशि : वृश्चिक
सूर्योदय : 06:11, सूर्यास्त 05:48 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:11, सूर्यास्त 05:56 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:04, सूर्यास्त 05:48 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:02, सूर्यास्त 05:40 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चंचल : 06:00 से 07:30
लाभ : 07:30 से 09:00
अमृत : 09:00 से 10:30
शुभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : प्रातः 10:30 से 12:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : दूध पीकर यात्रा करें
दिन विशेष : कार्तिक मासे दीपदान विशेष: ,
स्वाति में रवि प्रातः 06:40 से




* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# हरियाणा के किसी भी विद्यार्थी की स्कॉलरशिप राशि न छूटे, अधिकारी करें सुनिश्चित : सैनी



**चंडीगढ़,23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के तहत किसी भी विद्यार्थी की स्कॉलरशिप राशि न छूटे इसके लिए हरियाणा भवन स्थित आवासीय आयुक्त यह सुनिश्चित करें कि केंद्रीय मंत्रालयों के द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की जानकारी लेने के लिए संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर रखें और प्रदेश सरकार के विभागों को भी इस बारे में नियमित रूप से अवगत कराएं। साथ ही स्कूल व कॉलेजों के प्रिंसिपल भी विद्यार्थियों को योजनाओं की जानकारी दें और उनके स्कॉलरशिप के ऑनलाइन फार्म भी भरवाना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री आज सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में एससी व बीसी विद्यार्थियों को दी जाने वाली स्कॉलरशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई भी मेधावी व जरूरतमंद छात्र आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप योजनाओं की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि हर स्कूल और कॉलेज में सूचना बोर्ड लगाए जाएं, जिन पर सभी छात्रवृत्ति योजनाओं की पूरी जानकारी साफ-साफ लिखी हो ताकि विद्यार्थियों को फार्म भरने और आवेदन की प्रक्रिया में कोई कठिनाई न हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं की ग्राउंड मॉनिटरिंग करें और समय-समय पर समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपें, ताकि प्रदेश सरकार अपनी 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी विद्यार्थियों के खातों में डाल सकें और शेष 60 प्रतिशत केंद्र की हिस्सेदारी सीधे डीबीटी के माध्यम विद्यार्थियों के खाते में आ सके।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के दाखिले के समय ही काउसंलिग के दौरान अधिकारी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को जानकारी दें कि यदि वे स्कॉरशिप योजना के पात्रता में आते हैं तो विद्यार्थी का बैंक खाता आधार से लिंक करवाएं, ताकि उन्हें समय़ पर स्कॉलरशिप मिल सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष ध्यान देश के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) पर केंद्रित है, ताकि हर युवा आत्मनिर्भर बन सके और अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग कर सके।

इसी दिशा में हरियाणा सरकार भी राज्य के विद्यार्थियों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से जुड़े अनुसूचित जाति (एससी) और पिछड़ा वर्ग (बीसी) के युवाओं के कौशल को निखारने पर विशेष बल देगी। सरकार का लक्ष्य है कि ये विद्यार्थी न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें बल्कि रोजगार योग्य बनें और आत्मसम्मान के साथ समाज में अग्रणी भूमिका निभाएं। बैठक में उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि स्कॉलरशिप योजनाएं उच्चतर शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, पशुपालन एवं डेयरी, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष विभागों द्वारा चलाई जा रही हैं। विद्यार्थियों स्कॉलरशिप के लिए को उच्चतर शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड करना होता है। उसके बाद संबंधित कॉलेज या विश्वविद्यालय तथा विभाग द्वारा सत्यापित करना होता है। इसके उपरांत राज्य सरकार की हिस्सेदारी का 40 प्रतिशत अदायगी की जाती है। तदनुसार 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के खाते में डाला जाता है।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, सामाजिक न्याय, अधिकारिता अनुसूचित जाति पिछड़े वर्ग एवं अंतोदय विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकारी चिकित्सा संस्थानों में उपकरणों की कमी नहीं रहने देंगे : आरती सिंह राव

**चंडीगढ़।,23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि राज्य सरकार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य संस्थान में चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की कोई कमी न रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार नए उपकरणों और आधुनिक मशीनों की खरीद की जा रही है तथा उन्हें समय-समय पर संस्थानों में भेजा जा रहा है। हाल ही में प्रदेश के छह जिलों-पंचकूला, नारनौल, पानीपत, रेवाड़ी, सोनीपत और गुरुग्राम-के सरकारी अस्पतालों में नई अल्ट्रासाउंड मशीनें भेजी गई हैं। इन मशीनों के इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा होने के बाद जल्द ही मरीजों की जांच शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (क्चडउङ) के माध्यम से हाल ही में अनेक आवश्यक दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की खरीद के लिए दरें (रेट) तय की गई थीं। अब उन्हीं के तहत राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में उपकरणों की आपूर्ति आरंभ कर दी गई है।



आरती सिंह राव ने बताया कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी स्तरों पर आवश्यक संसाधनों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक मशीनों के आने से जांच प्रक्रिया और अधिक सटीक एवं तेज़ होगी, जिससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आने वाले समय में अन्य जिलों के अस्पतालों में भी नई मशीनें भेजी जाएंगी, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को समान स्तर की चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

# हरियाणा की मंडियों से अब तक हुई 48,44,073 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

**चंडीगढ़,23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा में खरीफ खरीद सीजन 2025 - 26 के दौरान किसानों के खातों में अब तक 9029.39 करोड़ रुपये की अदायगी उनके बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। इस तरह सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया है। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों को देखते हुए सभी निर्धारित अनाज मंडियों में धान की खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि जिले में हैफेड, वेयर हाउस और फूड एंड सप्लाई एजेंसियों द्वारा धान की खरीद की जा रही है। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि धान की फसल बेचने में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीद की जा रही है। राज्य में अब तक 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल' पर पंजीकृत 2,52,693 किसानों से धान की खरीद की गई है। प्रवक्ता ने कहा कि अब तक राज्य भर की मंडियों में कुल 49,94,349 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। उन्होंने बताया कि विभिन्न जिलों की मंडियों से अब तक 40,22,926 लाख मीट्रिक टन धान का उठान हो चुका है। अब तक मंडियों से 48,44,073 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है।



उल्लेखनीय है कि राज्य में धान की खरीद भारत सरकार द्वारा धान की खरीद न्यूनतम समर्थन में करती हुए फसल का भुगतान किसानों के बैंक खातों में सीधे तौर पर स्थानांतरित किया जाता है। सरकार द्वारा किसान भाइयों से बार - बार अपील की जा रही है कि वे अपनी फसल की मंडी में अच्छी तरह सुखाकर भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों (जैसे कि नमी 17 प्रतिशत) की सीमा अनुसार लेकर आएं। राज्य की खरीद संस्थाओं द्वारा धान की खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध किये हुए हैं और धान के उठान कार्य में भी तेज़ी लाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि राज्य की खरीद संस्थाओं द्वारा खरीद किये गए धान के भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य की अदायगी किसानों के बैंक खातों में सीधे तौर पर स्थानांतरित की जाती है। भारत सरकार द्वारा धान के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल में कोई कटौती नहीं की गई है।

विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि मंडियों में बिजली, स्वच्छ पानी, शौचालयों आदि सुविधाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि किसान मंडी में अपनी धान की फसल सुखाकर ही लाएं ताकि किसानों को फसल का सही समय पर उचित मूल्य मिल सके। जिलों के प्रशासन को अपने - अपने क्षेत्र की अनाज मंडियों का समय - समय पर निरीक्षण करते रहने के के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसानों को धान की फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# पिता का वैक्स स्टेच्यू देखकर भावुक हुईं दिया कुमारी

## नाहरगढ़ वैक्स म्यूज़ियम में प्रदर्शित हुई ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह की प्रतिमा



**जयपुर,23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** नाहरगढ़ की ऊंची पहाड़ियों पर बसे जयपुर वैक्स म्यूज़ियम में गुरुवार का दिन भावनाओं से भरा हुआ था। मौका था - महावीर चक्र से सम्मानित ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह की जयंती का, और इस अवसर पर उनकी वैक्स प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में उनकी बेटी और राजस्थान की उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने अपने पिता की वैक्स मूर्ति का अनावरण किया। जैसे ही परदा हटाया गया, वहां मौजूद सभी लोगों ने तालियों से स्वागत किया, जबकि दीया कुमारी की आंखें नम हो उठीं। उन्होंने कहा - यह मेरे लिए गर्व और भावनाओं से भरा क्षण है। मेरे पिताजी केवल हमारे परिवार के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव थे। उनका यह वैक्स स्टेच्यू देखकर ऐसा लगा मानो वे मेरे सामने खड़े हैं। मैं जयपुर वैक्स म्यूज़ियम और उन सभी कारीगरों की आभारी हूं जिन्होंने इतनी सजीव प्रतिमा बनाई। ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह न केवल जयपुर राजघराने के उत्तराधिकारी थे, बल्कि भारतीय सेना के एक बहादुर योद्धा भी थे। उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में विशेष साहस का प्रदर्शन किया था, जिसके लिए उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया।

उनका योगदान केवल सैन्य क्षेत्र तक सीमित नहीं था - उन्होंने जयपुर की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाई।जयपुर वैक्स म्यूज़ियम में यह प्रतिमा एक विशेष सेक्शन में लगाई गई है, जिसे राजसी और वीरता का संगम शीर्षक दिया गया है। यहां राजस्थान के ऐतिहासिक शख़्सियतों के साथ-साथ देश के महान नेताओं और कलाकारों की भी प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं।म्यूज़ियम के संस्थापक अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि सवाई भवानी सिंह की प्रतिमा को तैयार करने में महीनों का समय लगा। उनकी वर्दी, मेडल, और चेहरे के भावों को बारीकी से रिसर्च कर तैयार किया गया ताकि मूर्ति में 'जीवंतता' झलके।दीया कुमारी की अपील - नई पीढ़ी को जानना चाहिए अपने नायकों कोदीया कुमारी ने इस मौके पर कहा कि मेरे पिता जैसे सच्चे देशभक्तों की कहानियां आज की युवा पीढ़ी तक पहुंचनी चाहिए। म्यूज़ियम इस दिशा में शानदार काम कर रहा है, जो न केवल पर्यटन को बढ़ावा देता है, बल्कि इतिहास को जीवंत भी बनाए रखता है।

# सरकारी योजनाओं में सेंधमारी से कर लिया 3 करोड़ का स्कैम

## गिरोह के 30 बदमाश गिरफ्तार

**झालावाड़,23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** सरकारी खजाने को करोड़ों का चूना लगाने वाले एक विशाल अंतर्राज्यीय साइबर फ्रॉड गिरोह का झालावाड़ पुलिस ने ऑपरेशन शटरडाउन के तहत पर्दाफाश किया है। यह देश में पहली बार हुआ है जब केंद्र और राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं (झच् किसान सम्मान निधि, पेंशन, मुआवजा आदि) में इतनी बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में 70 पुलिस टीमों ने 70 घंटे लगातार जागकर 600 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले 30 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा और गिरोह के मास्टरमाइंड सहित 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरोह का सरगना दौसा निवासी रामावतार सैनी, सरकारी पोर्टल (जैसे ऊ्रखड) की तकनीकी जानकारी का फायदा उठाकर अपात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाता था। वह सामान्य लोगों से बैंक खाते और पहचान दस्तावेज खरीदकर, सिस्टम को धोखा देकर राजकोष से लाखों की सहायता राशि उनके खातों में ट्रांसफर करवाता था। इस राशि में से 50% से 75% तक कमीशन सरगना और उसके एजेंट रखते थे।झालावाड़ पुलिस को 8 अगस्त को एक गोपनीय शिकायत मिली थी कि कामखेड़ा क्षेत्र में आसिक नामक व्यक्ति द्वारा सरकारी योजना में घपला किया जा रहा है। एसपी अमित कुमार ने तुरंत साइबर थाना पर शिकायत दर्ज कर कांस्टेबल रवि सेन से जांच शुरू करवाई। कांस्टेबल रवि सेन और सुमित कुमार ने सबसे पहले संदिग्ध आसिक के मोबाइल नंबर से लिंक अनेकों बैंक खातों और संदिग्ध ट्रांजैक्शन की गहनता से जाँच की।

# महिला ने तीन बच्चों के साथ की आत्महत्या

**बालोतरा,23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** बालोतरा जिले के टापरा गांव की पनौतरी नाड़ी में महिला ने तीन बच्चों के साथ सुसाइड कर लिया। महिला ने बच्चों के साथ टांके में कूदकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही जसोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकाला। टापरा निवासी ममता (32) पत्नी अणदाराम पटेल, बेटे नवीन (7), रुगाराम (4) और 6 माह की बेटी मानवी के शव टांके में मिले हैं। घटना की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और शवों को टांके से बाहर निकलवाया। डीएसपी नीरज शर्मा ने बताया-पूछताछ में सामने आया है कि ममता टापरा गांव से करीब 3 किलोमीटर दूर पनौतरी नाड़ी में खेत पर पिछले 10 दिन से परिवार के साथ रह रही थी। वह अपनी सास और दादी सास के साथ खेत में फसल कटाई का काम करने आई थी।

# बिरला ने की पेयजल कार्यों की समीक्षा



**कोटा,23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को राजस्थान में कोटा स्थित कैंप कार्यालय में संसदीय क्षेत्र में चल रही और प्रस्तावित पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा बैठक ली।बैठक में श्री बिरला ने कहा कि पेयजल उपलब्धता जनजीवन की मूलभूत आवश्यकता है और विकास का आधार भी। उनका प्रयास है कि कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र का कोई भी गांव या वार्ड जल अभाव से जूझता न रहे।बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और विधायक संदीप शर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र की प्रमुख पेयजल योजनाओं जैसे अमृत 2.0, ताकली बाँध परियोजना और नवनेरा वृहद पेयजल योजना की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई।श्री बिरला ने कोटा उत्तर और कोटा दक्षिण निगम क्षेत्रों के लिए 395 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित अमृत 2.0 योजना के कार्यादेश शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने पर कोटा शहर के लाखों परिवारों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।उन्होंने बैठक में 111 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित ताकली बाँध परियोजना पर भी चर्चा की और इसके कार्यादेश शीघ्र जारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूर्ण होने से रामगंजमंडी के शहरी क्षेत्र सहित आसपास के 185 गांवों को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके अलावा, अम्बा कुई इन्टेक वेल से एकलिंगपुरा जल संशोधन संयंत्र तक पाइपलाइन बदलने के लिए 14 करोड़ 50 लाख रुपये की परियोजना पर भी चर्चा की गयी।श्री बिरला ने कहा कि इस कार्य से जल उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी और रामगंजमंडी और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति और सुचारू हो सकेगी।बैठक में बिरला ने मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से नवनेरा वृहद पेयजल परियोजना के कार्यादेश शीघ्र जारी करने को कहा।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना से कोटा के 384 गाँव, बूंदी के 363 गाँव और केशोरायपाटन, कापरेन, लाखेरी और इंदरगढ़ जैसे शहरी क्षेत्रों के हजारों लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह योजना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल संकट के समाधान के लिए महत्वपूर्ण है।बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बताया कि सभी प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाएगा, ताकि कोटा-बूंदी क्षेत्र के हर परिवार को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# पांच दिन में पांच लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।

अयोध्या के दीपोत्सव में भक्ति, भव्यता और विकास का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीराम की नगरी अयोध्या में जहां करोड़ों दीपों से विश्व कीर्तिमान रचा गया, वहीं इस आयोजन ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। पिछले पांच दिनों में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई।

दीपोत्सव के दौरान अयोध्या के कारोबारियों को आकस्मिक आय हुई है। 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर के बीच अयोध्या में करीब आठ लाख श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान 90 फीसदी होटल, रेस्टोरेंट फुल रहे। जलपान, प्रसाद सामग्री, राम नामी, फोटो विक्रेताओं को खूब आय हुई। अनुमान है कि दीपोत्सव के दौरान अयोध्या की अर्थव्यवस्था में करीब पांच करोड़ का प्रवाह हुआ।



दीपोत्सव में बने रिकॉर्ड का उत्सव मनाने अयोध्या में पिछले पांच दिनों से लाखों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

दीपोत्सव के अगले दिन से लगातार तीन दिन छुट्टी होने के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या में उमड़ पड़ी। शाम के समय अयोध्या की भव्यता निहारने की ललक लोगों में ज्यादा दिखी। राम की पैड़ी के पास नींबू की चाय बेचने वाले फेरीवाले ने बताया कि वह दीपोत्सव के दौरान रोजाना करीब दो हजार चाय बेच रहे थे। जबकि आम दिनों में 50 चाय बेचना मुश्किल हो जाता था। व्यापारी नेता पंकज गुप्ता ने बताया कि दीपोत्सव ने अयोध्या की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है। छोटे-छोटे कारोबारियों को खूब लाभ हुआ है। कारोबार सामान्य दिनों की तुलना में तीन गुना बढ़ा। गाइड अभिषेक ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में अमेरिका, आस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाड़ा, हालैंड, फिजी, श्रीलंका, इंडोनेशिया, रूस और थाईलैंड से भी सौ से अधिक पर्यटक अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला, हनुमानगढ़ी सहित अयोध्या के अन्य स्थलों का भ्रमण और दर्शन-पूजन किया। विदेशियों में श्रीराम की फोटो खरीदने की ललक दिखी। कई विदेशी अयोध्या का प्रसाद व सरयू जल भी अपने साथ ले गए हैं।

स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि दीपोत्सव में हुए कारोबार ने अयोध्या की अर्थव्यवस्था को बूम करने का काम किया है। पर्यटकों ने खूब खरीदारी की है। बिड़ला धर्मशाला के सामने चंदन लगाने वाले युवक अनिल पांडेय ने बताया कि 18 से 22 अक्टूबर तक रोजाना चार से पांच हजार तक की आय हुई। आम दिनों में 500 रुपए की आय बमुश्किल होती थी। दीया बनाने वाले कुम्हारों को भी खूब आय हुई। एक प्रसाद व्यवसायी ने बताया कि जितनी आय तीन महीने में होती है, उतनी पिछले पांच दिनों में हुई है।

उत्तरप्रदेश-उत्तराखंड इकोनॉमिक एसोसिएशन के महासचिव विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी टीम पिछले एक सप्ताह से अयोध्या में रहकर अर्थव्यवस्था पर सर्वे कर रही है। अध्ययन के मुताबिक पिछले 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर के बीच अयोध्या में रोजाना सवा लाख से ड़ेढ लाख श्रद्धालु पहुंचे। होटल, रेस्टोरेंट और गेस्ट हाउस 90 फीसदी बुक थे। फूल माला, भगवान श्रीराम, राम दरबार के चित्र व अन्य पूजा सामग्री की खूब बिक्री से करीब पांच करोड़ की आय हुई है।

### माफिया अतीक के बेटे उमर को कोर्ट से झटका

# उमेश पाल हत्याकांड में जमानत अर्जी खारिज



प्रयागराज, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।

प्रयागराज के चर्चित उमेश पाल हत्याकांड में साजिश रचने के आरोपी बनाए गए माफिया अतीक अहमद के बड़े बेटे उमर अहमद की जमानत याचिका सेशन कोर्ट के विशेष न्यायालय ने खारिज कर दी। उमर का तर्क था कि घटना में उसकी कोई भूमिका नहीं है। घटना के वक्त वह जेल में था। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी।

उमर के वकील ने कोर्ट में दलील दी थी कि उसका उमेश पाल हत्याकांड से कोई लेना देना नहीं है। लेकिन कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जमानत अर्जी खारिज कर दी। 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज में हुए चर्चित उमेश पाल हत्याकांड में उमर अहमद को आरोपी बनाया गया। उमर पर जेल से उमेश पाल हत्याकांड की साजिश रचने का आरोप है। 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर इलाके में उमेश पाल और उनके दो गनर की दिनदहाड़े हत्या हुई थी। उमर पर हत्याकांड की साजिश में शामिल होने का आरोप लगा है। खुद को निर्दोष बताते हुए उमर ने जिला न्यायालय से जमानत की मांग की थी।

उमर ने कहा था कि घटना के समय वह लखनऊ जेल में बंद था। हत्याकांड में उसकी कोई भूमिका नहीं है और वो निर्दोष है। हालांकि कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया। यह फैसला स्पेशल न्यायाधीश (एससी-एसटी) राम प्रताप सिंह राणा की कोर्ट ने मोहम्मद उमर की जमानत याचिका पर सुनाया।

# संघर्ष की राह पर यूपी के बिजलीकर्मी

### शुक्रवार से हर जिले में होगा प्रदर्शन



लखनऊ, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि शुक्रवार को सभी जिलों में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। निजीकरण के साथ ही वर्टिकल सिस्टम का भी विरोध किया जाएगा। इसे भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। समिति ने कहा है कि वर्टिकल सिस्टम के नाम पर शहरी क्षेत्रों में पुनर्गठन किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों और इंजीनियरों के पदों को घटाया जा रहा है। पहले पदों को घटाया जाएगा। इसके बाद शहरी क्षेत्र को निजी कंपनियों के हवाले कर दिया जाएगा। एक तरह से यह निजीकरण की दूसरी रणनीति है। संघर्ष समिति ने कहा कि जिस प्रकार मध्यांचल में लेसा और केस्को में पदों मे कटौती की जा रही है। उसी तरह पश्चिमांचल व अन्य निगमों में भी हजारों पद खत्म किए जाएंगे। फिर कार्य प्रभावित होने की दुहाई देते हुए निजी कंपनियों को काम सौंपा जाएगा। मालूम हो कि दीपावली पर्व पर बिजली कर्मियों ने आंदोलन स्थगित कर दिया था।

केंद्रीय पदाधिकारियों का आरोप है कि नई व्यवस्था से अकेले लखनऊ के लेसा में ही करीब 2055 नियमित पद और लगभग 6000 संविदा कर्मियों के पद समाप्त हो जाएंगे। समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वह मनमाने ढंग से हजारों पदों को समाप्त करने के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें। संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में पदों का विवरण भी दिया है।

# धान खरीद के लिए 1.37 लाख किसानों ने कराया पंजीकरण

### सरकार ने प. यूपी के किसानों से खरीदा 35.63 हजार मीट्रिक टन धान

### 2369 रु. कॉमन और 2389 रु. (ग्रेड-ए) प्रति क्विंटल से हो रही खरीद

लखनऊ, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।

योगी सरकार की नीतियों को अन्नदाता किसानों का साथ मिल रहा है। आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। खरीद सत्र 2025-26 में धान बिक्री के लिए पहली सितंबर से किसानों द्वारा पंजीकरण शुरू किया गया। 23 अक्टूबर सुबह 12 बजे तक 1,37,166 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। वहीं योगी सरकार ने 4000 क्रय केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 3790 क्रय केंद्र स्थापित हो गए हैं। यह केंद्र किसानों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर यह खरीदारी कर रही है।



खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक धान बिक्री के लिए किसान तेजी से पंजीकरण करा रहे हैं। 23 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे तक 1.37 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। धान की बिक्री के लिए ओटीपी आधारित सिंगल पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। किसान मोबाइल पर एसएमएस से मिले ओटीपी को भरकर पंजीकरण करा सकते हैं। किसानों को भुगतान सीधे आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जा रहा है।

पहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली,आगरा, अलीगढ़, झांसी संभाग में खरीद हो रही है। वहीं लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में भी धान खरीद हो रही है। योगी सरकार ने 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। 23 दिन में इन संभागों में 35.63 हजार मीट्रिक टन से अधिक की खरीद की जा चुकी है।

डबल इंजन सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि भी की है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (कॉमन)-2369 और (ग्रेड ए) का 2389 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। योगी सरकार ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश दिया है। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम पांच बजे तक खुले हैं। 17 प्रतिशत नमी तक का धान खरीदा जा सकता है। योगी सरकार ने धान खरीद के लिए कैबिनेट बैठक में प्रदेश में 4000 क्रय केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा था। इसमें से अब तक 3790 क्रय केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के संभागों में पहली नवंबर से धान खरीद होगी। यह खरीद पूर्वी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर व प्रयागराज संभाग में होगी। इसके साथ ही लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव में भी पहली नवंबर से खरीद होगी, जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी।

# फायर ब्रिगेड में बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट

### सृजित होंगे 98 राजपत्रित और 922 अराजपत्रित पद



लखनऊ, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक तथा जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अग्निशमन विभाग की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं तथा सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हों। मुख्यमंत्री ने फायर सर्विस को अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जनशक्ति से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही, राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 तथा अराजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ किया जा सके। बैठक में बताया गया कि नई ऑपरेशनल इकाइयों के रूप में कुशीनगर, आजमगढ़, श्रावस्ती, कानपुर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट और सोनभद्र एयरपोर्ट पर अग्निशमन सेवाओं की समुचित जनशक्ति पहले ही तैनात की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदायी प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुंच सके।

### टीईटी की अनिवार्यता पर आर या पार के मूड में शिक्षक

# 24 नवंबर को दिल्ली कूच करेंगे लाखों अध्यापक

लखनऊ, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।

यूपी सहित देशभर में टीईटी अनिवार्य करने के फैसले के खिलाफ पूरे देश के शिक्षक एकजुट होने जा रहे हैं। शनिवार से इसको लेकर रणनीति बननी शुरू हो जाएगी। शिक्षक संगठनों के मोर्चे ने 24 नवंबर को दिल्ली कूच का ऐलान किया है। इसके लिए 25 अक्टूबर से देश भर के सभी जिलों में जनसंपर्क और बैठकों का सिलसिला शुरू होगा।



शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर होने वाले आंदोलन की तैयारी तेज कर दी है। इसमें देश भर के लाखों शिक्षक शामिल होंगे। दिवाली आदि त्यौहार के बाद शिक्षकों ने इसके लिए तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में 25 से 31 अक्टूबर तक पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर मोर्चे में शामिल सभी घटक संगठन शिक्षकों की बैठकें करेंगे।

अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय सह संयोजक अनिल यादव ने बताया कि बैठक कर अधिक से अधिक शिक्षकों को दिल्ली जंतर मंतर पर पहुंचने के लिए तैयार करेंगे। इसके लिए स्कूलों में जनसंपर्क भी किया जाएगा। उन्होंने कहा की दिल्ली जाने वालों की संख्या और तैयारी की जानकारी शीर्ष नेतृत्व को 10 नवंबर तक सभी प्रदेशों द्वारा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के आदेश के खिलाफ शिक्षकों को आंदोलन करना पड़ रहा है। टीईटी लागू होने से उत्तर प्रदेश में लगभग 1,86,000 और देश भर में लगभग 10 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। संयुक्त मोर्चा की मांग है कि केंद्र सरकार टीईटी को अनिवार्य करने के आदेश में संशोधन करे। शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और केंद्र सरकार संसद में अध्यादेश लाकर देश के शिक्षकों के हितों की रक्षा करे।



# ब्रिसन फर्नांडिस बने एएफसी चैंपियंस लीग टू में गोल करने वाले पहले भारतीय, एफसी गोवा को अल-नास्त्र ने 1-2 से हराया

**फातोर्दा (गोवा),23 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

भारतीय मिडफील्डर ब्रिसन फर्नांडिस ने बुधवार को इतिहास रचते हुए एएफसी चैंपियंस लीग टू में गोल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। हालांकि उनके इस गोल के बावजूद एफसी गोवा को अपने घरेलू मैदान फातोर्दा के पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में सऊदी अरब के क्लब अल-नास्त्र के खिलाफ 1-2 से हार झेलनी पड़ी।

मैच के शुरुआती 30 मिनट में ही अल-नास्त्र ने एंजेलो गेब्रियल और हारून के गोल से 2-0 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, 41वें मिनट में ब्रिसन फर्नांडिस ने शानदार मूव बनाकर गोल दागा और गोवा को मुकाबले में वापसी दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में गोवा ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाया, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सके।

### गोवा की रणनीति और संघर्ष

एफसी गोवा ने काउंटर-अटैक पर खेलने की रणनीति अपनाई थी, लेकिन गेंद पर कब्जा पाने के बाद उनके खिलाड़ी उतनी तेजी से अवसर नहीं बना पाए।

ब्रिसन फर्नांडिस के अलावा कोई भी खिलाड़ी गेंद को आगे ले जाकर खतरा पैदा नहीं कर सका। मुहम्मद नेमिल ने कोशिश की, लेकिन उन्हें मिडफील्ड में कई बार शारीरिक रूप से पछाड़ दिया गया।

बोरजा हरेरा और डेजन द्राज़िक भी विरोधी रक्षापंक्ति को चुनौती नहीं दे पाए, जिससे गोवा की हमलावर रणनीति बेअसर रही।

### अल-नास्त्र की शुरुआती बढ़त और आत्मविश्वास

कोच जॉर्ज जीसस की टीम ने पिछले 10 में से 9 मैच जीते थे और इस मैच में भी उन्होंने शानदार शुरुआत की। हालांकि, 2-0 की बढ़त लेने के बाद सऊदी टीम ने अपना दबाव कम कर दिया, जिसका फायदा गोवा ने उठाया और ब्रिसन ने गोल दाग दिया। दूसरे हाफ में अल-नास्त्र ने हालांकि ज्यादा आक्रामक खेल नहीं दिखाया, लेकिन अंततः तीन अंक अपने नाम कर लिए। विदेशी खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन , एफसी गोवा के विदेशी खिलाड़ी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। जेवियर सिवेरियो चोट के कारण 24वें मिनट में ही बाहर हो गए। डेजन द्राज़िक ने ब्रिसन को असिस्ट जरूर दिया, लेकिन खुद कोई बड़ा प्रभाव नहीं डाल पाए। डेविड टिमोर और पोल मोरेनो भी मिडफील्ड और डिफेंस में संघर्ष करते नजर आए। बोरजा हरेरा ने कुछ अच्छे कॉर्नर किक दिए, लेकिन रक्षात्मक जिम्मेदारी में चूक गए। रोनाल्डो की गैरहाज़िरी फुटबॉल प्रशंसक क्रिस्टियानो रोनाल्डो को मैदान पर देखने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन उन्हें आराम दिया गया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अभिनव बिंद्रा को 2026 शीतकालीन ओलंपिक का मशालवाहक चुना गया



**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को अगले वर्ष होने वाले शीतकालीन ओलंपिक 2026 के लिए मशालवाहक के रूप में चुना गया है। यह खेल आयोजन 6 से 22 फरवरी, 2026 तक मिलान और कोर्टिना डी अमपेत्जो (इटली) में आयोजित किया जाएगा। अभिनव बिंद्रा ने इस अवसर पर अपनी खुशी सोशल मीडिया पर व्यक्त करते हुए लिखा, मिलानो कोर्टिना 2026 ओलंपिक टॉर्च रिले के लिए मशालवाहक के रूप में चुना जाना मेरे लिए वास्तव में सम्मान की बात है। ओलंपिक मशाल हमेशा मेरे दिल के करीब रही है — यह सपनों, दृढ़ता और खेलों के जरिए विश्व एकता का प्रतीक है। इसे फिर से लेकर चलना मेरे लिए सम्मान और प्रेरणा दोनों है। इस अद्भुत सम्मान के लिए मिलानो कोर्टिना 2026 का धन्यवाद। बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था। यह चौथा अवसर होगा जब इटली शीतकालीन ओलंपिक की मेज़बानी करेगा। इस बार के संस्करण में 16 विधाओं में कुल 116 पदक स्पर्धाएं होंगी, जो बीजिंग 2022 की तुलना में 7 इवेंट और 1 नई विधा अधिक हैं।

### सट्टेबाजी कंपनियों के प्रमोशन से इंकार करने के कारण गयी रिजवान की कप्तानी : रिपोर्ट

**लाहौर।** मोहम्मद रिजवान को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से ठीक पहले पाकिस्तान की



एकदिवसीय टीम की कप्तानी से हटाये जाने के बाद से ही इसके कारणों को लेकर अटकलें लगायी जा रही हैं क्योंकि उनकी जगह कप्तान बनाये गये शाइन अफरीदी का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। वहीं एक साल के अपने कप्तानी करियर में रिजवान का प्रदर्शन ठीक-ठाक था। पाक बोर्ड (पीसीबी) ने रिजवान को कप्तानी से हटाने का कोई स्पष्ट कारण भी नहीं बताया है। वहीं एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सट्टेबाजी कंपनियों के प्रमोशन से इंकार करने के कारण रिजवान की कप्तानी गयी है। पीसीबी चाहता था कि रिजवान सट्टेबाजी कंपनियों का प्रमोशन करें पर वह इसके लिए तैयार नहीं थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजवान ने पीसीबी से कहा था कि वह इस प्रकार की कंपनियों का प्रमोशन नहीं करेंगे, जिससे पीसीबी नाराज था। इससे पहले इस साल की शुरुआत में, सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के साथ कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में खेलते हुए भी रिजवान ने एक सट्टेबाजी कंपनी के लोगो वाली जर्सी पहनने से माना कर दिया था। यहां तक कि टीम के मुख्य प्रायोजक की जर्सी भी रिजवान ने नहीं पहनी थी। उन्होंने प्रायोजक की ब्रांडिंग के बिना ही एक दूसरी जर्सी पहनकर टूर्नामेंट खेला था जिससे भी वह सट्टेबाजी कंपनियों के निशाने पर थे।

### आरसीबी जा सकते हैं सैमसन

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के 2026 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु



(आरसीबी) जाने की अटकलें लगायी जा रही हैं। आईपीएल 2025 सत्र में भी रॉयल्स की कप्तानी अधिकतर समय रियान पराग ने की थी और ऐसे में सैमसन का दबदबा टीम पर कम हुआ है। उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है। जिससे भी रॉयल्स से उनके रिश्ते अब पहले जैसे नहीं रहे। पिछले कुछ समय से इस प्रकार की रिपोर्ट आ रही हैं किव संजू किसी अन्य टीम में जा सकते हैं। वहीं अब सैमसन की एक एक तस्वीर सोशल मीडिया में आई है। इसमें वह आरसीबी के थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट गैब्रियल के साथ नजर आ रहे हैं। जिससे उनके आरसीबी की ओर जाने की अटकलें तेज हो गयी हैं। इस तस्वीर में गैब्रियल आरसीबी की जर्सी में हैं, जबकि सैमसन ने टीम इंडिया की ट्रेनिंग किट पहनी हुई है। ऐसे में प्रशंसकों को लग रहा है कि वे भले ही ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी कर रहे हों, लेकिन आईपीएल भी उनके दिमाग में चल रहा होगा। रॉयल्स के साथ सैमसन के संबंध पहले जैसे नहीं रहे हैं। इसके अलावा कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन में भी बदलाव हुआ है ऐसे में सैमसन किसी और टीम से आईपीएल खेलने के प्रयास कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, आरआर के कप्तान सैमसन ने फ्रेंचाइजी से औपचारिक रूप से उन्हें ट्रेड करने या नीलामी में रिलीज करने की अपील की है।

# विराट फिर शून्य पर लुढ़के, ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त



**एडिलेड, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** प्लेयर ऑफ द मैच एडम जम्पा (60 रन पर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी तथा मैथ्यू शार्ट (74) और कूपर कोनली (नाबाद 61) की शानदार अर्धशतकीय पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ रोमांचक दूसरे वनडे में गुरूवार को दो विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली।

भारत ने रोहित शर्मा (73), श्रेयस अय्यर (61) और अक्षर पटेल (44) की शानदार पारियों की मदद से निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया,लेकिन विराट कोहली लगातार दूसरे मैच में शून्य पर लुढ़क गए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट गंवाने के बावजूद 46.2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाकर जीत और सीरीज अपने नाम कर ली।

कोनली ने 53 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 61 रन की मैच विजयी पारी खेली। शार्ट ने 78 गेंदों पर 74 रन की संयमित पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। मिचेल ओवेन ने 23 गेंदों पर 36 रन में दो चौके और तीन छक्के मारे।

मेजबान टीम ने सतर्कता के साथ शुरुआत की। हेड और मार्श ने शुरुआत में समय लिया और फिर मार्श आउट हो गए। हेड भी ज़्यादा नुकसान नहीं पहुंचा सके और राणा का शिकार बने। शॉर्ट ने रेनशॉ के साथ मिलकर पारी को संभाला और समय पर चौके जड़े। भारत ने भी शॉर्ट के दो कैच छोड़े, जो अपना अर्धशतक पूरा कर चुके थे। उनके आउट होने के बाद ओवेन आए और उन्होंने पारी को जल्दी खत्म करने की कोशिश की। कूपर कोनली दूसरे छोर पर अनुभवी बल्लेबाज़ी कर रहे थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपना अर्धशतक पूरा किया और ओवेन तब आउट हो गए जब उन्हें कुछ ही रनों की ज़रूरत थी। बार्टलेट और स्टार्क भी आउट हो गए, लेकिन कोनली ने रन बनाना जारी रखा और अपनी टीम को जीत दिला दी।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अभी 17 रन जोड़े थे कि सातवें ओवर में जेवियर बार्टलेट ने शुभमन गिल (9) को मिचेल मार्श के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार क्रिकेटर विराट कोहली को जेवियर बार्टलेट ने पगबाधा कर बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। उन्होंने चार गेंदों का सामना किया और एक भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने रोहित शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 118 रन जोड़े। 30वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने रोहित शर्मा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। रोहित शर्मा ने 97 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली।

भारत का चौथा विकेट 160 के स्कोर पर श्रेयस अय्यर के रूप में गिरा। श्रेयस अय्यर ने 77 गेंदों में सात चौके लगाते हुए 61 रन बनाये। उन्हें एडम जम्पा ने बोल्ड आउट किया। के एल राहुल (11), वॉशिंगटन सुंदर (12), नीतीश कुमार रेड्डी (आठ) रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल ने 41 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 44 रनों की पारी खेली। अर्शदीप सिंह 13 रन बनाकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुये। उन्हें मिचेल स्टार्क ने बोल्ड आउट किया।

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज खुल नहीं पाये और अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 264 का स्कोर खड़ा किया। हर्षित राणा 18 गेंदों में 24 रन बनाकर नाबाद रहे।ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा ने चार विकेट लिये। जेवियर बार्टलेट को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

# महिला विश्वकप : गार्डनर ने सबसे तेज शतक का रिकार्ड बनाया, ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया



**इंदौर,23 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

**ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ हुए आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट 2025 में 69 गेंद में ही शतक लगाकर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाने के दौरान ही एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। इसके साथ ही गार्डनर महिला विश्व कप में सबसे तेज शतक लगाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। गार्डनर ने नाबाद 104 रन बनाये। गार्डनर ने अपनी इस पारी के दौरान ही वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डॉटिन के सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड को तोड़ है। डिएंड्रा ने पाकिस्तान के खिलाफ 71 गेंद में शतक लगाया था।**

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ये मैच तय ओवरों से पहले ही हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम ने टैमी ब्यूमोंट के 78 रनों की सहायता से 50 ओवर में 9 विकेट पर 244 रन बनाये। ब्यूमोंट के अलावा इंग्लैंड की ओर से एलिस कैप्सी ने 32 रन बनाये। इन दोनों के अलावा और कोई भी अन्य बल्लेबाज रन नहीं बना पाया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से एनाबेल सदरलैंड ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए जबकि एश्ले गार्डनर और सोफी मोलिनक्स ने दो-दो विकेट लिए वहीं एक विकेट अलाना किंग को मिला।

जीत के लिए मिले 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 68 रनों पर ही चार विकेट खो दिये। इसके बाद गार्डनर ने सदरलैंड के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। सदरलैंड ने भी 98 रनों की पारी खेली और वह अंत तक आउट नहीं हुई। ऑस्ट्रेलिया ने 41 ओवर और तीन गेंदों में ही चार विकेट पर 248 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप : स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने जड़े शतक, भारत का स्कोर 240 पार



**इंदौर,23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** आईसीसी महिला वर्ल्ड कप के लीग मुकाबले में भारत ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ बड़ी साझेदारी निभाई है। ओपनर स्मृति मंधाना (109) और प्रतिका रावल (100) ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 212 रन की साझेदारी की। खबर लिखे जाने तक भारत का स्कोर 38.3 ओवरों में एक विकेट पर 240 रन है। उनके साथ जेमिमा रोड्रिग्स 15 रन बनाकर क्रीज़ पर हैं।प्रतिका रावल ने इस मैच में वनडे में सबसे तेज़ 1,000 रन बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की लिंडसे रीलर के नाम था, जिन्होंने 23 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारत के लिए यह मैच टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बेहद अहम है। टूर्नामेंट में भारत ने शुरुआती दो मुकाबले जीतकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

# इजराइल के जिम्नास्टों को वीजा न देने पर इंडोनेशिया को आईओसी की फटकार

**लुसाने,23 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को इंडोनेशिया को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि इज़राइल के खिलाड़ियों को वीज़ा न देने के कारण अब इंडोनेशिया से भविष्य में किसी भी ओलंपिक या उससे जुड़े आयोजन की मेजबानी पर बातचीत नहीं की जाएगी।

दरअसल, जकार्ता में चल रही वर्ल्ड आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप (19 से 25 अक्टूबर) में इज़राइली खिलाड़ियों को हिस्सा लेने के लिए वीज़ा नहीं दिया गया। इसके खिलाफ इज़राइल जिम्नास्टिक फेडरेशन ने स्पोर्ट्स मध्यस्थता न्यायालय (सीएएस) में अपील की थी, लेकिन सीएएस ने इसे खारिज कर दिया। इसके चलते इज़राइल के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सके।

आईओसी की कार्यकारी बोर्ड ने कहा कि, सभी पात्र खिलाड़ी, टीमें और खेल अधिकारी बिना किसी भेदभाव के अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकें — यह मेज़बान देश की जिम्मेदारी है।

आईओसी ने एक आधिकारिक बयान में भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए घोषणा की कि इंडोनेशिया की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ भविष्य में ओलंपिक खेलों, यूथ ओलंपिक, या किसी भी ओलंपिक आयोजन या सम्मेलन की मेजबानी



पर कोई वार्ता नहीं की जाएगी, जब तक कि इंडोनेशियाई सरकार यह सुनिश्चित न करे कि वह सभी देशों के खिलाड़ियों और अधिकारियों को प्रवेश की अनुमति देगी।

आईओसी ने यह सिफारिश भी की कि सभी अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघ इंडोनेशिया में किसी भी खेल आयोजन या बैठक की मेजबानी तब तक न करें जब तक सरकार आवश्यक गारंटी न दे दे। साथ ही, आईओसी ने इंडोनेशिया की एनओसी और इंटरनेशनल जिम्नास्टिक फेडरेशन को लुसाने स्थित मुख्यालय में बुलाया है ताकि इस पूरे मामले पर चर्चा की जा सके।

### इज़राइल से जुड़े आयोजनों में पहले भी विरोध

इंडोनेशियाई सरकार ने कहा कि उसने फिलिस्तीन के समर्थन में इज़राइली जिम्नास्टों को वीज़ा देने से इनकार किया। जुलाई 2023 में, इंडोनेशिया ने वर्ल्ड बीच गेम्स की मेजबानी से हाथ खींच लिया था क्योंकि इसमें इज़राइल की भागीदारी को लेकर विवाद हुआ था। मार्च 2023 में, दो प्रांतीय गवर्नरों के विरोध के बाद इंडोनेशिया से फीफा अंडर-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी छीन ली गई थी।

# वर्ल्ड एथलेटिक्स ने मोंडो डुप्लांटिस, ट्रोसचियांका, यान और झांग के विश्व रिकॉर्ड को दी मान्यता

**नयी दिल्ली,23 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

वर्ल्ड एथलेटिक्स ने मोंडो डुप्लांटिस के नवीनतम विश्व पोल वॉल्ट रिकॉर्ड और तीन विश्व अंडर-20 रिकॉर्ड्स को आधिकारिक मान्यता दे दी है। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस ने टोक्यो में हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में 6.30 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने 12 अगस्त 2025 को बुडापेस्ट में बनाए गए 6.29 मीटर के रिकॉर्ड में एक सेंटीमीटर का इज़ाफ़ा किया। यह उनके करियर का 14वां विश्व रिकॉर्ड और लगातार तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब है।

डुप्लांटिस ने वर्ल्ड एथलेटिक्स के हवाले से कहा, यह मेरी कल्पना से भी बेहतर है। इस शानदार भीड़ के सामने विश्व रिकॉर्ड बनाना अविश्वसनीय है। मैं बेहद खुश हूं।

इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि



इतिहास में पहली बार सात खिलाड़ियों ने 5.90 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई पार की। वहीं 5.95 मीटर की छलांग इस बार पदक के लिए भी पर्याप्त नहीं रही।

चीन की झांग जियाले और यान ज़ियी ने अगस्त में क्बुझो में हुए चीनी चैंपियनशिप में क्रमशः महिला अंडर 20 हैमर थ्रो और भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड बनाए।

18 वर्षीय झांग जियाले ने 2 अगस्त को 77.24 मीटर का थ्रो कर अपने ही पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (75.14 मी.) और 2021 में फिनलैंड की सिल्जा कोसोनेन द्वारा बनाए गए 73.43 मीटर के विश्व अंडर 20 रिकॉर्ड को तोड़ा। उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में भी 76.15 मीटर का थ्रो किया। बाद में टोक्यो में उन्होंने 77.10 मीटर फेंककर विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता।

17 वर्षीय यान ज़ियी ने अगले दिन, 3 अगस्त को, महिला 20 भाला फेंक में 65.89 मीटर का थ्रो कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अपने ही पिछले रिकॉर्ड 64.41 मीटर (क्बुझो 2024) और 64.83 मीटर (चेंगदू 2025) को पार किया।

पोलैंड के ह्यूबर्ट ट्रोसचियांका ने 8 अगस्त को यूरोपीय अंडर-20 चैंपियनशिप (टाम्पेरे, फिनलैंड) में पुरुषों की अंडर-20 डेकैथलन (दसक्रीड़ा) में 8514 अंकों के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया।

उन्होंने जर्मनी के निक्लास काउल के 2017 में बनाए गए 8435 अंकों के रिकॉर्ड को तोड़ा और इतिहास में पहली बार किसी अंडर-20 एथलीट ने 8500 अंकों का आंकड़ा पार किया।

**ट्रोसचियांका के प्रदर्शन में**

100 मीटर (10.74 सेकंड), लंबी कूद (7.26मी), गोला फेंक (15.48मी), ऊंची कूद (1.94मी), 400मी (46.21 सेकंड20 डेकैथलन सर्वश्रेष्ठ), 110मी बाधा दौड़ (14.23 सेकंड), डिस्कस (43.36मी), पोल वॉल्ट: 4.80मी, भाला फेंक (68.87मी चैंपियनशिप सर्वश्रेष्ठ), और 1500मी (4:28.59 मिनट) शामिल थे।

# इन्फोसिस के प्रमोटर्स और प्रमोटर ग्रुप ने ठुकराया इन्फोसिस का बायबैक ऑफर




**कंपनी के 18,000 करोड़ के शेयर बायबैक कार्यक्रम में हिस्सा न लेने का फैसला किया**

**नई दिल्ली,23 अक्टूबर (एजेंसियां)।** आईटी कंपनी इन्फोसिस के प्रमोटर्स और प्रमोटर ग्रुप, जिनमें कंपनी के को-फाउंडर नंदन नीलेकणी और सुधा मूर्ति शामिल हैं, ने कंपनी के 18,000 करोड़ रुपये के शेयर बायबैक कार्यक्रम में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। कंपनी ने यह जानकारी नियामक फाइलिंग के जरिए दी। बायबैक की घोषणा के दिन प्रमोटर्स के पास कंपनी की कुल 13.05 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। फाइलिंग में कहा गया कि प्रमोटर्स ने 14 से 19 सितंबर 2025 के बीच भेजे गए पत्रों के जरिए बायबैक में भाग नहीं लेने की अपनी इच्छा जताई है। कंपनी ने बताया कि बायबैक के बाद प्रमोटर्स की वोटिंग हिस्सेदारी में थोड़ा बदलाव आ सकता है, क्योंकि कुल शेयर पूंजी में बदलाव होगा। इन्फोसिस के प्रमोटर्स में कंपनी के को-फाउंडर एन. आर. नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति, बेटी अक्षता मूर्ति और बेटा रोहन मूर्ति शामिल हैं। इसी तरह को-फाउंडर नंदन नीलेकणी, उनकी पत्नी रोहिणी निलेकणी, और उनके बच्चे निहार और जन्हवी निलेकणी भी प्रमोटर ग्रुप का हिस्सा हैं। कंपनी के अन्य को-फाउंडर और उनके परिवार के सदस्य भी इस समूह में शामिल हैं। इन्फोसिस के बोर्ड ने 11 सितंबर 2025 को हुई मीटिंग में कंपनी के अब तक के सबसे बड़े शेयर बायबैक को मंजूरी दी। इस योजना के तहत कंपनी 18,000 करोड़ रुपये में लगभग 10 करोड़ शेयर खरीदेगी। प्रत्येक शेयर का मूल्य 1,800 तय किया गया है। यह कंपनी की कुल चुकता इक्विटी पूंजी का करीब 2.41 प्रतिशत हिस्सा होगा। कंपनी ने कहा है कि यह शेयर वापस खरीदने (बायबैक) का फैसला उसकी आने वाले समय की पैसों की जरूरतों और शेयरधारकों को पैसा लौटाने की नीति के मुताबिक लिया गया है।

## न्यूज़ब्रीफ

### निसान मोटर जल्द लांच करेंगी नई सब-4 मीटर एमपीवी




**नई दिल्ली।** जल्द ही भारतीय बाजार में निसान मोटर इंडिया अपनी नई सब-4 मीटर एमपीवी लॉन्च करने जा रही है, जिसे 2026 में उतारने की योजना है। हाल ही में सामने आई स्पाई तस्वीरों में नई एमपीवी का डिजाइन सामने आया है, जिसमें बड़ा ग्रिल, एलईडी डीआरएल, फॉग लाइट्स और स्टाइलिश व्हील डिजाइन दिखाई दिए हैं। यह कार रेनो-निसान एलायंस के तहत विकसित की जा रही है और इसे रेनो ट्राइबर फेसलिफ्ट के प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है। इसका साइड प्रोफाइल ट्राइबर जैसा है, लेकिन पीछे कुछ अनोखे निसान टच देखने को मिलेंगे। इंटीरियर में वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो, एप्पल कारप्ले, रियर एसी वेंट, वायरलेस चार्जिंग और पुश-बटन स्टार्ट जैसे फीचर्स मिलने की उम्मीद है। यह एमपीवी भारतीय बाजार में क्रेटा, सेल्टोस, ग्रैंड विटारा और कर्व जैसी गाड़ियों को सीधी टक्कर देगी और बजट-फ्रेंडली फैमिली कार सेगमेंट में नई चुनौती पेश करेगी। तीसरी रो की सीटें हटाई जा सकेंगी, जिससे कार का स्पेस बढ़ जाएगा। पावर के लिए इसमें 1.0 लीटर 3-सिलेंडर पेट्रोल इंजन मिलेगा, जो 5-स्पीड एमटी और 5-स्पीड एएमटी ट्रांसमिशन के साथ आएगा। कंपनी हाइब्रिड या टर्बो वेरिएंट लाने पर भी विचार कर रही है।

### पॉपुलर कॉम्पैक्ट एसयूवी वेन्यू पर जबरदस्त ऑफर




**नई दिल्ली।** एसयूवी निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया ने अपनी पॉपुलर कॉम्पैक्ट एसयूवी वेन्यू पर जबरदस्त ऑफर पेश किया है। जो ग्राहक कम बजट में एक विश्वसनीय और फीचर-पैक्ड एसयूवी की तलाश में हैं, उनके लिए यह शानदार मौका साबित हो सकता है। कंपनी ने जीएसटी 2.0 के चलते इस कार की कीमत में रुपए 1.23 लाख की कटौती की है, जबकि रुपए 50,000 का अतिरिक्त त्योहारी डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। यानी कुल मिलाकर ग्राहकों को रुपए1.73 लाख तक का फायदा मिल रहा है। फिलहाल वेन्यू की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत रुपए 7,94,100 से घटकर रुपए7,26,381 हो गई है। जूदा हुंडई वेन्यू अपनी ड्राइविंग कम्फर्ट, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और सेगमेंट-बेस्ट फीचर्स के लिए जानी जाती है। वहीं, इसकी टॉप वेरिएंट्स की कीमतें भी अब पहले से काफी कम हो गई हैं, जिससे यह पहले की तुलना में अधिक सुलभ हो गई है। हालांकि, ध्यान देने वाली बात यह है कि नई जनरेशन हुंडई वेन्यू की लॉन्चिंग 4 नवंबर को होने वाली है। नई वेन्यू में रीडिजाइन्ड एक्सटीरियर, ट्विन-स्क्रीन इंटीरियर और एडवांस टेक्नोलॉजी फीचर्स देखने को मिलेंगे। लेकिन अनुमान है कि इसकी कीमत मौजूदा मॉडल से थोड़ी ज्यादा होगी। ऐसे में अगर आप तुरंत कार खरीदना चाहते हैं और पैसों का पूरा मूल्य चाहते हैं, तो अभी की छूट वाली वेन्यू एक समझदारी भरा विकल्प है। वेन्यू में 1.2-लीटर पेट्रोल, 1.0-लीटर टर्बो पेट्रोल और 1.5-लीटर डीजल इंजन ऑप्शन मिलते हैं, जिनका माइलेज क्रमशः 17.52 किमी/, 18.31 किमी/ और 23.4 किमी/ तक है।

### स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स : अधिग्रहण प्रस्तावों पर होगी बोर्ड बैठक

**इंदौर।** भारत, अमेरिका और कनाडा में सक्रिय तेजी से विकसित हो रही फ़ूड एवं टेक्नोलॉजी कंपनी स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 23 अक्टूबर 2025 को आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में, कंपनी संभावित इकाइयों/व्यवसायों के अधिग्रहण से संबंधित प्रस्तावों पर विचार और चर्चा करेगी। यह कदम कंपनी के फ़ूड एवं टेक व्यवसाय खंड को और मजबूत करने की दिशा में एक रणनीतिक पहल है। वर्ष 2019 में स्थापित बफ़ैलो वाइल्ड विंग्स और विंगजोन जैसे वैश्विक ब्रांडों के लिए विशिष्ट फ्रैंचाइज अधिकार रखती है, साथ ही ब्लेज कबाब्स और जैसे अपने चार स्वयं के ब्रांडों की भी स्वामी है। कंपनी तकनीक-आधारित परिचालन मॉडल के साथ अपनी वैश्विक उपस्थिति को तेजी से विस्तारित कर रही है।

Spice Lounge Food Works Ltd

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### वंशवाद के...

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी के 163 विधायकों में से 51 (31.28 प्रतिशत) और जनता दल (यूनाइटेड) के 81 विधायकों में से 28 (34.57 प्रतिशत) विधायक वंशवादी हैं। इंडी गठबंधन में तो स्थिति और भी बदतर है।

अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के 158 विधायकों में से 55 (34.81 प्रतिशत) वंशवादी उत्पाद हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के 268 विधायकों में से 33 (12.31 प्रतिशत) वंशवाद के प्रतिफल हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की डीएमके के 172 विधायकों में से 30 (17.44 प्रतिशत) विधायक वंशवादी प्रोडक्ट हैं। आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी के 56 में से 15 विधायक (26.78 प्रतिशत) वंशवादी प्रोडक्ट हैं। वंशवाद का तात्पर्य प्रत्यक्ष वंशजों या विवाह से जुड़े रिश्तेदारों से है। मसलन बेटे-बेटियां, माता-पिता, भाई-बहन, ससुराल वाले, चचेरे भाई-बहन, चाची-भतीजे। तमिलनाडु से लेकर कश्मीर, महाराष्ट्र से लेकर ओड़ीशा, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर तक की शीर्ष पार्टियों को मिलाकर 149 परिवारों के एक से ज्यादा सदस्य यानि कुल 337 नेता वर्तमान में राज्य विधानसभाओं या संसद के दोनों सदनों में विराजमान हैं।

छह केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, पांच केंद्रीय राज्य मंत्री, नौ मुख्यमंत्री, सात उप-मुख्यमंत्री, 35 राज्य मंत्री और दो विधानसभा अध्यक्ष परिवारवाद के उत्पाद हैं, और इन 149 परिवारों में से 23 परिवारों के दो-दो से ज्यादा सदस्य राज्य विधानसभाओं या संसद में शोभायमान हैं। इन 149 परिवारों का पार्टीवार ब्यौरा देखना भी बड़ा रोचक है। इन परिवारों में भाजपा 84 विधायकों के साथ शीर्ष पर है उसके बाद कांग्रेस 73 विधायकों के साथ दूसरे स्थान पर है। कुल मिलाकर, इन विधायकों में पिता और पुत्रों के 49 जोड़े, पिता और पुत्रियों के 14 जोड़े, माता और पुत्रों के सात जोड़े और माता और पुत्रियों के चार जोड़े शामिल हैं। 80 भाई-बहन और 21 विवाहित जोड़े हैं। इस सूची में 26 चचेरे भाई-बहन, चाचा-भतीजों के 17 जोड़े, और दो चाची-भतीजे व अन्य सदस्य भी शामिल हैं। इन 149 परिवारों में 27 ऐसे हैं जिनके सदस्य पूरी तरह से भाजपा से जुड़े हैं, जबकि 23 ऐसे हैं जिनके विधायक भाजपा और अन्य दलों या निर्दलीय हैं। इसी तरह, 32 परिवार पूरी तरह से कांग्रेस से जुड़े हैं, जिनमें से पांच अन्य दलों के विधायकों के साथ हैं।इन दिग्गजों में शामिल हैं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उनके विधायक पुत्र पंकज सिंह। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके पुत्र प्रियांक खड़गे, जो कर्नाटक के मंत्री और विधायक हैं। महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके पुत्र श्रीकांत शिंदे, जो लोकसभा सांसद हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके छोटे पुत्र यतींद्र, जो विधान परिषद सदस्य हैं। इस सूची में सबसे ऊपर आने वाला परिवार जाना-माना है। इनमें सबसे शीर्ष पर है गांधी परिवार (कांग्रेस)। उसके बाद सिंधिया परिवार (भाजपा)। नायडू परिवार (तेदेपा) और दिवंगत मुलायम सिंह यादव और उनके पुत्र अखिलेश यादव (सपा) का वृहत्तर परिवार। लालू प्रसाद (राजद), शरद पवार (राकांपा गुट), एचडी देवगौड़ा (जेडीएस), वाईएस जगनमोहन (वाईएसआरसीपी), के चंद्रशेखर राव (बीआरएस) और बीएस येदियुरप्पा (भाजपा) और एमके स्टालिन (द्रमुक) परिवारवाद के सिरमौर हैं।मुलायम-अखिलेश परिवार के वर्तमान पदधारी नेताओं की पारिवारिक सूची में सबसे अधिक आठ सदस्य हैं। इनमें पांच सदस्य लोकसभा में, एक राज्यसभा में और दो विधानसभा में हैं। फिर कर्नाटक के चार जारकीहोली बंधु जैसे लोग हैं जो कई पार्टियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। बालचंद्र और रमेश भाजपा विधायक हैं। सतीश कांग्रेस विधायक और राज्य मंत्री हैं। उनकी बेटी प्रियंका पार्टी सांसद हैं और लखन एक निर्दलीय एमएलसी हैं। पूर्वोत्तर के संगमा समुदाय का भी विशेष स्थान है। पूर्व स्पीकर दिवंगत पीए संगमा के पुत्र मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा की पत्नी, चाचा और बहनोई भी विधायक हैं।दो अन्य मामले ऐसे हैं जो ऊपर सूचीबद्ध मानदंडों पर खरे नहीं उतरते, लेकिन फिर भी महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान विधायक जो वर्तमान राज्यपालों के रिश्तेदार हैं। गोवा के राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू की बेटी पुसापति अदिति विजयलक्ष्मी गजपति राजू, विजयनगरम से टीडीपी विधायक हैं। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देबबर्मन की भतीजी कृति देवी देबबर्मन, त्रिपुरा पूर्व से भाजपा की लोकसभा सांसद हैं।

कुल मिलाकर देश के 5,294 मौजूदा सांसद, विधायक और विधान पार्षद में 989 परिवारों के 1174 वंशज हैं। ये सब एक राजनीतिक वंश से ताल्लुक रखते हैं और पारिवारिक विरासत का लाभ उठाते हैं। भाजपा के 2,078 (सांसद, विधायक और एमएलसी) पदधारकों की सूची में 387 वंशवादी (18.62 प्रतिशत) में से कम से कम 83 अन्य पदों पर भी हैं, जैसे मंत्री या पार्टी पदाधिकारी। भाजपा की सूची में तीन विधानसभा अध्यक्ष महाराष्ट्र के राहुल नार्वेकर, उत्तराखंड की रितु खंडूरी और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह और कई मंत्री एवं पदाधिकारी शामिल हैं। नार्वेकर राकांपा विधान परिषद सदस्य रामराजे नाइक-निंबालकर के दामाद हैं। रितु खंडूरी पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूरी की बेटी हैं और रमन सिंह के बेटे पूर्व सांसद हैं।दिल्ली में तीनों पूर्व मुख्यमंत्रियों मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज की विरासत को उनके बच्चे हरीश खुराना (विधायक), प्रवेश वर्मा (विधायक और मंत्री) और बांसुरी स्वराज (सांसद) आगे बढ़ा रहे हैं। कांग्रेस के 857 पदधारियों में से 285 (33.26 प्रतिशत) वंशवादी-उत्पाद हैं। कांग्रेस की सूची पूरे देश में फैली हुई है, जहां दिग्गज नेताओं के परिवारों ने अपने क्षेत्रों में पार्टी का नाम और झंडा बुलंद रखा है। उदाहरण के लिए, असम के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों, हितेश्वर सैकिया और तरुण गोगोई के वंशज, गुवाहाटी और दिल्ली में पार्टी के नए चेहरे हैं। गोगोई के बेटे गौरव लोकसभा में पार्टी के उपनेता हैं और सैकिया के बेटे देवव्रत राज्य में विपक्ष के नेता हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पूर्व केंद्रीय मंत्री एस जयपाल रेड्डी के भाई के दामाद हैं। अन्य प्रमुख कांग्रेसी वंशवादियों में पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश पायलट के पुत्र सचिन पायलट (राजस्थान), पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की पुत्री अनुपमा रावत (उत्तराखंड), पूर्व मुख्यमंत्री अमरसिंह चौधरी के पुत्र तुषार अमर सिंह चौधरी (गुजरात), विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पुत्र दीपेंद्र सिंह हुड्डा (हरियाणा) और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह (हिमाचल) शामिल हैं। इस सूची में शामिल अन्य पार्टियां मुख्यतः क्षेत्रीय सत्ता वाले परिवारों द्वारा संचालित हैं, जैसे कि जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार, और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक। कुल मिलाकर विभिन्न सदनों में 1,174 राजवंशों, पूर्व और वर्तमान विधायकों के रिश्तेदार में कम से कम 21 केंद्रीय मंत्री, 13 मुख्यमंत्री, आठ उपमुख्यमंत्री, कम से कम 129 राज्य मंत्री, चार विधानसभा अध्यक्ष और विभिन्न सदनों में अपनी पार्टियों के 18 नेता हैं।

### मलेशिया समिट में ...

वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया हैं। भारत और आसियान के बीच द्विपक्षीय संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य उद्देश्य व्यापार और निवेश के साथ-साथ सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच बुधवार (22 अक्टूबर 2025) शाम फोन पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने आसियान और द्विपक्षीय रिश्तों पर चर्चा की। इसी दौरान पीएम मोदी ने बताया कि वे मलेशिया नहीं जा पाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले से तय कार्यक्रमों के चलते यह दौरा संभव नहीं है। भारत ने मलेशिया को सूचित कर दिया है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर आसियान बैठकों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीएम मोदी संभवत: डिजिटल माध्यम से शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले सकते हैं।

### 79 हजार करोड़ ...

भारतीय वायुसेना के लिए कोलैबोरेटिव लॉन्ग रेंज टारगेट सैचुरेशन/डिस्ट्रक्शन सिस्टम और अन्य अत्याधुनिक प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दी गई है। यह सिस्टम स्वचालित टेकऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन और लक्ष्य क्षेत्र में सटीक हमला करने की क्षमता रखता है। इससे वायुसेना की रणनीतिक हमलावर क्षमता और सटीकता में भारी बढ़ोतरी होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इन सभी प्रस्तावों से भारत की रक्षा क्षमताएं न केवल आधुनिक होंगी बल्कि स्वदेशी निर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। कई प्रणालियां देश में ही विकसित की जाएंगी, जिससे मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्यों को बल मिलेगा। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इन परियोजनाओं के लागू होने से भारत की तीनों सेनाएं एक नई ऊंचाई पर पहुंचेंगी और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार होंगी।

भारत की नौसैनिक शक्ति को मजबूती देने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने भारतीय नौसेना को स्वदेशी रूप से निर्मित पहली एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट माहे को सौंप दिया है। यह आठ युद्धपोतों की श्रृंखला में पहला जहाज है, जिसे गुरुवार को कोच्चि में औपचारिक रूप से नौसेना को डिलीवर किया गया। इस मौके पर सीएसएल के निदेशक डॉ. एस हरिकृष्णन और माहे के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर अमित चंद्र चौबे के बीच हस्ताक्षर हुए। वेस्टर्न नेवल कमांड के चीफ स्टाफ ऑफिसर रियर एडमिरल आर अधिस्रीनिवासन, वारशिप प्रोडक्शन सुपरिंटेंडेंट कमोडोर अनुप मेनन और नौसेना एवं सीएसएल के वरिष्ठ अधिकारी इस मौके पर मौजूद थे।

दूसरी तरफ, भारतीय नौसेना की द्विवार्षिक कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा कि नौसेना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को राष्ट्र का गौरव बताया और कहा कि नौसेना आज एक युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है। एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना की आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम और भविष्य की योजना पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने नौसेना के जवानों की समर्पण भावना, पेशेवर कौशल और देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में नौसेना की भूमिका को राष्ट्र के लिए गर्व का विषय भी बताया। इससे पहले बुधवार को वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी नौसेना कमांडरों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति और विभिन्न चुनौतियों से निपटने में उसकी भूमिका की प्रशंसा की थी।

नौसेना प्रमुख ने मौजूदा भू-राजनीतिक हालातों पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नौसेना की तैयारी, अनुकूलनशीलता और क्षेत्रीय सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नौसेना आज एक कॉम्बैट-रेडी और विश्वसनीय फोर्स के रूप में उभर चुकी है। उन्होंने बताया कि नौसेना ने हाल के महीनों में कई सफल ऑपरेशनों और संयुक्त मिशनों को अंजाम दिया है। साथ ही नई तकनीक, जहाजों और हथियार प्रणालियों की खरीद से नौसेना की क्षमता और बढ़ी है। उन्होंने कहा कि नौसेना 2047 तक पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

### 2027 में अंतरिक्ष ...

टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया था। यह परीक्षण श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हुआ। इस टेस्ट में यह परखा गया कि अगर अंतरिक्ष यान को पृथ्वी पर उतारना हो तो नौ पैराशूट एक साथ किस तरह काम करेंगे, ताकि क्रू मॉड्यूल सुरक्षित तरीके से समुद्र में उतर सके। इसरो प्रमुख वी नारायणन ने बताया, हमने एक सिमुलेटेड मॉड्यूल को हेलिकॉप्टर से करीब तीन किमी ऊंचाई तक ले जाकर छोड़ा, और नौ पैराशूटों की मदद से उसे सफलतापूर्वक सुरक्षित लैंड कराया गया। इसरो की इस बड़ी उपलब्धि से यह साफ है कि भारत अब मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो 2027 की शुरुआत में भारत का अपना पहला मानव मिशन अंतरिक्ष में उड़ान भरते देखा जाएगा।

### तेजस्वी बने ...

इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा, महागठबंधन को नया बिहार बनाना है। इसलिए हमलोग एकजुट हुए हैं। हमलोग इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले चुके हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के साथ एनडीए में अन्याय किया गया है। एनडीए ने एक बार भी संयुक्त प्रेस वार्ता नहीं की। अब तक मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार को घोषित नहीं किया गया है। पिछले चुनाव में भी एनडीए ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया था। लेकिन, इस बार क्या कारण है कि उन्हें सीएम फेस घोषित नहीं कर रहे हैं।

तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा, सीएम नीतीश कुमार की पार्टी को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र में सरकार हैं लेकिन देश का सबसे ज्यादा गरीब और पिछड़ा राज्य बिहार है। अभी 70 हजार का घोटाले की बात आई सीएजी की रिपोर्ट में लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सृजन घोटाला और बालिका गृह में क्या हुआ? यह सबने देखा। एनडीए सरकार में लगातार पुल गिर रहे हैं। चूहे शराब पी रहे हैं। रोज गोलियां चलती है। यहीं बगल में गोपाल खेमका की हत्या हो गई। मेरे घर के बाहर गोलियां चली लेकिन कुछ नहीं हुआ। लगातार भ्रष्टाचार और अफसरशाही से लोग परेशान हो चुकी हैं। यह लोग प्रचार में भी चले गए लेकिन एक भी एजेंडा नहीं बताया कि अगले पांच साल में क्या करेंगे। अब तक पीएम मोदी या गृह मंत्री अमित शाह ने अपना एजेंडा नहीं रखा। यह लोग महागठबंधन का नकल करने में लगे हुए है। हमलोग जिस योजना की बात करते हैं, उसका नकल यह लोग कर लेते हैं।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में राजद ने 143, कांग्रेस ने 60, भाकपा माले ने 20, वीआईपी ने 15, सीपीआई ने नौ, सीपीएम ने चार और आईआईपी ने तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। यानि कुल मिलाकर 254 सीट पर इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। 12 सीटें ऐसी हैं जहां फ्रेंडली फाइट की स्थिति बन गई है। हालांकि, कुछ सीटों से नामांकन वापस भी लिए गए। जैसे, लालगंज में राजद प्रत्याशी शिवानी शुक्ला के खिलाफ मैदान में उतरे कांग्रेस प्रत्याशी आदित्य राजा ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इसी तरह गौड़ाबौराम में वीआईपी उम्मीदवार के नामांकन के बाद राजद ने अपना उम्मीदवार वापस ले लिया। वहीं दो सीट सुगौली और मोहनिया में महागठबंधन के प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया।

60 में से 10 सीट (वारिसलीगंज, नरकटियागंज, कहलगांव, सुल्तानगंज, वैशाली, सिकंदरा, बछवाड़ा, बिहारशरीफ, करगहर और राजापाकड़ सीट) पर कांग्रेस के सामने राजद, सीपीआई और वीआईपी है। छह सीट वारिसलीगंज, नरकटियागंज, कहलगांव, सुल्तानगंज, वैशाली और सिकंदरा सीट पर राजद के उम्मीदवार कांग्रेस को चुनौती दे रहे हैं।

### भारत-ओमान के ...

संयुक्त सैन्य अभ्यास अल नजाह की सफलता पर आधारित है, जो ओमान के रबकूट ट्रेनिंग एरिया में हुआ था। उस अभ्यास में दोनों सेनाओं ने बेहतरीन तालमेल और संयुक्त ऑपरेशनल क्षमता दिखाई थी। अब इस वर्ष की स्टाफ टॉक्स के जरिए उस सहयोग को संस्थागत रूप देने और आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस वार्ता में दोनों देशों के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। भारत की ओर से ओमान में भारत के राजदूत अमित नारंग और दूतावास के रक्षा सलाहकार कैप्टन हरीश श्रीनिवासन शामिल हुए। वहीं ओमान की ओर से 11वीं ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अब्दुलकाधिम बिन इब्राहिम अल-अजमी और फ्रंटियर फोर्स के कमांडिंग अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल मसूद मुबारक अल-गाफरी ने शिरकत की।इस वार्ता के बाद दोनों देशों की सेनाओं ने एक संयुक्त लाइव-फायर डेमो किया, जिसमें लगभग 60 सैनिकों ने हिस्सा लिया। इस अभ्यास में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन जैसी परिस्थितियों में मिलकर कार्रवाई का प्रदर्शन किया गया। इसमें रेगिस्तानी इलाके में एक गांव की घेराबंदी और सफाई की सिम्युलेटेड कार्रवाई, घर-घर जाकर बंधक मुक्त कराने की ड्रिल और दोनों सेनाओं के स्नाइपर्सद्वारा सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन शामिल है। इस अभ्यास की एक खासियत थी कि इसमें भारतीय निर्मित उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल किया गया, जैसे ड्रोन, रियल-टाइम निगरानी के लिए, बैलिस्टिक शील्ड, कमरे में घुसकर कार्रवाई और बंधक सुरक्षा के लिए। इन तकनीकों ने दोनों देशों की सेनाओं की आधुनिक क्षमता और तैयारी को और मजबूत किया।

### बिहार के चार...

अमन ठाकुर दिल्ली के करवाल नगर में रहता था। उनके पास से चार सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल, एक देसी पिस्तौल और एक बलेनो कार बरामद की गई।

### लज्जा छोड़, मज्जा...

जदयू के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह के पिता और दादा विधायक और मंत्री थे। सुदर्शन कुमार जदयू के विधायक हैं और उनके माता-पिता और दादा विधायक थे। आरजेडी के यूसुफ सलाहुद्दीन के पिता महबूब अली कैसर सांसद थे और दादा चौधरी सलाहुद्दीन मंत्री थे। सिर्फ़ विधानसभा ही नहीं विधान परिषद में भी वंशवाद का बोलबाला है, जहां राबड़ी देवी सहित कुल 12 प्रतिनिधि हैं।

उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी, शकुनि चौधरी के पुत्र हैं, जो समता पार्टी के संस्थापकों में से एक थे। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पुत्र संतोष कुमार सुमन मंत्री हैं। अन्य विधायकों में पूर्व मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद के पुत्र राजवर्धन आजाद और जदयू के मंत्री अशोक चौधरी शामिल हैं, जो पूर्व मंत्री महावीर चौधरी के पुत्र हैं।

### एआईएमआईएम सदस्य...

गोली मार दी। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन इब्राहिम फरार है। भाजपा सांसद ईटाला राजेंद्र ने पुष्टि की कि गोली मारने वाले की पहचान इब्राहिम के रूप में हुई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने कहा कि एआईएमआईएम ने सुनियोजित रूप से भाजपा कार्यकर्ता पर हमला कराया है। भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार ने घटना की निंदा की और कहा, जब कांग्रेस एआईएमआईएम के उपद्रवियों को पनाह देती है तो यही होता है। बींडी संजय ने चेतावनी दी कि गौभक्तों पर हमला करने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# लव फॉर काऊ फाउंडेशन ने गौरक्षक सोनू सिंह पर हुई गोलीबारी की कड़ी निंदा की

**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गौरक्षक सोनू सिंह पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर लव फॉर काऊ फाउंडेशन ने गहरी नाराज़गी व्यक्त की और इस हमले की कड़ी निंदा की है।

संस्था द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल ने घटना की सूचना मिलते ही यशोदा अस्पताल के निदेशक सुरेंद्र रेड्डी से फोन पर बात कर गौरक्षक के उपचार को अत्यंत प्राथमिकता देने का अनुरोध किया।

अस्पताल प्रशासन ने गंभीर रूप से घायल सोनू सिंह के उपचार में किसी प्रकार की कमी न होने का आश्वासन दिया।

गुरुवार सुबह जसमत पटेल ने अस्पताल पहुँचकर घायल गौरक्षक के परिवार से भेंट की



और उन्हें धैर्य व संयम बनाए रखने तथा हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्री बंडी संजय तथा राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मण से मुलाकात कर इस विषय पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने भी घटना को गंभीर बताते हुए पार्टी स्तर पर हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

घटना के संदर्भ में संस्था के रॉयल प्लाज़ा स्थित कार्यालय में एक आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें चेयरमैन जसमत पटेल, मैनेजिंग ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, कच्छी गुजराती समाज के कार्यकारिणी सदस्य दिनेश गोसर और लक्ष जागीरदार उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जसमत पटेल ने कहा कि गौरक्षा से जुड़े लोगों पर हमले राष्ट्रीय हित और समाज की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। उन्होंने सभी गौसेवक संगठनों से एकजुट होकर ऐसे अपराधों के विरुद्ध आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

रिद्धीश जागीरदार ने तेलंगाना प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से आग्रह किया कि वे गौरक्षकों पर हो रहे लगातार हमलों पर संज्ञान लें और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

दिनेश गोसर ने कहा कि इस प्रकार की हिंसक घटनाएँ समाज में विभाजन पैदा करती हैं, इसलिए प्रशासन को ऐसे विघटनकारी तत्वों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।




# जन सेवा संघ ने छठ पूजा के लिए किशन रेड्डी सहित भाजपा नेताओं को आमंत्रित किया



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जन सेवा संघ के अध्यक्ष आर.पी. सिंह, कार्यालय प्रभारी सीताराम ठाकुर और वरिष्ठ सदस्य नारायण ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री नंदू ने केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी एवं भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र राव को छठ पूजा में आमंत्रित किया और उन्होंने आश्वासन दिया कि वे छठ पूजा में अवश्य भाग लें।

साथ ही, जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे एवं वरिष्ठ सदस्य .पी.पी. पांडेय ने भाजपा एमएलसी मलका कुमरैया को छठ पूजा में नेकलेस रोड घाट पर पधारने के लिए आमंत्रित किया।

जिस पर उन्होंने अपनी स्वीकृति देते हुए आश्वासन दिया कि वे जरूर आएंगे। और उप्पल के एमएलए भंडारी लक्ष्मा रेड्डी को जन सेवा संघ के महासचिव राजीव चौबे और वरिष्ठ सदस्य श्रीनिवास यादव ने कापरा लेक घाट पर आने के लिए आमंत्रित किया। जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जरूर आएंगे।

# विप्र फाउंडेशन जोन-16 की प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी पर समीक्षा बैठक आयोजित

**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** विप्र फाउंडेशन जोन 16, तेलंगाना द्वारा रविवार 26 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अध्यक्ष हरीकिशन ओझा की अध्यक्षता में जोन 16 कार्यालय, बेगमबाजार में संपन्न हुई।

गायत्री वंदना के पश्चात महासचिव रामदेव नांगला ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी। प्रधान संयोजक आनंद शर्मा ने बताया कि गूगल



फॉर्म के माध्यम से प्राप्त लगभग 115 विद्यार्थियों के आवेदन पत्रों की जांच पूर्ण हो चुकी है और पात्र छात्रों को सूचना उनके मोबाइल पर भेज दी गई है।कार्यक्रम में पूर्व मुख्य सचिव, तेलंगाना सरकार एस.के. शर्मा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आर.के. शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम प्रातः 10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक चलेगा, इस पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जोन 16 के मंत्रीमंडल के सदस्य, परामर्शदाता, महिला समिति, विप्र फाउंडेशन से जुड़ी सभी इकाइयों के अध्यक्ष, मंत्री एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी से समय पर उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने का आग्रह किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष हरीकिशन ओझा, महासचिव रामदेव नागला, कोषाध्यक्ष मदनगोपाल व्यास, राष्ट्रीय महासचिव भगवान व्यास बिलाल, प्रधान संयोजक आनंद शर्मा, परामर्शदाता बभुतसिंह राजपुरोहित, तथा संयोजक मंडल के सुरेश कुमार व्यास, पारीक, संदीप जायलवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# ईश्वर का वरदान है भाई बहन का रिश्ता: महेश अग्रवाल

**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाई दूज का पावन पर्व एक नारी के स्नेह, प्रेम, समर्पण एवं सामर्थ्य को स्मरण कराने का पावन दिवस है। कभी अपनी रक्षा के संकल्प लिए भाई के हाथों पर रक्षा सूत्र बाँधने वाली नारी आज अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर उसे अपने यम पाश से मुक्त कराने की सामर्थ्य का परिचय देती है।

उक्त विचार राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के संयोजक महेश अग्रवाल ने व्यक्त किये।

बेगम बाजार स्थित भूदेवी माता मंदिर के पास स्थित गौशाला के सामने जारी नियमित अन्नदान कार्यक्रम में भाईदूज के पर्व पर अपने विचार साझा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि भाई के बिना बहन अधूरी है और बिना बहन के भाई अधूरा है।

भाई बहन का रिश्ता ईश्वर का वरदान है। उन्होंने ने



कहा कि माँ, पुत्री, पत्नी, बहन और भी कई रूपों में नारी का पूरी मनुष्य जाति के लिए प्रेम, त्याग और समर्पण अकथनीय है।

आज के इस पावन दिवस पर सभी भाइयों को भी समाज की समस्त बहनों के सम्मान, सुरक्षा एवं अस्मिता की रक्षा का संकल्प लेना होगा वास्तविक अर्थों में यही भाई दूज के पावन पर्व की सार्थकता है।

इस अवसर पर महेश अग्रवाल, गोविंद राम पचेरिया, शिव भगवान, अरुण विजयवर्गी, नीलम विजयवर्गी,मीना गोयल, आशीष सहित ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# प्रतिभूति मुद्रणालय हैदराबाद में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रमों के लक्ष्यों के अनुरूप तथा कार्यपालकों/कर्मचारियों में हिन्दी के व्यावहारिक ज्ञान को विकसित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन आज दिनांक 23/10/2025 को प्रतिभूति मुद्रणालय के सम्मेलन कक्ष में किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन श्री एस. आर. वाजपे, महाप्रबंधक ने किया, इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से कहा कि इस हिन्दी कार्यशाला का विशेष उद्देश्य है, हमें भारत सरकार के उद्देश्यों को तो पूरा करना है ही साथ ही साथ रोजमर्रा के कार्यों को भाषा के माध्यम से जन भागीदारी व कार्यों में पारदर्शिता को भी बढ़ावा देना है ताकि आम जन अपनी ही भाषा में सरकारी कार्यों को समझ सकें। हमारा कार्यालय ग क्षेत्र हैदराबाद में होने के नाते यहाँ हिन्दी की स्थिति अन्य दक्षिण भारत के राज्यों से बेहतर है। इस कार्यशाला में नामित अधिकांश कर्मचारी हिन्दीत्तर राज्यों से है और अनेक कर्मचारियों का यह पहला कार्यशाला प्रशिक्षण है। मुझे उम्मीद है कि कार्यशाला में प्रशिक्षण के उपरांत निश्चित रूप से आपकी मानसिकता में बदलाव आएगा तथा आप अपने साथी व अधीनस्थ कर्मचारियों को भी हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रेरित कर सकोगे, कार्यशाला की सार्थकता इसी में है कि इस प्रशिक्षण के पश्चात उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थी उन्हें सौंपे गए सरकारी कार्य को हिन्दी में निपटाने के प्रयास करेंगे।

इस कार्यशाला को दो सत्रों में विभाजित किया गया था, प्रथम सत्र में भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं सांविधिक उपबंधों, अधिनियमों एवं नियमों की जानकारी दी गई तथा हिन्दी के प्रति सरकारी कर्मचारियों के उत्तरदायित्व से सभी को अवगत करवाया गया। द्वितीय सत्र में सरकारी तंत्र में सम्प्रेषण की महत्ता, पत्राचार के प्रकार व नवीनतम हिन्दी टूल का उपयोग करते हुए सरकारी काम-काज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के उपाय साझा किए गए व अभ्यास करवाया गया, कार्यशाला के दोनों सत्र आडिओ-विजुअल एवं परस्पर संवादात्मक रूप में सम्पन्न किए गए। संकाय के रूप में श्री संदेश कुमार यादव, प्रबंधक (राजभाषा), भारत सरकार टकसाल, हैदराबाद कार्यशाला में उपस्थित थे जिन्होंने बड़े ही व्यावहारिक रूप में विषय की जानकारी दी तथा कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया तथा प्रशिक्षार्थियों द्वारा किए गए अभ्यास का पुनरीक्षण किया। श्री संतोष साव, पर्यवेक्षक (राजभाषा) के धन्यवाद प्रस्ताव से एक दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ।



रहीमपुर कुमार यादव अशोक यादव द्वारा आयोजित सदर कार्यक्रम में उपस्थित श्री परशुराम सेवा मंडल संस्थापक अध्यक्ष नवरत्न इंदौरिया लोकेश इंदौरिया महेंद्र यादव व अन्य।

# डॉ. बी. अनुराधा को एलबी नगर जोन की डीसीपी का कार्यभार संभालने पर बधाई



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एन.के. सिंह और अमरजीत सिंह ने डॉ. बी. अनुराधा को एल.बी. नगर ज़ोन की उप पुलिस आयुक्त (डीसीपी) के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने इस अवसर पर डॉ. अनुराधा को दीवाली पर्व की भी मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं और उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और जनसुरक्षा को और सुदृढ़ होने की आशा व्यक्त की।

दोनों नेताओं ने कहा कि डॉ. अनुराधा जैसी अनुभवी अधिकारी का नेतृत्व नागरिकों के लिए प्रेरणादायक रहेगा तथा पुलिस प्रशासन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा।



तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री राजनरसिम्हा, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के भाई कृष्णा रेड्डी, बहादुरपुरा विधायक मो. मुबीन, याकुतपुरा विधायक जाफर हुसैन मिराज, पूर्व गृह मंत्री मो. महमूद अली, नामपल्ली विधायक माजिद हुसैन, उस्मानिया हास्पिटल आरएमओ डॉ. रफीक, चारमीनार विधायक जुल्फिकार अली एवं एमएलसी रहमत अली बेग को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए पहाडी श्याम मंदिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया ।

# जिनेश्वरधाम मंदिर द्वारउद्घाटन एवं भगवान को लड्डु अर्पण कार्यक्रम सम्पन्न



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** काचीगुडा स्थित श्री अचलगच्छ जैन संघ संचालित श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम मंदिर में भगवान महावीर निर्वाण कल्याणक महोत्सव अंतर्गत विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।

यहाँ जारी एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में संघ के चेयरमैन रमणीक नागडा एवं मैनेजिंग ट्रस्टी पोपटलाल छेड़ा ने बताया कि शांतमूर्ति प.पू. सा.श्री चारूदर्शनाश्रीजी म.सा., प.पू.सा.श्री कैवल्यदर्शनाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा 2 की चातुर्मास शुभनिश्रा में भगवान महावीर निर्वाण कल्याणक एवं नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में मंदिर द्वारउद्घाटन, गौतम स्वामी रास, गौतम स्वामी अनुष्ठान, श्री शांतिनाथ प्रभु को लड्डु अर्पण जैसे कार्यक्रम भव्यता से सम्पन्न हुए।

अनीश छेड़ा ने बताया कि मंगलवार, 21 अक्टूबर 2025 को भगवान महावीर निर्वाण दिवस पर मंदिर में लड्डु श्री भरतभाई हरखचंद शाह परिवार की ओर से रखा गया। वहीं प्रातः श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम मंदिर का द्वारोद्घाटन श्रीमती भानुबेन देवचंद गाला परिवार (कच्छ गाम नाना आसंबिया) द्वारा किया गया। अनुष्ठान के बाद भाते का आयोजन श्रीमती काश्मीराबेन रमणीक देढिया परिवार (गाम कोटडी महादेवपुरी) की ओर से रखा गया।

उन्होंने आगे बताया कि 25 अक्टूबर (ज्ञान पंचमी) के अवसर पर ज्ञान पद की आराधना कराई जाएगी। 28 अक्टूबर को संघ में प्रतिक्रमण करने वाले एवं चातुर्मास में 72 से अधिक प्रतिक्रमण करने वालों का अभिनंदन किया जाएगा। वहीं चातुर्मास पूर्णाहुति के अवसर पर त्रिदिवसीय त्रीह्नानिका महोत्सव का आयोजन 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक किया जाएगा।

रविवार, 2 नवम्बर को प्रातः 9 बजे से नवकार महामंत्र जाप अनुष्ठान होगा, जिसमें चातुर्मास संघपती बहुमान, आयंबील ओली लाभार्थी परिवार, कार्यकर्ता, पाठशाला समूह, भोजन समिति व स्टाफ का बहुमान किया जाएगा। सोमवार, 3 नवम्बर को भक्तामर महापूजन। मंगलवार, 4 नवम्बर को सीधाचल आराधना एवं गुरु भगवंत विदाई समारोह आयोजित होगा। बुधवार, 5 नवम्बर को गुरुभगवंत ठाणा उथाणा करते हुए मातुश्री पुरबाई विशनजी हरिया निवास (बरकतपुरा, शालिनी अस्पताल के पास) जाएंगे।

संघ की ओर से चातुर्मास संघपती आरती भगत गुलाबभाई मोता से भेंट कर आगामी 2 नवम्बर को आयोजित संघपती बहुमान कार्यक्रम में उपस्थित होने का निवेदन किया गया।

कार्यक्रम में संघ के ट्रस्टी रमणीक नागडा, देवचंद गाला, नवीन मारू, भरत शाह, रिद्धीश जागीरदार, सुरेश गाला, जया जागीरदार, दमयंती छेड़ा, लक्ष्मीबेन आदि उपस्थित थे।अंत में श्री अचलगच्छ जैन संघ के पदाधिकारियों ने नगरद्वय के सभी धर्मप्रेमियों से आग्रह किया कि वे उपर्युक्त सभी धार्मिक अनुष्ठानों में पूर्ण भक्ति-श्रद्धा से सम्मिलित होकर परमात्मा शासन का लाभ प्राप्त करें एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

# जगन्नाथ मंदिर में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ अन्नकूट महोत्सव



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** खाकी अखाड़ा मठ में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन मठाधिपति श्री महंत अमृत दास खाकी के सान्निध्य में संपन्न हुआ, जिसमें तेलंगाना सरकार के राजस्व एवं बंदोबस्ती विभाग के उप सचिव टी. तुलसी, संगम पीठाधीश्वर महंत राहुल दास, वैष्णव मंडल अध्यक्ष महंत विष्णु दास, तथा समाजसेवी गोपाल राठी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ अध्यक्ष सुनील पांडेय, भाग्यनगर पुरोहित संघ अध्यक्ष गोविंद राजू महाराज, महंत अरुण दास, योगी प्रशांत दास, महंत संजय दास, माधव दास, दामु गुरु, महंत अमित शाह, महंत चेतन गिरी, रघुनंदन यादव, रंजीत यादव, पुरुषोत्तम मिश्रा, लखन तोतला, विजय चौधरी, रमेश लाल यादव, नीलेश मुंदड़ा, अमित लड्डा, अनिल मूंदड़ा, गिरिराज मिश्रा, विनोद शर्मा, संजय तोतला, पूनम मिश्रा, मनीष मलानी, आशीष कालिया, दिनेश तोतला, भरत ओझा, केशव तोतला, अमित अग्रवाल, बिहारी लाल यादव, विनोद पोरवाल, किशन यादव, योगेश यादव, गोपाल ककाडा, आनंद शर्मा, अशोक पंडित, विजय तोतला, राजेश यादव, श्याम दायमा, पुजारी श्रीकांत श्याम महाराज, राजेश महाराज, एडवोकेट प्रेमराज, पवन कुमावत, बिनोद सिंह, हरी राकेश सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महोत्सव के दौरान हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया।

# सूत्रधार साहित्यिक संस्था द्वारा विद्यार्थियों को हिन्दी सुलेख माला पुस्तकों का वितरण



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय 'सूत्रधार साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था, हैदराबाद' की ओर से जिला परिषद हाई स्कूल, यापराल के विद्यार्थियों को 'हिन्दी सुलेख माला' पुस्तक की 300 प्रतियाँ वितरित की गईं। संस्थापिका व संस्था अध्यक्ष सरिता सुराणा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा के प्रति रुचि जागृत करना और सुलेख कला को बढ़ावा देना है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हिन्दी शिक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने संयोजक की भूमिका निभाई। उन्होंने अंग्रेजी अध्यापिका शोभा रानी को अध्यक्षता हेतु आमंत्रित किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सरिता सुराणा तथा विशेष अतिथि के रूप में रवींद्र रेड्डी और खुशबू सुराणा शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। बालिकाओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। शोभा रानी ने अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि सरिता सुराणा ने अपने संबोधन में बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया और उन्हें माता-पिता व शिक्षकों का आदर करने की प्रेरणा दी।सांस्कृतिक प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने हिन्दी गीतों और कविताओं का सुंदर प्रदर्शन किया। इसके बाद 'हिन्दी सुलेख माला' पुस्तकों का वितरण और सुलेख के महत्त्व पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए।कार्यक्रम के कुशल संचालन हेतु डॉ. राजीव की सराहना हुई। कार्यक्रम के अंत में रवींद्र रेड्डी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के अध्यापक प्रभाकर राजू की भी विशेष उपस्थिति रही।यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और आनंददायक रहा।

### नेहपाल सिंह वर्मा की 89वीं जयंती पर

# 'कवियों के ख़ाके' (भाग-2) पुस्तक का लोकार्पण 26 को

**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हिन्दी लेखक संघ हैदराबाद और 'गीत चाँदनी' के संयुक्त तत्वावधान में कीर्तिशेष नेहपाल सिंह वर्मा की 89वीं जयंती अवसर पर उनकी पुस्तक 'कवियों के ख़ाके' (भाग-2) का लोकार्पण एवं चतुर्थ कवि सम्मेलन रविवार, 26 अक्तूबर 2025 को दोपहर 12:30 बजे से ईएसआई अस्पताल के पास, नाचारम, हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकार चंपालाल बैद करेंगे, जबकि लोकार्पण शायर जनाब सलाहुद्दीन नय्यर के हाथों होगा। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी कवि गोविंद अक्षय निभाएंगे। लोकार्पण समारोह में पुस्तक के पुरोवाक् लेखक डॉ. राजनारायण अवस्थी अपने विचार व्यक्त करेंगे।भाग-2 में हसन चिश्ती, इफ्तिखार नसीम, डॉ. विजय कुमार मेहता, राहगीर बनारसी, केशव चंद्र 'आलम', डॉ. रीता शुक्ला, असर गौरी, मधुकर गौड़, मरियम ग़ज़ाल सहित कई प्रमुख कवियों के जीवन और व्यक्तित्व पर लिखे गए ख़ाके प्रकाशित किए गए हैं।

कार्यक्रम में नगर के कवि काव्य पाठ कर कवि नेहपाल सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। सभी अतिथियों और सहयोगियों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में कवि संतोष कुमार मिश्र 'माधुर्य', डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, राजेश सिंह वर्मा, रत्नकला मिश्र, संगीता कूर्मि सहित कई साहित्यप्रेमियों का योगदान रहेगा। कार्यक्रम से पूर्व दोपहर 12:30 बजे से भोजन व्यवस्था रखी गई है और सभी से समय पर उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

# सरोज देवी अग्रवाल की पुण्यतिथि पर किया गया अन्नदान



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में गुरुवार को नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन पिलर नंबर 1265 ए के पास स्वर्गीय श्रीमती सरोज देवी अग्रवाल की पुण्यतिथि के अवसर पर अन्नदान किया गया।

आज की सेवा श्री श्यामलालजी रोहित कुमार जी मंगल परिवार की ओर से तथा स्वर्गीय श्रीमती उर्मिला जी धानुका की मासिक के पुण्यतिथि के अवसर पर श्री धानुका परिवार की ओर से की गई।

इस अवसर पर सतीश कुमार गुप्ता, रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, महेश अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, ई जगन चंपापेट, मनोज शर्मा, भगत राम गोयल, नंदकिशोर अग्रवाल,गोपाल गोयल, प्रतिका गोयल, कैलाश चंद केडिया, निर्मला केडिया, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, रवि शर्मा राजेश नथानी, विशाल अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, गौरव गोयल एवं ग्रुप के कई सदस्य उपस्थित थे।

# छठ पूजा की तैयारियाँ जोरों पर, बिहार समाज सेवा संघ ने किया स्थल का निरीक्षण



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बिहार समाज सेवा संघ द्वारा आयोजित वार्षिक छठ पूजा की तैयारियाँ इस समय पूरे जोश के साथ चल रही हैं। आयोजन स्थल बेबी पॉन्ड-1, नेकलेस रोड, हैदराबाद पर सफाई और सजावट का कार्य तेज़ी से जारी है।

गुरुवार को संघ के पदाधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा, अध्यक्ष मनीष तिवारी, सचिव विकास सिंह, कोषाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, पूजा इंचार्ज प्रताप गौरव सिंह, तथा ग्रीवांस कमिटी के अध्यक्ष शशि सिन्हा शामिल थे।

निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने सफाई व्यवस्था, जलस्तर और सुरक्षा प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से अपील की कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जीएचएमसी (ग्रेटर हैदराबाद म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन) के सफाईकर्मी लगातार कार्यरत हैं और आने वाले दिनों में घाट की सजावट व पूजा सामग्री की संपूर्ण व्यवस्था पूरी कर ली जाएगी। संघ ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए इस वर्ष की छठ पूजा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।



**शक्ति मां दुर्गा मन्दिर पंजेशाह, देगचीगली, हैदराबाद में कार्तिक शुक्लपक्ष के पावन अवसर पर मंदिर द्वारा गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट का आयोजन किया गया । इस शुभ अवसर पर लक्ष्मी की प्रसादी का भी वितरण किया गया। अवसर पर शक्ति उपासक सतीश शुक्ला जी महाराज एवं भारी संख्या में भक्त पधारकर दर्शन एवं अन्न और लक्ष्मी के प्रसाद का लाभ लिया।**

# भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव सम्पन्न



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अगापुरा चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर, हैदराबाद में चातुर्मास हेतु विराजमान परम पूज्य गणिनी आर्यिका रत्न 105 सौभाग्यमती माताजी के ससंघ सानिध्य में जैन श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव को बड़े धूमधाम के साथ मनाया।

इस आयोजन में परम पूज्य माताजी के पद प्रक्षालन एवं जिनवाणी भेंट करने का सौभाग्य परम धर्मानुरागी दानवीर श्रीमान रमेश गुणमाला काला (हैदराबाद परिवार) ने प्राप्त किया।

साथ ही साथ भगवान महावीर स्वामी के चरण कमलों में पावापुरी की दिव्या भाव संरचना के समक्ष 24 किलो के निर्मल लड्डू का लाभ भी आपके ही परिवार को प्राप्त हुआ। इस प्रसंग पर समाजजनोंने आपके परिवार का तिलक-माल्यार्पण करते हुए बहुमान किया।इसके साथ ही 24 अन्य महानुभावों के द्वारा भी निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया तथा उपस्थित अनेकों श्रद्धालुओं ने भी भगवान के चरण कमलों में निर्वाण लड्डू चढ़ाते हुए निर्वाण कल्याण महोत्सव को उल्लासपूर्वक मनाया।जैन समाज के लोग कार्तिक कृष्ण अमावस्या के दिन बिहार स्थित पावापुरी नामक स्थान पर भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण प्राप्त करने के कारण दीपावली पर्व को मनाते हैं तथा इसी दिन सायंकाल में आपके ही मुख्य गणधर गौतमस्वामी भगवान को केवलज्ञान प्राप्त होने के प्रसंग पर दीप जलाकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केवलज्ञान पूजा संपन्न करते हैं।दिगंबर जैन संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अनेकों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर परम पूज्य गणिनी आर्यिका सौभाग्यमती माताजी ने अपने प्रेरक प्रवचनों में कहा कि जो व्यक्ति अपनी इंद्रियों और मन पर नियंत्रण प्राप्त कर लेता है, वही दिगंबर अवस्था को प्राप्त कर त्याग-तपस्या के माध्यम से अपने कर्मों को नष्ट कर मोक्षलक्ष्मी को प्राप्त करता है।

आज के ही दिन भगवान महावीर स्वामी ने अपने समस्त कर्मों का विनाश कर निर्वाण पद को प्राप्त किया था। हम सभी उनके बताए हुए अहिंसा, अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य के मार्ग पर चलते हुए मोक्ष-सुख को प्राप्त कर सकते हैं।आने वाले रविवार 26 अक्टूबर को यहां विराजमान पूज्य गणिनी आर्यिका रत्न श्री सौभाग्यमती माताजी के संघ का पिचिक्का परिवर्तन समारोह दोपहर 1:00 बजे से आयोजित किया गया है।

# आर्ट सिल्क एसोसिएशन का दिवाली मिलन समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** द हैदराबाद होलसेल आर्ट सिल्क क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह 23 अक्टूबर, बुधवार को रिकाबगंज स्थित निजी भवन आर्ट सिल्क भवन में मध्यान्ह 1 बजे से 3 बजे तक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।उपाध्यक्ष अशोक बंसल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि संस्था के अध्यक्ष कपूरचंद गुप्ता ने सभी सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन किया। वहीं मंत्री पुरुषोत्तम गुप्ता ने सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।अशोक बंसल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से कपड़ा मार्केट के व्यापारियों के बीच पारस्परिक मेल-जोल और सहयोग की भावना को मजबूती मिलती है। सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाइयाँ दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य रोहित अग्रवाल, सुनील शर्मा, शेष कुमार गोयल, बालकिशन अग्रवाल, पंकज कुमार अग्रवाल, विजयकुमार आहूजा, गौतमचंद जैन, प्रकाश विजयवर्गीय सहित प्रमुख सदस्यों प्रभु शाह, कमल आहूजा, भारत आहूजा, लक्ष्मीनिवास मूंदड़ा, विनय जैन, नर्सिंगदास तायल, मनोज अग्रवाल, विष्णु मोदी, अनिल अग्रवाल, किरीट मसरानी, महेश गुजराती, पवन अग्रवाल, पंकज मित्तल, तिलकनारायण गर्ग एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।सह मंत्री मुकेश अग्रवाल ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Sanpa Suresh, S/o.Bhadraiah Want to change my Son Name. (Old name) SANPA CHINNI, (New name) SANPA SUHAN HARSHA, R/o. thavivarivimupally, Kothaguda, Mahabubabad, Telangana-506135 have Changed the name for All Purpose.

**CHANGE OF NAME**
I, BHEEMAPPA, Father of No.15420445N NK/AA SHIVAPPA TALAWAR of Unit: MH, Secunderabad, R/o. # 415/A, Kambar Maddi Kalabhavi, Village: Kalabhavi, Post: Kalbhavi, Sub Dist – Sampgaon, Dist: Belgaum, Karnataka – 591115, have changed my name from BHEEMAPPA to BHIMAPPA HANAMANTAPPA TALAWAR vide Affidavit signed by Advocate & Notary P. Raveendranath, B.Com., BL. on 22-10-2025.

**CHANGE OF NAME**
I, KASTUREVVA, Mother of No. 15420445N NK/AA SHIVAPPA TALAWAR of Unit: MH, Secunderabad, R/o. # 415/A, Kambar Maddi Kalabhavi, Village: Kalabhavi, Post: Kalbhavi, Sub Dist – Sampgaon, Dist: Belgaum, Karnataka – 591115, have changed my name from KASTUREVVA to KASTUREVVA BHIMAPPA TALAWAR vide Affidavit signed by Advocate & Notary P. Raveendranath, B.Com., BL. on 22-10-2025.

**CHANGE OF NAME**
I, SAVITA TALAWAR, Legally Wedded Spouse of No.15420445N NK/AA SHIVAPPA TALAWAR of Unit: MH, Secunderabad, R/o. # 415/A, Kambar Maddi Kalabhavi, Village: Kalabhavi, Post: Kalbhavi, Sub Dist – Sampgaon, Dist: Belgaum, Karnataka – 591115, have changed my name from SAVITA TALAWAR to SAVITA S TALAWAR vide Affidavit signed by Advocate & Notary P. Raveendranath, B.Com., BL. on 22-10-2025.

**CHANGE OF NAME**
I, 15420445N NK/AA SHIVAPPA TALAWAR of Unit: MH, Secunderabad, R/o. # 415/A, Kambar Maddi Kalabhavi, Village: Kalabhavi, Post: Kalbhavi, Sub Dist – Sampgaon, Dist: Belgaum, Karnataka – 591115, have changed my son name from PRAJWAL TALAWAR to PRAJWAL SHIVAPPA TALAWAR vide Affidavit signed by Advocate & Notary P. Raveendranath, B.Com., BL. on 22-10-2025.

# शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सरकार कार्यरत : कुमार दीपक



**मंचेरियाल, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ज़िला कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि सरकार सरकारी विद्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में सतत कार्य कर रही है। गुरुवार को उन्होंने भीमाराम मंडल केंद्र स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं, रसोई, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, स्वच्छता और विद्यालय रिकॉर्ड की जाँच की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मेनू के अनुसार पौष्टिक भोजन, स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ समय पर उपलब्ध कराई जाएँ। गुण-वत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके।

कलेक्टर ने शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति पर निगरानी रखने और कमजोर छात्रों को विशेष सहयोग देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में निर्माणाधीन अतिरिक्त कमरों के कार्य में तेजी लाने को कहा।

इसके पश्चात उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और शासकीय आदिवासी आश्रम बालक उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने वार्डों, दवाइयों, प्रयोगशाला की स्थिति और परिसर की स्वच्छता की समीक्षा की। उन्होंने डॉक्टरों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने और मरीजों को आवश्यक दवाएँ व बेहतर उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए।अंत में, कलेक्टर ने दामपुर गाँव में इंदिराम्मा आवास निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया और कहा कि अधिकारी लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें और सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य नियमों के अनुरूप हो, ताकि समय पर बिल स्वीकृत किए जा सकें।इस निरीक्षण दौरे के दौरान मंडल परिषद विकास अधिकारी मधुसूदन और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक प्रेमसागर राव के स्वास्थ्य को लेकर फैला दुष्प्रचार निराधार : श्रीधर



**मंचेरियाल, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल विधायक कोक्किराला प्रेमसागर राव के निजी सहायक श्रीधर ने स्पष्ट किया है कि विधायक पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनके स्वास्थ्य को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाया जा रहा दुष्प्रचार पूरी तरह निराधार है।

श्रीधर ने बताया कि विधायक प्रेमसागर राव निरंतर अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं और संबंधित विभागीय अधिकारियों से संवाद बनाए हुए हैं। उन्होंने हाल ही में कस्बे के मुख्य बाजार क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर सुझाव दिए हैं।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर विश्वास न करें, क्योंकि कुछ असामाजिक तत्व विधायक के स्वास्थ्य संबंधी झूठी बातें फैला रहे हैं।

ज्ञात हो कि बीते दिनों सोशल मीडिया पर विधायक की तबीयत बिगड़ने को लेकर अफवाहें तेजी से फैलने लगी थीं, जिन्हें विधायक कार्यालय ने अब खारिज कर दिया है।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की निरीक्षण टीमें गठित



**मंचेरियाल, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के सुचारू संचालन और मानकों में सुधार के लिए शिक्षकों की नेतृत्व वाली विशेष निरीक्षण टीमें गठित करने का निर्णय लिया है। ये टीमें नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण कर शैक्षणिक और कल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगी।

प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्च विद्यालयों के लिए छात्र संख्या के आधार पर अलग-अलग टीमें बनाई जाएंगी। विभाग का लक्ष्य इस माह के अंत तक गठन पूर्ण कर अगले महीने से निरीक्षण कार्य शुरू करना है।

निर्धारित संरचना के अनुसार-

प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय निरीक्षण टीम में एक एलएफएल प्रधानाध्यापक और दो एसजीटी (माध्यमिक कक्षा शिक्षक) होंगे।

उच्च प्राथमिक विद्यालय टीम में एक विद्यालय सहायक, एक प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक और एक एसजीटी शामिल रहेगा।

उच्च विद्यालय टीम में एक राजपत्रित प्रधानाध्यापक, सात विषय शिक्षक, एक शारीरिक निदेशक और एक नोडल अधिकारी रहेंगे।

टीमों के सदस्यों का चयन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति करेगी, जिसके लिए इच्छुक शिक्षकों से आवेदन मांगे गए हैं। प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय टीम तीन महीने में 100 स्कूलों का, जबकि उच्च प्राथमिक और उच्च विद्यालय टीमें 50-50 स्कूलों का निरीक्षण करेंगी और रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को सौंपेंगी।

निरीक्षण के दौरान छात्र-शिक्षक अनुपात, मध्याह्न भोजन व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य बुनियादी सुविधाओं का आकलन किया जाएगा। पूर्ववर्ती करीमनगर जिले में करीमनगर में आठ, जगतियाल में दस, पेद्दापल्ली में छह और राजन्ना-सिरसिला में सात टीमें गठित की जाएंगी।

# सिंगरेनी कंपनी ने गोदावरीखानी स्टेडियम में 400 मीटर ट्रैक और फुटबॉल कोर्ट का प्रस्ताव रखा

**मंचेरियाल, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) अब अपने कर्मचारियों के कल्याण और खेल सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी क्रम में कंपनी ने गोदा-वरीखानी स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आधुनिक खेल अवसंरचना विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। अधिकारियों ने बताया कि विकास कार्यों में 400 मीटर लंबा आठ लेन वाला सिंथेटिक ट्रैक, एक हरा-भरा फुटबॉल मैदान और अन्य खेल सुविधाएँ शामिल होंगी। इन पर अनुमानित व्यय लगभग 7.20 करोड़ रुपये होगा। प्रस्ताव निगम कार्यालय को भेज दिए गए हैं और उच्चाधिकारियों की स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ किया



जाएगा।सिंगरेनी के अधिकारी सिंथेटिक ट्रैक विशेषज्ञों के साथ पहले ही प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं। योजना के पूरा होने पर कर्मचारियों और उनके बच्चों को खेल अभ्यास, शारीरिक फिटनेस एवं भर्ती परीक्षाओं की तैयारी में लाभ होगा। वर्तमान में कई कर्मचारी इस स्टेडियम का उपयोग टहलने और व्यायाम के लिए करते हैं। इसके अतिरिक्त, एससीसीएल गोदावरी नदी किनारे सम्मक्का-सारलम्मा जतारा स्थल और गोदावरीखानी के बाहरी इलाके में स्थित इनटेक वेल के बीच 20 एकड़ में एक वैकल्पिक मैदान विकसित करने की भी योजना बना रही है। वर्तमान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, जहाँ अब तक जनसभाएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते थे, के आधुनिकीकरण के चलते ऐसे आयोजनों के लिए नया स्थल तैयार किया जाएगा।जानकारी के अनुसार, स्टेडियम में समारोहों के लिए बने पुराने मंच को पहले ही हटा दिया गया है, ताकि विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके।

# एसआई राजशेखर ने छात्रों को पुलिस सेवाओं और साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक



**बेल्लमपल्ली, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पुलिस शहीद स्मृति सप्ताह (पुलिस झंडा दिवस) के उपलक्ष्य में मंदामरी पुलिस थाने परिसर में स्थानीय सरकारी स्कूल (फिल्टर बेड) के छात्रों के लिए 'ओपन हाउस' कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर एसआई राजशेखर ने छात्रों को पुलिस सेवाओं, कानून व्यवस्था और साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कानून का पालन और यातायात नियमों का सम्मान हर नागरिक की जिम्मेदारी है। शहीद पुलिसकर्मियों के अनुकरणीय बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं।राजशेखर ने छात्रों को साइबर अपराधों के विभिन्न रूपों, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों और शिकायत दर्ज करने के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नशे और मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में चेतावनी देते हुए ऐसे प्रलोभनों से दूर रहने की सलाह दी।महिला सुरक्षा पर बोलते हुए कुलम कुशांगा ने भरोसा केंद्र व शी टीम की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को थाने में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, जांच प्रणाली, सीसीटीवी, फिंगरप्रिंट और यातायात नियंत्रण उपकरणों की जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान छात्रों को डायल 100 सेवा की त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली का प्रदर्शन कराया गया तथा हथियारों के सुरक्षित उपयोग का भी व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर एए-सआई मजीद खान, मिलिंद कुमार, अन्य पुलिस कर्मी और स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

# सीटू की 5वीं राज्य महासभा को सफल बनाने का आह्वान

**मंचेरियाल, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिला सहायक सचिव दगम राजाराम ने तेलंगाना ग्राम पंचायत कर्मचारी एवं श्रमिक संघ (सीटू) की 5वीं राज्य महासभा की सफलता के लिए सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की है। यह महासभा महबूबाबाद जिले में 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी।



बुधवार को तंडूर मंडल केंद्र के आईबी में आयोजित कार्यक्रम में महासभा से संबंधित पोस्टर जारी किए गए। इस अवसर पर दगम राजाराम ने बताया कि सम्मेलन में सीटू के अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष साईं बाबू और राज्य महासचिव कपलदुगु भास्कर उपस्थित रहेंगे।उन्होंने कहा कि पंचायत कर्मचारी गांवों की स्वच्छता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, फिर भी सरकारें उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहीं। उन्हें समय पर वेतन न मिलने और अधिकारियों द्वारा अत्यधिक कार्यभार तथा नौकरी से निकालने की धमकियों के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।राजाराम ने बताया कि आगामी महासभा में पिछले संघर्षों की समीक्षा की जाएगी तथा भविष्य की रणनीति और आंदोलन की दिशा तय की जाएगी।इस अवसर पर मोहम्मद अकाल अली, बाबा अकबर अली, जंगलपल्ली हंसराजू, इप्पा राजैया तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'तुडुंडेब्बा' विशाल जनसभा 9 दिसंबर को



**आसिफाबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आदिवासी अधिकार संघर्ष समिति 'तुडुंडेब्बा' के तत्वावधान में 9 दिसंबर को आसिफाबाद जिला मुख्यालय पर एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। इस सभा में अनुसूचित जनजातियों से संबंधित विभिन्न मांगों और सरकारी नीतियों पर चर्चा की जाएगी।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि लम्बाडा, बंजारा और सुगाली समुदाय को सरकारी आदेश संख्या 149 के तहत अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया गया था, परंतु उनकी स्थिति पर पुनर्विचार कर उन्हें अनुसूचित जनजाति सूची से हटाया जाना चाहिए। उनका कहना है कि ये समुदाय अन्य राज्यों में ओबीसी, बीसी या एससी श्रेणियों में आते हैं, इसलिए तेलंगाना में भी उन्हें उसी रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।

जनसभा में यह भी मांग रखी जाएगी कि- राज्य सरकार आदेश संख्या 3 और आदेश संख्या 317 की समीक्षा और निरस्तीकरण करें। राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों को क्षेत्रीय आदेश 2018 से बाहर रखा जाए।1/70 अधिनियम, पेसा अधिनियम, 1960 गैर-आदिवासी सूदखोरी निषेध कानून, और 2007 वन अधिकार अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

दृव. डॉ. कोनेरू रंगा राव समिति और सेवानिवृत्त आईएएस ग्लीरगानी रिपोर्ट को सार्वजनिक कर कानूनी रूप से लागू किया जाए।गैर-आदिवासी व्यापारियों और सूदखोरों के शोषण पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा वर्षों से आदिवासियों द्वारा जोती जा रही भूमि पर उन्हें स्थायी मालिकाना हक दिया जाए।

आयोजकों ने कहा कि यह सभा आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, भूमि सुधार और न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। समिति ने जिले और राज्य के सभी आदिवासी समुदायों से इस जनसभा को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# अल्पसंख्यक युवाओं के लिए अल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रस्ताव आमंत्रित



**मंचेरियाल, 22 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरति राजेश्वरी ने बताया कि अल्पसंख्यक (मुस्लिम, बौद्ध, पारसी, सिख, जैन) बेरोजगार युवाओं को अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए सरकारी और प्रतिष्ठित निजी संस्थानों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। ये प्रशिक्षण राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से संबद्ध संस्थाओं द्वारा निःशुल्क दिए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे।

प्रस्ताव भेजने वाले संस्थानों को अपना रजिस्ट्रेशन/निगमन प्रमाणपत्र, संबद्धता प्रमाणपत्र, पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न, लेखा परीक्षा रिपोर्ट, प्रशिक्षण प्रदर्शन, पाठ्यक्रम पूर्णता प्रमाणपत्र, तीसरे पक्ष द्वारा गुणवत्ता रिपोर्ट, सफलता की कहानियाँ व तस्वीरें, रोजगार और बैंक स्टेटमेंट, प्रशिक्षण केंद्रों का विवरण और कर्मचारियों की योग्यता सूची 6 नवंबर तक जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग कार्यालय, एफ-5, प्रथम तल, एकीकृत जिला कार्यालय भवन परिसर, नासपुर, जिला मंचेरियाल में जमा करना अनिवार्य है।

# सांसद पोरिका बलराम नायक के प्रयासों से मुलुगु जिला बन रहा शिक्षा का केंद्र

**महबूबाबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महबूबाबाद के सांसद पोरिका बलराम नायक के प्रयासों से मुलुगु और भद्राद्री कोठागुडेम जिलों को नई शैक्षणिक और विकासात्मक उपलब्धियाँ मिल रही हैं।केंद्रीय शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने हाल ही में तेलंगाना राज्य में चार नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी है, जिनमें से दो विद्यालय-मुलुगु और भद्राद्री कोठागुडेम जिलों में-सांसद बलराम नायक के संसदीय क्षेत्र में स्वीकृत हुए हैं। यह उनके



सतत प्रयासों और केंद्र सरकार से किए गए अनुशंसाओं का परिणाम है।

पूर्व में केंद्रीय मंत्री रहते हुए बलराम नायक ने एकीकृत आंध्र प्रदेश राज्य के विभाजन के समय किए गए वादे के अनुरूप पिछड़े आदिवासी क्षेत्र मुलुगु में एक आदिवासी विश्वविद्यालय की मंजूरी दिलाई थी।

हाल ही में दक्षिण मध्य रेलवे विभाग ने महबूबाबाद क्षेत्र में लगभग 908 करोड़ रुपये की लागत से एक मेगा मेंटेनेंस डिपो (एमएफएमडी) की स्थापना को भी स्वीकृति दी है।

सांसद के इन विकासोन्मुख कार्यों पर मुलुगु और भद्राद्री कोठागुडेम जिलों के लोगों ने खुशी जताई और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# डोंगली सहकार सोसायटी अंतर्गत इलेगांव में धान खरीदी केंद्र सक्रिय

**डोंगली, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सहकार सोसायटी डोंगली के सचिव गंगाधर ने बताया कि तेलंगाना सरकार के निर्देशों के अनुसार, डोंगली मंडल की सहकार सोसायटी के अधीन इलेगांव में धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किया गया है। अब तक किसानों से 40 किलो प्रति बोरी के हिसाब से कुल 2789 बोरियाँ खरीदी गई



हैं।सचिव ने बताया कि हाल के दिनों में अतिवृष्टि और बे-मौसमी वर्षा के कारण किसानों की फसल कटाई की गति धीमी रही है। इसके बावजूद इलेगांव केंद्र पर खरीदी कार्य ,'1त्र है। उन्होंने कहा कि महाधन, हीपरगा और शिरपुर गांवों में धान कटाई प्रारंभ हो चुकी है और जल्द ही उन किसानों की फसल की भी खरीदी की जाएगी।

# शिक्षक प्रमोद सोमाजी तमगाडगे को मिला राज्य स्तरीय आदर्श शिक्षक पुरस्कार

**किनवट, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** किनवट तहसील के अंबाडी निवासी और उत्तमज्योत आदिवासी आश्रम विद्यालय, ढाणकी के माध्यमिक शिक्षक प्रमोद सोमाजी तमगाडगे को 'बी द चेंज फाउंडेशन', शिरडी (जिला अहमदनगर, महाराष्ट्र) द्वारा राज्य स्तरीय आदर्श शिक्षक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है।



उनके इस सम्मान पर क्षेत्र में प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए प्रयासों और शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण ने अनेक छात्रों को प्रेरित किया है।गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में उनके योगदान के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रमोद तमगाडगे को इस उपलब्धि पर शिक्षकों, अभिभावकों और समाजसेवी संस्थाओं द्वारा हार्दिक बधाइयाँ दी जा रही हैं।



जुक्कल विधायक थोटा लक्ष्मी कांता राव बुधवार रात कांग्रेस कार्यकर्ता संतोष मेस्त्री के निवास पर आयोजित दीपावली पूजा में विशेष रूप से शामिल हुए। संतोष मेस्त्री और उनके परिवार ने विधायक का शॉल और गुलदस्ता भेंटकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया और सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। संतोष मेस्त्री परिवार द्वारा अतिथियों के लिए सुरुचिपूर्ण भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के मदनूर, डोंगली और मंडल क्षेत्र के प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

# मदनूर मंडल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज पर्व



**मदनूर, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दीवाली के समापन अवसर पर संयुक्त मदनूर मंडल में भाई दूज पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। हिंदू पंचांग के अनुसार यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की आरती उतारी, तिलक लगाया और उनके जीवन में सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार स्वरूप प्रेम और स्नेह की अभिव्यक्ति दी। घर-घर में स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था रही और पूरे क्षेत्र में पारिवारिक स्नेह का वातावरण देखने को मिला।

# कैबिनेट ने तेलंगाना स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए दो बच्चों की सीमा को हटाने को मंजूरी दी




**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए लागू दो बच्चों के नियम को समाप्त करने हेतु अध्यादेश जारी करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

मंत्रिमंडल ने तेलंगाना पंचायत राज अधिनियम, 2018 की धारा 21(3) को हटाने को मंजूरी दी, जो दो से अधिक बच्चों वाले उम्मीदवारों को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने से रोकती थी। सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि विधानसभा का सत्रावसान हो जाने के कारण, इस धारा को हटाने के लिए अध्यादेश का मसौदा राज्यपाल के पास मंजूरी हेतु भेजा जाएगा।

दो बच्चों का यह मानदंड पहले वर्ष 1994 में अविभाजित आंध्र प्रदेश में लागू किया गया था और इसे 2018 के पंचायत राज अधिनियम में तेलंगाना ने जारी रखा था। इससे पहले की कैबिनेट बैठक में भी इस विषय पर चर्चा कर सैद्धांतिक रूप से नियम समाप्त करने का निर्णय लिया गया था। उल्लेखनीय है कि आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों ने यह नियम पहले ही खत्म कर दिया है।

मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया कि सरकार को उच्च न्यायालय के अंतरिम निर्णय और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के मद्देनजर कानूनी सलाह के अनुसार आगे बढ़ना होगा। न्यायालय ने स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण देने वाले सरकारी आदेश पर रोक लगा रखी है।

स्थानीय निकाय चुनावों के आयोजन पर चर्चा करते हुए मंत्रिमंडल ने कहा कि इस संबंध में एक याचिका पर 3 नवंबर को सुनवाई होगी, जिसके बाद अदालत के आदेशों के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी। पिछड़ा वर्ग आरक्षण और चुनावों पर चर्चा हेतु कैबिनेट की अगली बैठक 7 नवंबर को होगी।

मंत्रिमंडल ने श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) परियोजना के कार्य को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। इसे दुनिया की सबसे लंबी सुरंग परियोजनाओं में से एक कहा जाता है। शेष कार्य अत्याधुनिक ड्रिलिंग तकनीक से पूरा किया जाएगा। इस परियोजना से 3.50 लाख एकड़ भूमि को गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से जल उपलब्ध होगा तथा नलगोंडा जिले के फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों को सिंचाई और पेयजल प्राप्त होगा।

अब तक 44 किलोमीटर में से 35 किलोमीटर सुरंग खुदाई का कार्य पूरा हो चुका है। 22 फरवरी को सुरंग की छत गिरने की दुर्घटना में आठ मजदूरों की मृत्यु होने के बाद कार्य रोक दिया गया था। अब शेष 9 किलोमीटर का कार्य पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उन्नत तकनीक से पूरा किया जाएगा। परियोजना का समापन जून 2028 तक करने का लक्ष्य तय किया गया है।

कैबिनेट ने राज्य में निर्माणाधीन चार सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों – वारंगल, एलबी नगर (टीआईएमएस), सनथ नगर (टीआईएमएस) और अलवाल (टीआईएमएस) – के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।साथ ही, राज्य में 1500 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण इकाइयों की स्थापना को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। विद्युत विभाग को यह तय करने का निर्देश दिया गया कि इन इकाइयों का निर्माण किन स्थानों पर किया जाए।कैबिनेट ने रामागुंडम स्थित 52 वर्ष पुराने रामागुंडम थर्मल स्टेशन (आरटीएस–बी, 62.5 मेगावाट इकाई) को हटाने को भी मंजूरी दी, क्योंकि उसकी निर्धारित अवधि समाप्त हो चुकी है। विद्युत विभाग को राज्य की वर्तमान आवश्यकताओं और अगले दस वर्षों की मांग के अनुसार दीर्घकालिक ऊर्जा योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विधायकों के दलबदल पर बोले पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी

# गलत समझें तो इस्तीफा देने को तैयार




**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बांसवाड़ा के विधायक पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी ने गुरुवार, 23 अक्टूबर को कहा कि वे बीआरएस विधायकों के दलबदल से जुड़े मामले में तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद के किसी भी फैसले का सम्मानपूर्वक स्वागत करेंगे।

एक बैठक में अपने समर्थकों से बातचीत करते हुए रेड्डी ने बताया कि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को सूचित किया है कि उन्होंने 2023 का विधानसभा चुनाव भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के टिकट पर जीता था और तकनीकी रूप से वे अभी भी पार्टी के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि उनका यह निर्णय केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए था। यदि उनके समर्थकों को लगता है कि यह निर्णय गलत है, तो वे इस्तीफा देने को तैयार हैं। रेड्डी ने कहा, अगर आपको लगता है कि मैंने गलत फैसला लिया है, तो आप मुझे चप्पल से मार सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चाहे पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) हों या वर्तमान मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, दोनों ही अपने-अपने क्षेत्रों के विकास के लिए धन आवंटन में सदैव उदार रहे हैं।

# अमेरिकी एयरलाइन साउथवेस्ट हैदराबाद में स्थापित करेगी वैश्विक नवाचार केंद्र



**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** यात्रियों की संख्या के आधार पर 2023 तक उत्तरी अमेरिका की चौथी सबसे बड़ी एयरलाइन साउथवेस्ट एयरलाइंस ने हैदराबाद में अपना वैश्विक नवाचार केंद्र स्थापित करने की योजना की घोषणा की है।एयरलाइन के प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सूचना अधिकारी लॉरेन वुड्स, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी टॉम मेरिट और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इस प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार, 23 अक्टूबर को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से भेंट कर यह घोषणा की।मुख्यमंत्री ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम राज्य की तकनीकी और आर्थिक प्रगति में एक बड़ा योगदान सिद्ध होगा। उन्होंने तेलंगाना राइजिंग 2047 विजन का उल्लेख करते हुए बताया कि सरकार का लक्ष्य 2034 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचाना है, जिसे ऐसे अंतरराष्ट्रीय सहयोगों से गति मिलेगी।

बैठक में विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन और मुख्यमंत्री के विशेष सचिव बी. अजीत रेड्डी भी उपस्थित थे।

# मेगा जॉब मेला – बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान : गड्डम विनोद

**बेल्लमपल्ली, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड द्वारा 26 अक्टूबर को बेल्लमपल्ली नगर में आयोजित किए जाने वाले मेगा जॉब मेला से संबंधित पोस्टर का गुरुवार को हैदराबाद स्थित सिंगरेनी भवन में विमोचन किया गया।

इस अवसर पर बेल्लमपल्ली विधायक श्री गड्डम विनोद, भूपालपल्ली विधायक श्री गंद्रा सत्यनारायण राव, तथा सिंगरेनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री एन. बालाराम उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक श्री गड्डम विनोद और सीएमडी श्री एन. बालाराम ने कहा कि राज्य सरकार के बेरोजगार युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लक्ष्य के अनुरूप, सिंगरेनी की ओर से यह मेगा जॉब मेला इस रविवार बेल्लमपल्ली में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 80 से अधिक निजी कंपनियाँ भाग ले रही हैं। उन्होंने क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं से इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाने की अपील की।



उन्होंने बताया कि जो उम्मीदवार इस जॉब मेले में भाग लेना चाहते हैं, वे पोस्टर पर दिए गए ट्ठ कोड को स्कैन कर अग्रिम रूप से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। इस मेगा जॉब मेले के माध्यम से बेरोजगार युवा अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप नौकरियाँ चुन सकेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले सिंगरेनी द्वारा रामागुंडम, वायर, मधीरा और भूपालपल्ली में आयोजित किए गए जॉब मेलों के माध्यम से अब तक 12,000 से अधिक युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार अवसर प्रदान किए जा चुके हैं।

विधायक श्री गड्डम विनोद ने युवाओं के लिए इस तरह की लाभदायक पहल करने हेतु सिंगरेनी प्रबंधन की विशेष रूप से सराहना की।

इस अवसर पर जीएम (कोऑर्डिनेशन एवं मार्केटिंग) श्री टी. श्रीनिवास भी उपस्थित रहे।

# तेलंगाना ने मार्च 2026 एसएससी परीक्षाओं के शुल्क प्रेषण कार्यक्रम की घोषणा की

**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के सरकारी परीक्षा निदेशक (उऋए) ने गुरुवार, 23 अक्टूबर को मार्च 2026 में होने वाली एसएससी/ ओएसएससी/ व्यावसायिक सार्वजनिक परीक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क प्रेषण अनुसूची जारी की है।अभ्यर्थियों को अपने संबंधित प्रधानाध्यापकों को परीक्षा शुल्क 30 अक्टूबर से 11 नवंबर के बीच जमा करना होगा। इस निर्धारित अवधि के बाद:15 नवंबर से 29 नवंबर तक भुगतान करने पर 50 विलंब शुल्क,2 दिसंबर से 11 दिसंबर तक 200 विलंब शुल्क,15 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 500 विलंब शुल्क लगाया जाएगा।तीन से अधिक विषयों में शामिल अभ्यर्थियों के लिए 125 परीक्षा शुल्क निर्धारित है, जबकि तीन या उससे कम विषयों में शामिल छात्रों के लिए 110 शुल्क देय है। व्यावसायिक परीक्षार्थियों को अतिरिक्त 60 का भुगतान करना होगा। सरकार के आदेशानुसार अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों को परीक्षा शुल्क से छूट दी गई है।

# सिंगरेनी ने क्रिटिकल मिनरल सेक्टर में उठाया एक और बड़ा कदम

**बेल्लमपल्ली, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अपने व्यवसाय विविधीकरण रणनीति के तहत सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड ने क्रिटिकल मिनरल सेक्टर में प्रवेश की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार, डउउड ने सिंगरेनी परिचालन क्षेत्रों में रेयर अर्थ एलिमेंट्स की पहचान और निष्कर्षण के लिए एक प्रायोगिक संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में गुरुवार को हैदराबाद स्थित सिंगरेनी भवन में भारत सरकार के प्रमुख अनुसंधान संगठन एनएफटीडीसी के साथ एक समझौता किया गया। सिंगरेनी की ओर से चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री एन. बालाराम ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए, जबकि एनएफटीडीसी की ओर से निदेशक श्री बालासुब्रमण्यम ने हस्ताक्षर किए।विवरण बताते हुए सीएमडी श्री एन. बालाराम ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशों के तहत सिंगरेनी अपने व्यवसाय विस्तार की गति को तेज कर रही है। इसी के तहत, सिंगरेनी क्षेत्र में उपलब्ध रेयर अर्थ एलिमेंट्स की पहचान और निष्कर्षण के लिए कोठागुडेम में एक पायलट प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जिसे एनएफटीडीसी के तकनीकी सहयोग से संचालित किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह पायलट प्लांट सिंगरेनी की ओवरबर्डन मिट्टी, उसके थर्मल पावर प्लांट से उत्पन्न फ्लाई ऐश और अन्य अपशिष्ट सामग्रियों में पाए जाने वाले रेयर अर्थ एलिमेंट्स का विश्लेषण और प्रसंस्करण करेगा। इन तत्वों का प्रायोगिक उत्पादन भी किया जाएगा।

कंसंट्रेशन लेवल, उत्पादन की व्यवहार्यता और व्यावसायिक लाभप्रदता के आधार पर, डउउड भविष्य में बड़े पैमाने पर संयंत्र स्थापित करने की संभावना का भी परीक्षण करेगी।

एनएफटीडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने पहले ही सिंगरेनी क्षेत्रों में अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है और ओवरबर्डन मिट्टी एवं थर्मल पावर प्लांट की फ्लाई ऐश में कुछ महत्वपूर्ण खनिजों के अंशों की पहचान की है। उन्होंने कहा कि आगामी पायलट प्लांट इन खनिजों की उपलब्धता पर विस्तृत डेटा और जानकारी जुटाने में सहायक होगा। साथ ही, उन्होंने डउउड के साथ इस पहल पर सहयोग करने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।कार्यक्रम में निदेशक (पी एंड पी) श्री के. वेंकटेश्वरलु, जीएम (कोऑर्डिनेशन एवं मार्केटिंग) श्री टी. श्रीनिवास, जीएम (बिजनेस डेवलपमेंट) श्री रामदास, जीएम (एक्सप्लोरेशन) श्री श्रीनिवास राव, एनएफटीडीसी डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री लोकेश्वर राव और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौ रक्षक पर हमले की कड़ी निंदा

**हैदराबाद, 23 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** घटकेसर क्षेत्र में गौ रक्षक सोनू सिंह पर कथित गो–तस्करों द्वारा गोलीबारी की घटना ने समाज में व्यापक आक्रोश उत्पन्न किया है।

इस गंभीर घटना की निंदा करते हुए अशोक फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल ने राज्य सरकार से तत्काल संज्ञान लेकर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि सोनू सिंह वर्षों से शांतिपूर्ण और कानूनसम्मत तरीके से गौ संरक्षण के कार्यों से जुड़े हैं, इसलिए उन पर किया गया यह हमला पूरे समाज पर हमला माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को गौ रक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों।


**The Hyderabad Cutpiece Cloth Merchants Association**
21-1-663, 2ND FLOOR, RIKABGUNJ, HYDERABAD-500 002.
Email: info@thccma.com Website: www.thccma.com

**ELECTION NOTIFICATION**

Election notification is hereby issued for the elections of The Hyderabad Cut piece Cloth merchants Association for the year 2025-27. The elections if required will be held on Sunday 9th November 2025 at Agarwal Shiksha Samiti premises. Nominations are hereby invited for the following posts:

**PRESIDENT, VICE PRESIDENT, HON. SECRETARY, JOINT SECRETARY, TREASURER AND 15 MEMBERS OF EXECUTIVE COMMITTEE**

Office of The Hyderabad Cut piece Cloth Merchants Association will function as preliminary office of election process.

**ELECTION SCHEDULE**

1. Issue of nomination forms on Wednesday 29th October 2025 from 1 PM to 5 PM at Association office.
2. Submission of nomination forms on Friday 31st October 2025 from 1 PM to 5 PM at Association office.
3. Display of List of nomination forms received on notice board on Saturday 1st November 2025 at 1 PM.
4. Scrutiny of nomination forms on Monday 3rd November 2025 at 2 PM.
5. Withdrawal of nomination forms on Wednesday 5th November from 2 PM to 5 PM.
6. Final list of candidates after withdrawal will be displayed on notice board at 1 PM on Thursday 6th November 2025.
7. The Elections if required will be held on Sunday 9th November 2025 from 11 AM to 3 PM at Agarwal Shiksha Samiti premises Rikab Gunj, Hyderabad.
8. Results will be declared same day after counting.

**RULES AND REGULATIONS**

1. Nomination Forms will be issued to the candidates only on non refundable payment of fees as under :
   (a) ₹ 5,000/- for the post of President.
   (b) ₹ 3,000/- for the post of Hon. Secretary.
   (c) ₹ 2,000/- for the post of Vice President, Joint Secretary, Treasurer.
   (d) ₹ 1,000/- for the post of member Executive committee.
2. An amount of ₹ 5,000/- shall be deposited as Security deposit at the time of filing nomination form. If a candidate secured more than 25% votes of total valid votes their security deposit will be refunded. If a candidate fails to get 25% votes of the valid votes their security deposit will be forfeited.
3. The elections will be held ONLY based on the membership list provided by the Secretary.
4. Any type of election campaigning via newspaper is strictly prohibited. However Candidates can campaign through Whatsapp. Any use of abusive language or mud slinging by candidates or members is strictly prohibited.
5. No candidate shall be allowed to contest for more than one post.
6. One person shall be entitled to cast one vote only irrespective of his representation in more than one firm. Producing ID card issued by Association is COMPULSORY
7. For the election of Executive committee members casting 15 votes is compulsory. Casting less or more than 15 votes results to invalid vote.
8. If any candidate violates any rules during the election process The Election officer has full authority to cancel the nomination of the candidate.
9. The decision of the Election officer will be final and binding on all candidates and members.

For **THE HYDERABAD CUT PIECE CLOTH MERCHANTS ASSOCIATION**

Election Officers
MUKUND LAL AGARWAL | KAPOORCHAND GUPTA | RAJESH AGARWAL (DR)

Members Election Committee
ASHOK BANSAL | RAHUL AGARWAL | VINAY JAIN

Date 23-10-2025
Place: Hyderabad



**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय**
एन एफ सी नगर, घटकेसर,
जिला: मेडचल, तेलंगाना (पिन 501301)
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

**वाक इन इंटरव्यू**

इच्छुक और योग्य उम्मीदवार **2025-26** के लिए टीजीटी गणित, व्यावसायिक प्रशिक्षक, शैक्षिक परामर्शदाता, विशेष शिक्षक, पीआरटी पदों के लिए **25.10.2025** को हमारे विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले वॉक-इन-इंटरव्यू में उपस्थिति हो सकते हैं।

पात्रता और अन्य विवरणों के लिए हमारी वेबसाइट
https://ghatkesarnfc.kvs.ac.in/







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.